2 फरीदाबाद
अरावली : कोट गांव के जंगल की जमीन को बेचने की साजिश नाकाम

6 अभिमत
मध्यस्थता धनराशि की प्रतीक्षा में केयर्न

9 देश/विदेश
पीएम ने मन की बात में कृषि क्षेत्र में हो रहे अभिनव प्रयोगों को सराहा

11 स्पोर्ट्स
ओलंपिकः महिला खिलाड़ियों ने जगाई उम्मीद

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 169
फरीदाबाद, सोमवार, 26 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



छोटे घर में जगह कैसे बनाएं
पेज - 12



## प्रिया मलिक ने कुश्ती चैंपियनशिप में गोल्ड जीता

**बुडापेस्ट ।** हंगरी के बुडापेस्ट में चल रही वर्ल्ड कैडेट कुश्ती चैंपियनशिप में भारत की प्रिया मलिक ने 73 किलोग्राम वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। भारतीय लड़कियों ने इस इवेंट में तीन गोल्ड सहित कुल 5 मेडल जीते। प्रिया की जीत के बाद उनके कुछ भारतीय फैंस को यह गलतफहमी हो गई कि उन्होंने ओलंपिक में सफलता हासिल की है।

प्रिया ने फाइनल में बेलारूस की पहलवान को 5-0 से हराया। प्रिया के अलावा दो और भारतीय पहलवानों ने गोल्ड और दो पहलवानों ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। तन्नु ने 43 किलो में और कोमल ने 46 किलो में गोल्ड मेडल जीते। वहीं, दूसरी ओर वर्षा ने 65 किलो वेट में और अंतिम ने 53 किलो वेट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस चैंपियनशिप में भारत लड़कियों की कैटेगरी में ओवर ऑल दूसरे स्थान पर रहा। अमेरिकी टीम पहले और रूस की टीम तीसरे स्थान पर रही।

### भारी बरसात में पहाड़ की तरफ जाने से बचें पर्यटक

# हिमाचल में लैंडस्लाइड चट्टानें गिरने से पुल टूटा, नौ की मौत

**एजेंसी।** किन्नौर

**हिमाचल** प्रदेश के किन्नौर जिले में भूस्खलन के बाद पहाड़ी से चट्टानें इतनी तेजी से नीचे गिरीं कि बस्पा नदी का पुल टूट गया। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कई गाड़ियों को नुकसान हुआ है।

हादसे की जानकारी मिलते ही किन्नौर के डीसी आबिद हुसैन सादिक, एसपी एसआर राणा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया है और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। हालांकि पायनियर की सलाह है कि भारी बरसात के दिनों में पहाड़ी क्षेत्र की



### मरने वालों में ये शामिल

- प्रतीक्षा पाटिल पुत्री सुनील पाटिल, सदभावना नगर, साओनर पतंसाबांगी, नागपुर, महाराष्ट्र
- दीपा शर्मा, पुत्री राम भरोसी, हीरापथ, मानसरोवर जयपुर
- अमोघ बपत पुत्र प्रशांत बपत, एचटीपीएस कॉलोनी, अन्नपूर्णा विहार, कोरबा दाड़ी छत्तीसगढ़
- उमराब सिंह (चालक) पुत्र जुगल किशोर, रघुबीर नगर, टैगोर गार्डन, वेस्ट दिल्ली
- कुमार उल्हास वेदपाठक
- अनुराग बियानी पुत्र नंद किशोर बियानी, परश्रथ मार्ग, बजाज रोड, मधोगंज सीकर, राजस्थान
- माया देवी बियानी पत्नी नंद किशोर बियानी, परश्रथ मार्ग, बजाज रोड, मधोगंज सीकर, राजस्थान
- ऋचा बियानी पुत्री नंद किशोर बियानी, परश्रथ मार्ग, बजाज रोड, मधोगंज सीकर, राजस्थान
- सतीश कटकबर पुत्र एमएल कटकबर, छत्तीसगढ़

तरफ जाने से हमेशा बचना चाहिए, क्योंकि ऐसे मौसम में भूस्खलन की घटनाएं अत्यधिक बढ़ जाती है।

बताया जा रहा है कि हादसे में मारे गए पर्यटक महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, वेस्ट दिल्ली के हैं। जब वे छितकुल से सांगला की ओर जा रहे थे, तब बटसेरी के गुंसा के पास पुल पर चट्टानें गिर गईं और उनकी उनकी हरियाणा नंबर एचआर-55एजी-9003 की ट्रैवलर बस्पा नदी में जा गिरीं। हादसे के बाद चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनकर बटसेरी गांव के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। ग्रामीणों ने ही हादसे की खबर पुलिस और प्रशासन को दी थी। हिमाचल के किन्नौर में पत्थरों के गिरने का सिलसिला शनिवार से जारी है। शनिवार दोपहर सांगला-छितकुल संपर्क मार्ग पर बटसेरी के गुंसा के करीब एक वाहन पर चट्टान गिरी थी, जिसके चलते काफी देर तक आवाजाही बंद हो गई थी। राहत की बात ये रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई।

### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 33.02°C
न्यूनतम 27.01°C

## क्विक न्यूज

### आईपीएल यूएई में मुंबई का सामना सुपरकिंग्स से

**टोक्यो।** इंडियन प्रीमियर लीग संयुक्त अरब अमीरात में जब बहाल होगी तो 19 सितंबर को दुबई में गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स का सामना चेन्नई सुपरकिंग्स से होगा। जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में कोविड-19 संक्रमण के कई मामले आने के बाद मई में टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया गया था। टूर्नामेंट 19 सितंबर को बहाल होगा और फाइनल 15 अक्टूबर को खेला जाएगा। इसके दो दिन बाद आईसीसी टी-20 विश्वकप शुरू होगा।

### कुपवाड़ा सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, 4 आईईडी बरामद

**जम्मू।** कुपवाड़ा जिले के नादेरनाग अवूरा में रविवार को एक बड़े पत्थर के नीचे छिपाए गए चार विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए गए, जिसे निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। साथ ही तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। बता दें कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस और सेना की 41 आरआर ने इलाके में अभियान शुरू किया था। इसी दौरान एक पत्थर के नीचे चार आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किए गए।

### 'उत्तराखंड को प्रथम लाने के लिए जन सहयोग जरूरी'

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि 2027 तक प्रदेश को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि, उद्योग सहित सभी क्षेत्रों में पूरे देश में प्रथम स्थान पर लाना है, जिसके लिए जनता का सहयोग अनिवार्य है। उधमसिंह नगर जिले के तीन दिवसीय दौरे के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र खटीमा में एक कार्यक्रम में आम जनता से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको मिलकर उत्तराखंड को मॉडल राज्य बनाने का सपना साकार करना होगा। उन्होंने कहा, 2027 तक उत्तराखंड को शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि, परिवहन, उद्योग आदि समस्त क्षेत्रों में पूरे देश में प्रथम स्थान पर लाना है, जिसके लिए आप सबका का सहयोग अनिवार्य है।

### तेलंगाना के रामप्पा मंदिर को यूनेस्को ने धरोहर स्थल माना

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के वारंगल के पालमपेट में स्थित रामप्पा मंदिर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के तौर पर मान्यता दी है। यह जानकारी संस्कृति मंत्रालय ने रविवार को दी। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने ट्वीट किया, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि यूनेस्को ने तेलंगाना के वारंगल के पालमपेट में स्थित रामप्पा मंदिर को विश्व धरोहर स्थल के तौर पर मान्यता दी है। उन्होंने कहा, राष्ट्र, खासकर, तेलंगाना के लोगों की ओर से, मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। रामप्पा मंदिर का निर्माण 13वीं शताब्दी में किया गया था और इसका नाम इसके शिल्पकार रामप्पा के नाम पर रखा गया है।

### इस तरह सामने आया कुंद्रा पोर्नोग्राफी कनेक्शन, गहना वशिष्ठ बोलीं

# 'पोर्न इंडस्ट्री से जुड़े सभी नाम उजागर करूंगी'

**एजेंसी।** मुंबई

**राज** कुंद्रा के जुहू वाले बंगले और कई दफ्तरों में छापेमारी के बाद अब मुंबई पुलिस ने पोर्न फिल्म मामले में तीन लोगों को पूछताछ के लिए समन भेजा है। मुंबई पुलिस ने कहा है कि क्राइम ब्रांच की प्रॉपर्टी सेल ने एक्ट्रेस गहना वशिष्ठ समेत तीन लोगों को तलब किया है, ये सभी रविवार को ही जांच एजेंसी के सामने पेश हो सकते हैं। हालांकि, गहना मुंबई में नहीं हैं, इसलिए वह रविवार को क्राइम ब्रांच के सामने पेश नहीं हो सकीं। इस बीच गहना की तरफ से बयान आया है कि वे पुलिस को उन सभी लड़कियों और लोगों के नाम बताने को तैयार हैं, जो पोर्न इंडस्ट्री से जुड़े हैं। इसके पहले गहना वशिष्ठ ने राज का बचाव करते हुए कहा था कि उन्होंने किसी को पोर्न फिल्म शूट करने के लिए मजबूर नहीं किया। पूनम पांडे और शर्लिन चोपड़ा झूठ बोल रही हैं।

छह महीने पहले पोर्न वीडियो बनाने के केस में अरेस्ट हो चुकी 32 साल की गहना पर आरोप थे कि उन्होंने 87 पोर्न वीडियो बनाए हैं और उन्हें अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया है। इन्हें देखने के लिए पेड सब्सक्रिप्शन की जरूरत पड़ती है, जिसका चार्ज 2000 रुपये रखा गया है। पुलिस ने बताया था कि गहना स्ट्रगल कर रहीं एक्ट्रेसेस को काम का लालच देकर पोर्न वीडियो शूट करवाती थीं। काम के बदले में हर फिल्म के लिए 15 से 20 हजार रुपये देती थीं। मुंबई पुलिस ने फरवरी में एक्ट्रेस गहना वशिष्ठ सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की गईं। कथित तौर पर एक्टर्स को अश्लील फिल्म के लिए न्यूड सीन शूट करने के लिए मजबूर करने के आरोप में पुलिस ने ये कार्रवाई की थी। तब ये बात भी सामने आई थी कि शूट की गई फिल्मों को पेड मोबाइल ऐप्लिकेशन पर रिलीज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले से जुड़े एक और शख्स उमेश कामत को गिरफ्तार किया था। कामत की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को बड़ी लीड मिली और पोर्न फिल्मों के इस रैकेट में राज कुंद्रा का डर्टी कनेक्शन सामने आया।



**06** महीने पहले पोर्न वीडियो बनाने के केस में हुई थी गहना की गिरफ्तारी

गहना ने किया राज का बचाव



### छिपे लॉकर मिले सरकारी गवाह बने कर्मचारी

पुलिस को राज के अंधेरी वाले ऑफिस में एक मिस्ट्री वॉल और उसमें छिपाई गई अलमारी का पता चला है। इसके बाद शनिवार को नए सिरे से इस ऑफिस की तलाशी ली गई थी। क्राइम ब्रांच को अलमारी में कुछ बॉक्स और कई फाइलें मिली हैं, जिनमें क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी जानकारियां हैं। वहीं, कुंद्रा के चार कर्मचारी पोर्नोग्राफी केस में उनके खिलाफ सरकारी गवाह बनने को तैयार हो गए हैं। अब कुंद्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इन कर्मचारियों ने प्रॉपर्टी सेल को बताया है कि रैकेट किस तरह काम करता था।

### शिल्पा-राज के अकाउंट में विदेश से आया पैसा

मुंबई पुलिस की पूछताछ के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) राज कुंद्रा पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। ईडी कुंद्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत 26 जुलाई के बाद कभी भी मामला दर्ज कर सकती है। मुंबई पुलिस प्रोटोकॉल के मुताबिक ईडी को वित्तीय अनियमितताओं की जांच करने के लिए कहेगी, जिसमें फॉरेन एक्सचेंज वॉयलेशन भी शामिल है। मामला दर्ज करने के बाद निदेशालय अपनी जांच शुरू करने से पहले मुंबई पुलिस से एफआईआर की कॉपी लेगा। पूछताछ से पहले ईडी कुंद्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग और फेमा के तहत समन जारी कर सकती है। कुंद्रा को अश्लील फिल्में बनाना और उन्हें ऐप्स के जरिए रिलीज करने के आरोप में पुलिस हिरासत में लिया गया है। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कुंद्रा की हिरासत 27 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

### क्रिकेट सट्टेबाजी से आया पैसा

जांच में सामने आयौ कि शिल्पा के अकाउंट में एक बड़ी रकम अफ्रीका और लंदन से ट्रांसफर हुई है। इसकी जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से छिपाई गई थी। कुंद्रा के खिलाफ क्रिकेट की सट्टेबाजी के सबूत मिले हैं। शिल्पा के अकाउंट में भी इसके कुछ पैसे ट्रांसफर हुए थे। सूत्रों की मानें तो कई बार बेटिंग यानी सट्टेबाजी के दौरान एक्ट्रेस के बैंक अकाउंट का इस्तेमाल हुआ। मुंबई पुलिस का मानना है कि शिल्पा को कुंद्रा के सारे कारोबार व उससे जुड़ी दूसरी चीजों की पूरी जानकारी थी, लेकिन अब बचाने के लिए वे इससे इनकार कर रही हैं।

## ब्लिंकन की भारत यात्राः आतंकी वित्त पोषण पर होगी चर्चा



**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की 27 जुलाई से भारत की दो दिवसीय यात्रा शुरू हो रही है और इस दौरान अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद उपजे हालात तथा आतंक के वित्त पोषण और सुरक्षित पनाहगाहों के लिए पाकिस्तान पर लगातार दबाव बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। सूत्रों ने बताया कि रक्षा के क्षेत्र में दोनों पक्ष सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीके तलाशेंगे। इसके अलावा, भारत स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अंतरराष्ट्रीय यात्रा को चरणबद्ध तरीके से बहाल करने की मांग करेगा, जिसमें खासतौर पर छात्रों, पेशेवरों और कारोबारियों के लिए यात्रा नियमों में ढील तथा अन्य मानवीय मामलों के अलावा परिवारों को मिलाना सुनिश्चित करने पर जोर रहेगा।

### येदियुरप्पा को हटाना भाजपा के लिए भारी

# लिंगायत मठाधीशों की चेतावनी उन्हें हटाया तो भाजपा कष्ट भोगेगी

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के इस्तीफे के कयास लगाए जा रहे हैं। यह कहा जा रहा है कि जल्द ही नए मुख्यमंत्री पर फैसला हो सकता है। इन सबके बीच कर्नाटक के प्रभावशाली लिंगायत समुदाय के मठाधीशों ने चेतावनी दी है कि येदियुरप्पा हटे तो भाजपा को कष्ट भोगना पड़ेगा। लिंगायत समुदाय अपना समर्थन भाजपा से वापस ले लेगा। कर्नाटक में रविवार को लिंगायत समुदाय के सभी मठाधीशों ने बैठक की। बैठक में एकजुट फैसला मौजूदा मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के पक्ष में लिया गया। मठाधीशों ने कहा कि अगर येदियुरप्पा को हटाया गया, तो एक आंदोलन होगा। उधर, येदि ने कहा है कि आलाकमान का फैसला उन्हें मंजूर होगा।

कर्नाटक के मशहूर लिंगेश्वर मंदिर के मठाधीश शरनबासवलिंगा ने कहा कि दिल्ली के लोगों को नहीं पता कि कर्नाटक में चुनाव कैसे होते हैं और कैसे जीते जाते हैं? यह सरकार बीएस येदियुरप्पा ने बनाई है। इसलिए उन्हें हटाना भाजपा को बड़े कष्ट में डाल सकता है। शरनबासवलिंगा ने कहा, यहां के मठाधीश्वर और करीब पांच करोड़ लोग उम्मीद कर रहे हैं कि भाजपा के आलाकमान विचार करने के बाद फैसला लेगा। अगर बिना विचार के फैसला लिया तो राज्य के पांच हजार मठाधीश्वरों का एकजुट विरोध केंद्र को झेलना पड़ेगा। शरनबासवलिंगा बोले, हम पूरी जिंदगी के लिए येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं कह रहे, बल्कि यह कार्यकाल पूरा करने के लिए कह रहे हैं, जो उम्र को आधार बनाकर उन्हें हटाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि येदियुरप्पा की उम्र भले ही ज्यादा हो, लेकिन उनकी शक्ति बिल्कुल युवा है। यहां बूथ लेवल तक की जानकारी मौजूदा मुख्यमंत्री को है। इस कार्यकाल में कोई दूसरा मुख्यमंत्री कबूल नहीं।



### आलाकमान का फैसला होगा मंजूरः येदियुरप्पा

### लिंगायत समुदाय के मठाधीशों ने की बैठक

### 1990 से लिंगायत समुदाय भाजपा को दे रहा है समर्थन

शरनबासवलिंगा ने कहा कि 1990 से लिंगायत समुदाय भाजपा को समर्थन देता आ रहा है। इसका कारण यही है कि येदियुरप्पा लिंगायत समुदाय से हैं। उधर, कोट्टूर के वीरशैव शिवयोग मंदिर के लिंगायत समुदाय के मठाधीश्वर संगना बासव स्वामी ने कहा कि येदियुरप्पा को हटाने का षड्यंत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन का है। लेकिन कर्नाटक में लिंगायत की चलती है, संघ की नहीं। भाजपा ने 2013 के विधानसभा चुनाव में येदियुरप्पा की मदद से लिंगायत समुदाय का समर्थन हासिल किया था, लेकिन लिंगायत समुदाय तब नाराज हो गया, जब येदियुरप्पा पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते भाजपा ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया था। अलग होने के बाद येदियुरप्पा ने कर्नाटक जनता पार्टी (केजपा) बनाई थी। इसका नतीजा यह हुआ कि लिंगायत वोट कई विधानसभा सीटों में येदियुरप्पा और भाजपा के बीच बंट गया था।

### 2014 में येदियुरप्पा की भाजपा में फिर हुई वापसी

विधानसभा चुनाव में भाजपा 110 सीटों से घटकर 40 सीटों पर सिमट गई थी। वोट प्रतिशत 33.86 से घटकर 19.95 फीसद रह गया था। येदियुरप्पा की पार्टी को करीब 10 फीसद वोट मिले थे। 2014 में येदियुरप्पा की वापसी फिर भाजपा में हुई। यह येदियुरप्पा का ही कमाल था कि कर्नाटक में भाजपा ने 28 में से 17 सीटें जीतीं। कर्नाटक में लिंगायत समुदाय 17 फीसद के आसपास है। राज्य की 224 विधानसभा सीटों में से तकरीबन 90-100 सीटों पर लिंगायत समुदाय का प्रभाव है। कर्नाटक में लीडरशिप में बदलाव की खबरों के बीच येदियुरप्पा ने कहा कि हाईकमान से मुझे रविवार शाम तक सुझाव मिलने की उम्मीद थी। हाईकमान ही इस बारे में तय करेगा। आपको भी उनके फैसले के बारे में पता चल जाएगा। मुझे इसकी चिंता नहीं है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि कर्नाटक में किसी दलित को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

## पार्टी हाईकमान करेगा मंत्रिमंडल में फेरबदल

पंजाब कांग्रेस में जारी लंबी कलह अब खत्म हो गई है। वहीं अब राजस्थान में सियासी हलचल तेज हो गई है। राजस्थान में मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल की सुगबुगाहट के बीच कहा जा रहा है कि अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान करेगा। कैबिनेट विस्तार को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक से पहले पायलट गुट के नेताओं ने जमकर नारेबारी की और सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग की।

राजस्थान एआईसीसी प्रभारी अजय माकन ने पार्टी की। बैठक के बाद कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियों पर जो फैसला नेतृत्व करेगा, उसे स्वीकार करेंगे। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा, हम जल्द ही (राज्य मंत्रिमंडल विस्तार के संबंध में) अपने फैसले की घोषणा करेंगे। जिला और ब्लॉक स्तर की कांग्रेस टीमों की नियुक्ति पर कांग्रेस विधायकों से सलाह-मशविरा करने के लिए मैं 28 जुलाई और 29 जुलाई को फिर से राजस्थान का दौरा करूंगा।

## भास्कर समूह में आयकर की जांच चौथे दिन भी जारी

**एजेंसी।** भोपाल/नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार के आयकर विभाग की दैनिक भास्कर समूह में जांच रविवार को चौथे दिन भी जारी रही। इस बीच आयकर विभाग ने जांच के बीच ही एक बयान जारी कर दावा किया कि कुछ दस्तावेजों में उन्हें अनियमितताएं मिली हैं। हालांकि विधि और कर विशेषज्ञों का कहना है कि जांच के बीच में ही आयकर विभाग की ओर से बयान जारी करना बेहद असामान्य है। विभाग की अलग-अलग टीमों ने गुरुवार को दैनिक भास्कर समूह के मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, नई दिल्ली और नोएडा में कार्यालयों और 20 आवासीय परिसरों में कार्रवाई शुरू की थी।

आयकर विभाग की ओर से शनिवार रात एक बयान जारी कर दावा किया गया कि समूह में 6 साल में 700 करोड़ रुपये की आय पर टैक्स को लेकर अनियमितता नजर आई है। इसकी आगे जांच की जा रही है। साथ ही विभिन्न कंपनियों में साइक्लिकल ट्रेड, फंड ट्रांसफर और रियल एस्टेट कंपनी में लोन को लेकर भी जांच की जा रही है। आयकर विभाग ने अपने बयान में कहा है कि कंपनी के आय-व्यय के संदर्भ में परीक्षण अभी चल रहा है। विभिन्न लेनदेन और कर भुगतान के बारे में दस्तावेज देखे जा रहे हैं। हालांकि बाद में भास्कर प्रबंधन ने अपने एक बयान में कहा है कि विभाग ने जो अनियमितताएं बताई हैं, इनमें किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं है।

### 2024 लोस चुनाव

# क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय मोर्चा बनाना चाहिएः बादल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**शिरोमणि** अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने रविवार को कहा कि क्षेत्रीय दलों को एकसाथ आना चाहिए और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए एक राष्ट्रीय मोर्चा बनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के साथ उनकी पार्टी की कहानी खत्म हो गई है। बादल ने कहा कि किसानों के मुद्दे शिअद की विचारधारा के मूल में हैं और उनकी पार्टी इन पर कभी समझौता नहीं कर सकती तथा इसीलिए उसने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को लेकर भाजपा के साथ अपना दशकों पुराना गठबंधन तोड़ दिया और केंद्र सरकार से बाहर हो गई।

बादल ने एजेंसी से एक साक्षात्कार में कहा, शिअद किसानों की पार्टी है और उनके मुद्दे हमारी विचारधारा के मूल हैं। चाहे कुछ भी हो जाए और हमें जो भी कीमत चुकानी पड़े, हम इन कानूनों को पंजाब में लागू नहीं होने देंगे। किसान केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे हैं। पिछले साल सितंबर में, बादल की पत्नी हरसिमरत कौर ने विधेयकों के विरोध में केंद्रीय मंत्री का पद छोड़ दिया था। विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों का दावा है कि ये कानून न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली को खत्म कर देंगे और उन्हें बड़े कार्पोरेट की दया पर निर्भर बना देंगे। कानूनों को प्रमुख कृषि सुधारों के रूप में पेश करने वाली सरकार के साथ उनकी 10 दौर से अधिक की बातचीत दोनों पक्षों के बीच गतिरोध को तोड़ने में विफल रही है।मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ शिअद के नए गठबंधन के बारे में बादल ने कहा कि दोनों दलों के बीच गठबंधन स्थाई है और भाजपा के साथ अकाली दल की कहानी खत्म हो गई है। पार्टी के भविष्य के कदम पर बादल ने कहा कि शिअद विभिन्न क्षेत्रीय दलों से बात कर रहा है ताकि 2024 के आम चुनाव से पहले वे सभी एक मंच पर आ सकें। उन्होंने कहा, क्षेत्रीय ताकतों (दलों) को एकसाथ आने की जरूरत है।



### लोगों से बेहतर समझ रखती हैं क्षेत्रीय ताकतें

क्षेत्रीय ताकतें जमीन से अधिक जुड़ी हुई हैं और लोगों की बेहतर समझ रखती हैं। हम विभिन्न दलों से बात कर रहे हैं। क्षेत्रीय दलों को एक साथ आना चाहिए और 2024 के आम चुनाव से पहले एक मोर्चा बनाना चाहिए। मुझे विश्वास है कि 2024 से पहले यह मोर्चा बहुत मजबूत ताकत के रूप में उभरेगा। बादल ने कहा कि यह तीसरा मोर्चे के बजाय दूसरा मोर्चा होगा क्योंकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अब अखिल भारतीय पार्टी नहीं है। नए मोर्चे का मुख्य निशाना भाजपा होगी। बादल ने कहा कि पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव में अकाली दल के लिए कृषि कानून मुख्य मुद्दा होगा और यदि पार्टी सत्ता में आती है, तो यह उन सभी किसानों के परिवारों के सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करेगी, जिन्होंने कानूनों के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान अपनी जान गंवाई है।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, सोमवार, 26 जुलाई, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान

- अधिकतम 35.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 28.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- सभी दुकानें खुलेंगी: सुबह 9 बजे
- रेस्टोरेंट और बार तथा माल्स खुलने का समय: सुबह 10 बजे
- बीके अस्पताल में ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे

### निवेश गुरु

**म्यूचुअल** फंड के पोर्टफोलियो में कई शेयर, बॉन्ड और कई अन्य वित्तीय उपकरण होते हैं। परिणामस्वरूप, व्यक्ति म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश करके, विभिन्न उपकरणों में अपनी होल्डिंग को विविधता प्रदान कर सकते हैं। इसके अलावा, व्यक्ति विभिन्न म्यूचुअल फंड योजनाओं में अपनी होल्डिंग को भी विविधता प्रदान कर सकते हैं।

### यूटीलिटी न्यूज

## स्कूल समिति का पुनर्गठन

**फरीदाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूपानी फरीदाबाद के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन एवं सोशल ऑडिट बाबत बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन कर पद वितरण किया गया। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों के सामने सोशल ऑडिट 2020-21 अवलोकनार्थ रखा गया। बैठक में विद्यालय के विकास की आगामी योजना तैयार की गई। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक में सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया गया। ताकि भविष्य में वे विद्यार्थियों व विद्यालय के विकास में महती भूमिका अदा कर सकें। संदेश सोलंकी प्रधानाचार्या ने प्रबंधन समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और सभी का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा विद्यार्थियों की उन्नति के लिए बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में विद्यालय के एसएमसी इंचार्ज अमित कुमार अंग्रेजी प्रवक्ता ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

### क्विक न्यूज

## वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा शहर में चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए इस प्रकार की वारदातों में सम्मिलित आरोपियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 65 की टीम ने ऑटो चोरी करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम विक्की उर्फ दूना है जो बल्लभगढ़ का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ वाहन चोरी की धाराओं के तहत दो मुकदमे दर्ज हैं जिसमें आरोपी ने दो सीएनजी ऑटो चोरी किए थे। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को चोरी की ऑटो सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से दोनों ऑटो बरामद किए गए हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए ही चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

# अरावली : कोट गांव के जंगल की जमीन को बेचने की साजिश नाकाम

### भूमाफियाओं के दबाव में चौथी बार हुआ चकबंदी का प्रयास हुआ नाकाम

**राजेश दास।** फरीदाबाद





**सुप्रीम** कोर्ट के आदेश पर खोरी गांव में बने अवैध निर्माण को गिराया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरह अरावली के जंगलों में चारों तरफ धड़ल्ले के साथ फार्म हाउस और अन्य व्यवसायिक स्थलों का निर्माण हो रहा है। सबकुछ देखने के बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। अरावली के अन्य हिस्सों की तरह पिछले लंबे समय से कोट गांव के जंगलों को भी उजाड़ने की साजिश रची जा रही है।

कोट गांव की जमीन का करीब 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा गैर मुमकिन पहाड़ है। जिस पर भूमाफिया काफी समय से नजर लगाए बैठे हैं। एक आयुर्वेदिक कंपनी और भूमाफियाओं के दबाव में इससे पहले भी तीन बाद कोट गांव की जमीन की चकबंदी करवाने का प्रयास प्रशासन कर चुका है, लेकिन कभी सुप्रीम कोर्ट तो कभी एनजीटी के आदेशों के कारण प्रयास सफल नहीं हो पाए।

कोरोनाकाल में जब सबकुछ ठप था, उस समय प्रशासन भूमाफियाओं के दबाव में कोट गांव चकबंदी करने की प्रक्रिया चला रहा था। जिसका गांव के लोगों ने जमकर विरोध शुरू कर दिया। लोगों के विरोध को देखते हुए अब चौथी बार सरकार ने कोट गांव चकबंदी न करवाने के आदेश जारी किये हैं।

### कोरोना काल में चकबंदी प्रक्रिया

**पावर** अटॉर्नी के जरिए कोर्ट गांव की गैर मुमकिन जमीनों की खरीद फरोख्त लंबे समय से चल रही है। पावर अटॉनी ऐसे लोगों ने दी है, जिसके पास मालिकाना हक है ही नहीं। सूत्रों का कहना है कि इन गैर मुमकिन जमीनों का एक बहुत बड़ा हिस्सा एक बड़ी आयुर्वेदिक दवा बनाने वाली कंपनी ने पावर अटॉर्नी के जरिये खरीद रखा है। अभी ये लोग पर्दे के पीछे हैं। ताकि चकबंदी के बाद मालिकाना हक स्पष्ट होने पर यह लोग अपना दावा पेश कर सके। कंपनी और भूमाफियाओं के दबाव में बार-बार चकबंदी करवाने के प्रयास किये जा रहे हैं। कोरोनाकाल में जब सभी काम काज बंद थे। उस समय जिला प्रशासन ने एक बार फिर कोट गांव की चकबंदी करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। चकबंदी को लेकर बुलाई पंचायत में काफी लोगों ने विरोध भी दर्ज करवाया था।

### चकबंदी की जरूरत नहीं

**अरावली** पर्वत पर बसे कोट गांव की 3184 एकड़ कुल जमीन है। जिसमें से 2585 एकड़ हिस्सा गैर मुमकिन पहाड़ है। राजस्व रिकॉर्ड के मुताबिक गैर मुमकिन शब्द का इस्तेमाल उन जमीनों के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिन पर खेतीबाड़ी करना किसी भी हालत में सम्भव नहीं होता। कोट गांव की कुल 3184 एकड़ जमीन में से करीब 2700 एकड़ जमीन शामलात है। अर्थात इन जमीनों का मालिकाना हक ग्राम पंचायत के पास होता है। 28 नवंबर 2011 को सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब की एक शामलात जमीन के मामले में दिये गए फैसले में स्पष्ट कर दिया था कि शामलात जमीनों का मालिकाना हक ग्राम पंचायतों को दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संदर्भ में देश के सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भी लिखा था। जिसमें कहा था कि शामलात जमीन गांव के सभी लोगों की साझी है, जिसका इस्तेमाल अलग अलग नहीं बल्कि सामुहिक रूप से किया जा सकता है। इसलिए जिला प्रशासनों के माध्यम से इन जमीनों का हक पंचायतों को दिलवाया जाए। लेकिन यहां बार बार चकबंदी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### चौथी बार नाकाम हुई चकबंदी



**अरावली** पर्वत की गोद में बसे कोर्ट गांव की गैर मुमकिन शामलात जमीन पर भूमाफियाओं की लंबे समय से नजर बनी हुई है। गांव के लोगों को बरगला कर भूमाफियाओं ने पावर अटॉर्नी के जरिये इन जमीनों की खरीद फरोख्त शुरू कर दी थी। भूमाफियाओं और बड़ी कंपनियों का इन जमीनों पर अरबों रुपया लगा हुआ है। वर्ष 2011 में जिला प्रशासन ने इनके दबाव में आकर चकबंदी करने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा था। उस समय चकबंदी निदेशक रहे आइएएस अधिकारी अशोक खेमका ने चकबंदी के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था। जिसके बाद दोबारा फिर प्रशासन ने वर्ष 2013 में सरकार के पास चकबंदी का प्रस्ताव भेजा। इस बार एनजीटी को दखल देना पड़ा। एनजीटी ने अपने आदेशों में वन क्षेत्र की जमीन पर चकबंदी न करने के आदेश दिये थे। वर्ष 2018-19 में प्रशासन ने एक बार फिर चकबंदी करने की प्रकिया पूरी कर प्रस्ताव सरकार के पास भेज दिया। जिस पर ग्रामीणों ने पीएम, सीएम और आला अधिकारियों के सामने विरोध दर्ज करवाया। जिससे तीसरी बार भी प्रस्ताव रद्द करना पड़ता।

### दबाव में चकबंदी



**कोट** गांव की सरपंच मुंद्रेश के पति केसर ने बताया कि प्रशासन एक आयुर्वेदिक कंपनी के दबाव में चकबंदी करना चाहती है। कंपनी ने जमीन पावर अटॉनी के जरिये खरीद रखी है। गांव की 468 एकड़ जमीन की चकबंदी से ग्रामीणों को कोई आपति नहीं है। लेकिन जंगल की जमीन की चकबंदी के ग्रामीण खिलाफ है। पहाड़ की तलहटी पर स्थित करीब 600 एकड़ जंगल की जमीन कंपनी को देने के प्रयास हो रहे हैं।

# फीएवा ने पदोन्नति मिलने पर केंद्रीय मंत्री का किया स्वागत

### समाधान करवाने के लिए एक मांग पत्र भी सौंपा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**फरीदाबाद** एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान आकाश गुप्ता के नेतृत्व में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर को भारत सरकार में पदोन्नति दिए जाने पर उनके कैम्प कार्यालय सेक्टर 28 में बधाई एवं शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचा। उनके साथ सभी ने मिलकर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। वहां उपस्थित सभी लोगों को मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर आज उनके साथ वर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारी महासचिव गुरमीत सिंह देओल, वरिष्ठ उप प्रधान भारत बत्रा, उप प्रधान मुकेश चौधरी, सह कोषाध्यक्ष रंजीत सिंह, कार्यकारिणी के सदस्यगण गुरुदत्त कौशिक, सतीश कुमार एवं ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य रोहतास चहल, नरेंद्र धमीजा, कलेक्टर रेट रिवाइज कमेटी के चेयरमैन अनिल जटवानी के साथ-साथ संस्था के संस्थापक सदस्य पूर्व प्रधान एवं कई वरिष्ठ सदस्यगण गुरमीत सिंह पुरी, जीतराम वशिष्ठ, अर्जुन डावर, उमाशंकर गर्ग, राजवीर नेता, अजय गोयल, श्याम भारद्वाज एवं मनीष अरोड़ा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर चाय के दौरान उनसे चर्चा में रियल एस्टेट कारोबारियों को एचएसवीपी कार्यालय एवं नगर निगम विभाग में आ रही समस्याओं से संबंधित समाधान करवाने के लिए एक मांग पत्र भी सौंपा गया।

मंत्री ने वहीं मौके पर ही अपने निजी सचिव को जरूरी निर्देश देते हुए डीओ लेटर लगाकर इसे तुरंत ही मुख्य प्रशासक एचएसवीपी को भिजवाने के आदेश दिए। जल्दी ही उनसे फोन पर पूछ कर हमारी मुलाकात का समय निश्चित करवा दिये जाने का आश्वासन भी दिया गया। प्रतिनिधि मंडल एवं सस्थां की ओर से प्रधान आकाश गुप्ता एवं महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने पुनः मंत्री को शुभकामनाएं देते हुए उनका आभार प्रकट किया।

# कैलाश शर्मा बने मानव सेवा समिति फरीदाबाद के अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मानव** सेवा समिति की रविवार को राजस्थान भवन में वार्षिक आम सभा आयोजित की गई। जिसमें चुनाव अधिकारी उषा किरण शर्मा, वाईके माहेश्वरी की देखरेख में आगामी तीन साल की अविधि के लिए चुनाव कराए गए। जिसमें समिति के संस्थापक कैलाश शर्मा को समिति का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

समिति के अन्य संस्थापक अरुण बजाज को चेयरमैन, बलबीर सिंह को संरक्षक, अमर बंसल छाड़िया को चेयरमैन प्रोजेक्ट बनाया गया। महासचिव व कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सुरेंद्र जग्गा व राजेंद्र गोयनका को प्रदान की गई। उषा किरण शर्मा को चेयरमैन महिला सेल, पवन गुप्ता को मुख्य संयोजक व प्रेम पसरीजा को मुख्य सलाहकार बनाया गया है। कार्यकारिणी के शेष सदस्यों का गठन करने की जिम्मेदारी अध्यक्ष कैलाश शर्मा को प्रदान की गई है। कैलाश शर्मा ने अपने निर्वाचन के लिए मानव परिवार के सभी 618 सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि 22 साल पुरानी प्रमुख सामाजिक संस्था का अध्यक्ष बनना गर्व की बात है। उनकी कोशिश रहेगी कि समिति द्वारा जरूरतमंद भाई बहनों की सहायतार्थ जो दर्जनों सेवा प्रकल्प फरीदाबाद व पलवल जिले में चल रहे हैं।

# ज्योति गुलाटी बनीं बालिका विद्यालय की एसएमसी अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**शिक्षा** विभाग के आदेशानुसार 25 जुलाई को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनएच- तीन फरीदाबाद में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन एवं सोशल ऑडिट के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा और निवर्तमान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप की विशेष उपस्थिति रही।

बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन के बारे में बताया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने बैठक में संबोधन में सभी सदस्यों के सामने सोशल ऑडिट 2020-21 अवलोकनार्थ रखा। आय एवं खर्च के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में विद्यालय के विकास की भविष्य की योजना तैयार की गई। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक में सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया गया ताकि भविष्य में वे विद्यार्थियों व विद्यालय के विकास में महती भूमिका अदा कर सकें। रविंद्र कुमार मनचन्दा और पूर्व प्रधान दिलीप ने प्रबंधन समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों और नवनिर्वाचित प्रेसिडेंट ज्योति गुलाटी को बहुत बहुत बधाई दी। आशा व्यक्त की कि हम सब मिलकर विद्यालय और विद्यार्थियों की उन्नति के लिए बेहतर से बेहतर करने करेंगे। विद्यालय प्रबंधन समिति ने स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करने वाली बिटिया दीपिका भाटिया और किरण को भी नॉमिनेट सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

# भागवत कथा के अंतिम दिन मनाया कारगिल विजय दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**श्री राधा** सर्वेश्वर मंदिर ब्रज धाम सिद्धपीठ सभा एनआईटी फरीदाबाद में पिछले सात दिनों से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था। सभा के संस्थापक महंत मुनिराज महाराज ने भागवत कथा के अंतिम दिन को कारगिल विजय दिवस से जोड़ दिया। उन सभी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण कराया।

मुनिराज ने बताया कि कारगिल युद्ध के दौरान हमारे साथियों ने वहां प्रशासन से अनुमति लेकर भारत की विजय के लिए हवन यज्ञ किया था। इसके लिए महार रेजीमेंट के कमांडर मलिक ने हमारा सम्मान किया था तथा उस समय देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने टेलीफोन पर बधाई दी। उक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद की अनेकों संस्थाओं ने मिलकर मुनिराज जी को एक स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र सप्रेम भेंट किए। भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी मुनिराज महाराज का स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर संत सुरक्षा मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र कुमार और सचिव आचार्य संतोष कुमार भी संबोधित किया। इस अवसर पर आरएसएस के हरियाणा प्रदेश के प्रभारी गंगा शरण मिश्र ने कहा कि कारगिल में हुए शहीदों को सभी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं, लेकिन उन सेनानियों को विजय प्राप्ति का रास्ता बताने वाले भेड़ बकरी चराने वाले लोगों के बारे में कोई नहीं सोचता है। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय सेना के जवानों पर गर्व है। इस अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद समाजशास्त्री दार्शनिक प्रोफ़ेसर एमपी सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि फरीदाबाद मुनिराज जी जैसे महापुरुष अपना आशीर्वाद दे रहे हैं।

जिन्होंने कारगिल के युद्ध में भी विजय पताका के लिए अपना अहम योगदान दिया। वैसे तो भारत में अनेकों संत महंतों की विशेष भूमिका रही है। लेकिन मुनिराज का कार्य अन्य संतो से अलग और श्रेष्ठ है। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र बबली, बांके बिहारी मंदिर के महंत ललित गिरी, पटेल चौक स्थित हनुमान मंदिर के महंत महेश गिरी, नगर निगम की मेयर सुमन बाला, भाटिया सेवक समाज के अध्यक्ष मोहन सिंह भाटिया, श्रीराम धर्मार्थ अस्पताल के अध्यक्ष कमल खत्री, आईएमए की प्रधान डॉ पुनीता हसीजा, इनेलो की महिला जिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, बीजेपी एनआईटी मंडल के अध्यक्ष राधेश्याम भाटिया, आप पार्टी के नेता बिट्टू, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव विकास कुमार आदि का योगदान रहा।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




रगों में है मेरे मेहनत, जवाँमर्दी, वफादारी
मगर फिर भी चली है तँत्र की मुझपर यहाँ आरी
ऐ धरती-माँ पसीना और लोहू व्यर्थ सब मेरे
मेरी मेहनत की क़ीमत तय किया करते हैं व्यापारी

# विकास में बल्लभगढ़ विधानसभा बनेगा नंबर वन : मूलचंद शर्मा

### आदर्श नगर के सामुदायिक भवन में 72वें वन महोत्सव के अवसर पर लगाई त्रिवेणी

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़



**हरियाणा** सरकार के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कोई कसर नहीं छोडुंगा। बल्लभगढ़ विधानसभा को नंबर 1 विधानसभा बनायेगे, शहर में लगातार लगाये जा रहे हजारों पेड़ शहरवासियों को भरपूर ऑक्सीजन देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आपका विधायक और सरकार में मन्त्री होने के नाते बल्लभगढ़ के विधानसभा क्षेत्र में लोगों के बिजली, पानी, सड़क, सीवरेज, पेयजल सप्लाई, पौधारोपण अभियान, स्वच्छता, सहित गली निर्माण और तमाम मूलभूत सुविधाओं के विकास में करवाना मेरे नैतिक धर्म है।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मनुष्य के जीवन की पहली जरूरत ऑक्सीजन गैस है। यह ऑक्सीजन गैस हमें पेड़ पौधों से मिलती है और हर मनुष्य जीव को ऑक्सीजन गैस की जरूरत होती है, जो हमें केवल और केवल पेड़ पौधों से ही मिलती है। इसलिए हमें जीवन में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनका पालन पोषण करना चाहिए। ताकि आने वाली पीढ़ियों को और हमें ऑक्सीजन भरपूर मात्रा में मिलती रहे। पर्यावरण को स्वच्छ रखने का केवल एक ही उपाय है, वह है अधिक से अधिक मात्रा में पौधे लगाकर उनका पालन पोषण करना। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पेड़ है तो जीवन है और पेड़ नहीं तो जीवन नहीं। क्योंकि ऑक्सीजन हमें केवल पेड़ों से ही मिलती है। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने 72वें वन महोत्सव पर बल्लबगढ़ आदर्श नगर के सामुदायिक भवन के ग्राउंड में किया पौधा रोपण, त्रिवेणी के पौधे लगाकर की गई शुरुआत, 200 फलदार पौधे वितरित किये गए। कैबिनेट मंत्री ने एमसीएफ के अधिकारियों को सामुदायिक भवन के साथ पड़े गन्दे पानी के निकलने के लिए स्थाई समाधान करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर वन विभाग के रेंज ऑफिसर रविन्द्र सिंह और ब्लॉक ऑफिसर हेमराज पार्षद हरप्रसाद गोड़, पार्षद दीपक यादव, पूर्व पार्षद दयाचंद यादव, प्रेम खट्टर, बीरसिंह,राजबीर सिंह ,बिट्टू पंजाबी,पारस जैन, लखन बैनीवाल, योगेश शर्मा, आनंदपाल राठी,रामकिशन मास्टर,इंदरजीत, लोकेश शर्मा, वन विभाग के रेंज ऑफिसर रविन्द्र सिंह,ब्लॉक ऑफिसर हेमराज, किरण रावत,शशि भानु सहित कालोनी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रोजगार की वन टाइम रजिस्ट्रेशन तिथि बढ़ाई

### 31 जुलाई तक कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन

### ग्रुप सी व डी के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल ने बताया कि हरियाणा के युवाओं के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना वन टाइम रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ाई गई है। युवाओं को चाहिए कि वे अपना रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर अवश्य करें, सरकार द्वारा ग्रुप सी व डी की भर्तियों के लिए आवेदन करने वाले युवाओं को इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। योजना के तहत जनरल वर्ग को 500 रुपए व आरक्षित वर्ग को 250 रुपए शुल्क देकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। एक बार रजिस्ट्रेशन होने के पश्चात इसकी वैधता तीन साल तक मान्य रहेगी।

उपायुक्त ने बताया कि वन टाइम रजिस्ट्रेशन योजना सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार देने के साथ ही जटिल भर्ती प्रक्रिया व बार-बार भर्तियों के लिए फीस देने पर आर्थिक रूप से होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर इसकी शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना की शुरुआत ने कर्मचारी चयन आयोग को भी काफी राहत देने का कार्य किया है। अब आयोग को एक ही उम्मीदवार के अलग-अलग भर्तियों के लिए किए गए आवेदनों की बार-बार जांच पड़ताल नहीं करनी होगी।

उपायुक्त यशपाल ने बताया कि वन टाइम रजिस्ट्रेशन योजना की सहायता से यह कार्य एक बार में ही हो जाएगा। इस योजना की शुरुआत से भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता व योग्यता के मानदंड को अधिक मजबूती मिलेगी।

# बीके अस्पताल: सिर्फ अधिकारियों के दौरे पर बिछती हैं चादर

कविता। फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में कुछ महीनो पहले ही नए बिस्तर भेज गए थे। लेकिन यहां मौजूद बिस्तरों के गद्दे अभी से फटने लगे है। बिस्तरों पर मरीजों को चादरें तक नसीब नहीं हो रही है। ऐसा ही बीके अस्पताल में देखने को मिला। जहां मरीजों को बिस्तर तो मिल रहे हैं, लेकिन वह बिना चादरों के फटे गद्दों वाले हैं। लेकिन अधिकारियों का दौरा होने पर चादरें बिछ जाती हैं।

जानकारी के मुताबिक सरकारी अस्पताल में किसी तरह मरीजों को इलाज की सुविधा मिल रही है। लेकिन वार्डों में बैड पर बिछे गद्दों पर चादर ही गायब होती है। लेकिन





इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कहते हैं कि यहां पर सभी व्यवस्थाएं ठीक है। यहां भर्ती होने वाले मरीज चुचाप ठीक होकर घर जाना ज्यादा उचित समझते है। क्योंकि कोई शिकायत करता है तो उसकी सुनवाई होती नहीं।

## दौरा होने पर बिछती हैं चादरें

**अस्पताल** में शुक्रवार को जांच करने आई टीम के आने से पहले बिस्तरों पर चादरें बिछा दी गई थी। लेकिन दो दिनों बाद ही जच्चा बच्चा वार्ड में बिस्तरों पर चादर तक नहीं देखने को मिली। टीम के आने की सूचना पर यहां चादरे बिछ जाती है। रविवार को यहां दाखिल जच्चा-बच्चा को फटे गद्दों पर लेटे हुए देखा गया।

## नहीं मिलती चादरें

**बीके** अस्पताल में भर्ती एक महिला मरीजों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यहां चादरे मांगने पर दी नहीं जाती है।

ऐसे में या तो गंदी चादरों पर मरीजों को दाखिल रहना पड़ता है या फिर उन्हें अपने घरों से चादरें लानी पड़ती हैं। कुछ मरीज, जो अन्य जिलों से रेफर होकर आते है, उन्हें बिना चादरों के ही बिस्तरों पर भर्ती रहना पड़ता है।

### पांच दिन से परेशान

**अस्पताल** में दाखिल एक महिला ने बताया कि वह डिलीवरी वार्ड में करीब पांच दिन से दाखिल है। लेकिन यहां टीम के आने वाले दिन ही चादर उपलब्ध हुई थी। उसने बताया कि यहां जितनी भी महिलाए दाखिल हैं, उन्हें चादरें नहीं मिल रही हैं। वही एक अन्य महिला के परिजनो ने बताया कि हम घर से चादर नही लेकर आए थे। हमने कर्मचारियों से मांगा तो उन्होंने यह कहकर अपना पल्ला झाड़ दिया कि यहां चादरे नही मिलती है। अपने घर से मंगवा लो।

# महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा अब दो अगस्त तक रहेगा प्रभावी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** सरकार ने कोरोना महामारी की रोकथाम को लेकर जारी दिशा-निर्देशों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा के तहत नये नियमों की पालना सुदृढ़ता से करने को कहा है। जिला में महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा एक सप्ताह और बढ़ाया है, इसके तहत आगामी दो अगस्त तक नियमों की पालना प्रभावी ढंग से करवाने के लिए मुख्य सचिव द्वारा आदेश जारी किए हैं।




उपायुक्त यशपाल ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सप्ताह के सभी दिनों में रात्रि 11 बजे से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि होटल व मॉल में स्थित रेस्टोरेंट व बार अथवा अन्य स्थानों पर स्थित रेस्टोरेंट व बार सुबह 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक खोले जा सकेंगे। इन्हें भी कोविड-19 हिदायतों की पालना व 50 प्रतिशत क्षमता के साथ ही खोलने की अनुमति दी गयी है। साथ ही रात्रि 11 बजे तक खाद्य पदार्थों की रेस्टोरेंट से होम डिलीवरी की जा सकती है। गोल्फ कोर्स के क्लब हाउस, रेस्टोरेंट तथा बार 50 प्रतिशत क्षमता के साथ सुबह 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक खोलने की अनुमति रहेगी। गोल्फ कोर्सिज में सामाजिक दूरी तथा कोविड-19 की हिदायत अनुसार ही मेंबर व आगंतुक गोल्फ कोर्स मैनेजमेंट की अनुमति उपरांत ही खेलने के लिए मान्य होंगे। जिम सुबह 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक 50 प्रतिशत क्षमता एवं कोविड-19 की हिदायतों के साथ खोलने की अनुमति रहेगी। उन्होंने बताया कि शादी समारोह में व अंतिम संस्कार के लिए 100 व्यक्ति सभी हिदायतों के साथ एकत्रित हो सकेंगे। खुले स्थान पर 200 लोगों के एकत्रित होने की संख्या सीमित की गई है। स्पा 50 प्रतिशत क्षमता के साथ सुबह 6 बजे से सायं 8 बजे तक खोलने की अनुमति रहेगी। स्वीमिंग पुल केवल एथेलेटिक्स/स्वीमिर्स के लिए कंपीटिशन इवेंट के लिए प्रैक्टिस के लिए खुले रहेंगे। सिनेमा हॉल अधिकतम 50 प्रतिशत बैठने की क्षमता के साथ खुल सकते हैं। आईटीआई, यूनिवर्सिटी/कॉलेज केंपस शोध आदि कार्य प्रैक्टिकल क्लास तथा डाउट क्लियर करने के लिए के लिए खुले रहेंगे। उपायुक्त ने बताया कि सामाजिक दूरी, कोविड के उचित व्यवहार की जारी हिदायतों की पालना करते हुए हरियाणा स्किल डेवलेपमेंट मिशन के तहत चलाए जा रहे ओपन ट्रेनिंग सेंटर तथा कोचिंग संस्थान, पुस्तकालय व ट्रेनिंग संस्थान (सरकारी व प्राइवेट) खोले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी दुकानें सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक, सभी मॉल सुबह 10 बजे से सायं 8 बजे तक खोलने की अनुमति रहेगी। धार्मिक स्थल एक समय में 50 लोगों की अधिकतम सीमा के साथ खोले जा सकेंगे। धार्मिक स्थलों पर सेनिटाइजेशन, सामाजिक दूरी, मास्क व अन्य कोविड-19 हिदायतों की पालना करनी होगी।

उपायुक्त ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार कोचिंग संस्थान, लाईब्रेरी को भी कोविड के नियमों की दृढ़ता से पालना करने पर खोलने की अनुमति दी गई है। कॉर्पोरेट कार्यालय शत-प्रतिशत कर्मचारियों के साथ खोले जाने की अनुमति प्रदान की गई है। हालांकि ऐसे सभी कार्यालयों में कोविड-19 हिदायतों का पालन प्रभावी रूप से करना होगा। सभी निर्माण एवं औद्योगिक इकाइयों तथा संस्थाओं को कार्य करने के लिए अनुमति रहेगी हालांकि कोविड-19 हिदायतों का पालन प्रभावी रूप से करना अनिवार्य रहेगा। स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स तथा स्टेडियम केवल खेल गतिविधियों के लिए खुले रहेंगे और दर्शकों को वहां पर जाने की अनुमति नहीं होगी। खेल अधिकारियों की देखरेख में सामाजिक दूरी एवं अन्य हिदायतों की पालना सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन आदेशों को प्रभावी रूप से लागू करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा अनुपालना सुनिश्चित करवाई जाएगी।

# ट्विटर पर सूचना मिलते ही पुलिस ने बचाई गड्ढे में गिरी गाय






पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## पुलिस आयुक्त ने टीम के सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए किया प्रोत्साहित

**सोशल** मीडिया का सदुपयोग किस प्रकार करना चाहिए फरीदाबाद पुलिस का ट्विटर हैंडल इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण है। रोचक तरीकों से पुलिस प्रशासन की खबरें लोगों तक पहुंचाने वाली फरीदाबाद पुलिस के ट्विटर हैंडल पर गड्ढे में गिरी एक गाय की सूचना मिलने पर उसकी जान बचाने में पुलिस का अहम योगदान रहा है।

इंसान कुदरत की सबसे बेहतरीन बनावट है जो अपनी सद्‌बुद्धि का उपयोग करके लोगों की भलाई के नए-नए रास्ते खोल देता है और अपनी किसी भी प्रकार की समस्या या परेशानी को अपने साथी,मित्रगण या बड़े बुजुर्गों के साथ सांझा कर सकता है। परंतु सोचिए उन बेजुबान जानवरों के बारे में जो अपनी व्यथा को बोलकर बता भी नहीं सकते कि उन्हें किस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक गाय अपना पेट भरने के लिए घास खाते-खाते गड्ढे में गिर गई। वह बेजुबान यह नहीं जानती थी कि इंसानों की गलती की सजा उसे मिलेगी, गड्ढे में ऐसी फंसी हिल भी नहीं पा रही थी। गड्ढे में गिरी गाय ऊपर वाले को याद कर मालिक को लानत भेज रही थी कि जिसने दूध निकालकर चारा खाने के लिए खुले में छोड़ दिया था। शाश्वत पाल ने फरीदाबाद पुलिस के ट्विटर हैंडल पर सेक्टर 21सी में गड्ढे के अंदर एक गाय गिर गई है। जिसे तुरंत पुलिस चौकी अनखीर व सेक्टर 46 को भेजा गया। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एसआई मनोज, भीम सिंह एससी हेमराज सिपाही, जयप्रकाश और प्रताप मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने वहां आसपास मौजूद लोगों को गाय को गड्ढे से बाहर निकालने के लिए मदद मांगी।

# कोरोना: 3 संक्रमित सामने आए, एक्टिव केस 16

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में रविवार को कोरोना के तीन मामले सामने आये। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 99765 पर पहुंच गया है। फिलहाल जिले में 16 एक्टिव केस हैं। जिसमें 14 होम आईसोलेशन पर है और दो मरीज अस्पताल में है। जिसमें एक मरीज ऑक्सीजन पर है।

इसमें एक और अच्छी खबर यह भी है कि जिले में 2 व्यक्ति कोरोना को हराकर स्वस्थ होकर अपने घर को लौटे हैं। वहीं जिला में रिकवरी रेट भी 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिला में पिछले 24 घंटे में 676 लोगों के टेस्ट किए गए।



### ये है आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक जांच | : 988313 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99765 |
| अब तक नेगेटिव | : 888281 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 268 |
| आक्सीजन पर है | : 1 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99033 |

# वैक्सीन लगवा कर अपने साथ दूसरों को भी सुरक्षित रखें: कृष्णपाल गुर्जर

## आज लगेगी जिले में 54 स्थानों पर वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोरोना** से बचाव हेतु वैक्सीनेशन जरूर करवाए, खुद भी सुरक्षित रहे और और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। यह विचार केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सीएचसी पाली और पीएचसी धौज में स्थानीय लोगों के लिये लगे कोविड वैक्सीनेशन कैंप के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के संभावित बुरे प्रभावों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपना वैक्सीनेशन जरूर करवाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन कराने से इसके संभावित प्रभावों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में सम्पूर्ण संसदीय क्षेत्र में कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य जोरों पर है और संबंधित क्षेत्र के लोग अपने से संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर कोविड वैक्सीनेशन जरूर करवाएं।

### 4757 ने लगवाये टीके

**जिले** में रविवार को 4757 लोगों ने निजी वैक्सीनेशन केन्द्रों पर टीके लगवाये। जिसमें दो हेल्थ केयर वर्कर, एक फ्रंट लाईन वर्कर और 18 प्लस आयुवर्ग में 3750 लोग शामिल हैं। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में 1004 लोगों ने टीका लगवाया। वहीं सोमवार को जिले में 46 केन्द्रों पर प्रथम और द्वितीय डोज लगाई जाएगी। वहीं आठ निजी केन्द्रों पर भी वैक्सीन लगाई जाएगी।

## आज से चढ़ेगा भगवान भोलेनाथ पर जल

**फरीदाबाद।** आज से सावन के महीने में पड़ने वाले सोमवार की शुरूआत हो रही है। आज मंदिरों और शिवालयों में भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाया जाएगा।

सावन भगवान शिव का सबसे प्रिय माह होता है। इस बार 26 जुलाई को सावन का पहला सोमवार होने से मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की लंबी लाइने नजर आऐंगी। वहीं कोरोना संक्रमण को देखते हुए शारीरिक दूरी के नियमों का पालन करने के लिए कहा गया है। भगवान शिव का जल धारा, बिल्व पत्र और दूध-दही से अभिषेक करना चाहिए। सावन माह में की गई शिव उपासना बहुत ही फलदायी होती है और इसका फल बहुत जल्दी मिलता है।

# विवाह शगुन योजना में 51 हजार देने का प्रावधान: उपायुक्त

## योजना के लाभ के लिए ऑनलाइन करना होगा आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** यशपाल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत पात्रता की शर्ते पूरी करने वाले परिवारों की लड़की की शादी के लिए 51 हजार रुपये तक शगुन के रूप में दिए जाते हैं।

उपायुक्त यशपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए लडक़ी की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक व लडक़े की आयु 21 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए तथा योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाईन आवेदन करना होता है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति एवं टपरीवास जाति के बीपीएल परिवारों को उनकी लड़की की शादी के लिए 51 हजार रूपए की सहायता राशि दी



जाती है। अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति एवं टपरीवास जाति का व्यक्ति यदि बीपीएल नहीं है तो उनकी वार्षिक आय एक लाख रूपए से कम हो या ढ़ाई एकड़ से कम जमीन होने पर उसकी लडकी की शादी में 11 हजार रूपए की सहायता राशि दी जाती है।

उपायुक्त ने बताया कि पिछड़े वर्ग का व्यक्ति बीपीएल हो, उसकी आय एक लाख रूपए से कम हो या ढ़ाई एकड़ से कम जमीन हो तो उसकी लडक़ी की शादी में 11 हजार रूपए की सहायता राशि दी जाती है। सामान्य वर्ग का व्यक्ति यदि बीपीएल है तथा आय एक लाख रूपए से कम हो या ढ़ाई एकड़ से कम जमीन हो तो उसकी लडकी की शादी में भी 11 हजार रूपए की सहायता राशि दी जाती है। सभी वर्गो की विधवा महिला जो बीपीएल है तथा जिनकी वार्षिक आय एक लाख रूपए से कम हो या अढ़ाई एकड़ से कम जमीन हों, तो उसकी लडकी की शादी में 51 हजार रूपए की सहायता राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि किसी भी जाति एवं बिना आय निर्धारण के महिला खिलाड़ी को स्वयं की शादी के लिए 31 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। सभी जातियों के सामुहिक विवाह समारोह में विवाह करने वाले दुल्हा/ दुल्हन को 51 हजार रूपए की सहायता राशि दी जाती है।

उपायुक्त यशपाल ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लड़की का जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल की मार्कशीट, लड़के के जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल की मार्कशीट, लड़की के परिवार का राशन कार्ड, लड़की के माता-पिता की बैंक की पासबुक व आधार कार्ड, रिहायशी प्रमाण पत्र, बीपीएल संख्या, अगर लडक़ी के माता-पिता जीवित नहीं है तो उनके मृत्यु प्रमाण पत्र, लड़की का आधार कार्ड, लड़के व लड़की का एक-एक पासपोर्ट आकार का फोटो, शादी का कार्ड इत्यादि प्रमाण पत्र शामिल है।

## कोरोना के चलते उतराखंड ने कांवड़ यात्रा पर रोक लगाई

**फरीदाबाद।** कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर अभी तक पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। ऐसे में भीड़भाड़ वाले तीर्थस्थलों पर भक्तों की आवाजाही को नियंत्रति कर महामारी की रोकथाम करने के लिए उतराखण्ड सरकार और प्राशासनिक प्रमुखों की ओर से दिशा-निर्देश जारी करते हुए इस वर्ष की काँवड़ यात्रा पर रोक लगा दी गई है।

उत्तराखंड पुलिस एव प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक उत्तराखंड सरकार ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के दृष्टिगत फैसला लिया है कि इस वर्ष सावन मास में होने वाली कांवड़ यात्रा आयोजित नहीं की जाएगी। शिव भक्तों को अपनी एवं अपनों की जान की परवाह करते हुए सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करना चाहिए। इस बार पैदल कांवड़ यात्रा एवं डाक कांवड़ यात्रा पर रोक लगा दी गई है। व्यावसायिक वाहन मालिकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह किसी भी तरह का वाहन तीर्थयात्रा अथवा कांवड़ यात्रा के लिए उपलब्ध नहीं कराएंगे।

# पूर्व मंत्री को सौंपी अश्लीलता दूर कराने की कमान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** की अग्रणी भोजपुरी एवं पूर्वांचली संगठनों के प्रतिनिधियों ने सुप्रसिद्ध उद्योगपति ओपी पाण्डेय के सेक्टर 15 स्थित आवास पर एक अहम बैठक का आयोजन किया। आपको बता दें इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल के वर्षों में सिनेमा जगत में भोजपुरी में फूहड़पन तथा अश्लीलता परोसे जाने पर सभी लोगों ने चिंता व्यक्त की और एक मत से सभी ने समाज से इस बुराई को खत्म के लिए फैसला किया।

जिसके लिए बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री विपुल गोयल को सौंपा और समाज ने आग्रह करते हुए भोजपुरी आन्दोलन की कमान सम्भालने का आग्रह पत्र भी प्रदान किया। इससे पहले समाज् के वरिष्ठ पदाधिकारियो द्वारा पूर्व मंत्री विपुल गोयल का फूल मालाओं, गुलदस्ता और शाल से भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर गोयल ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि



इतनी गौरवशाली भाषा एवं उससे जुड़े लोगों की सेवा करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है। विपुल गोयल ने सबको विश्वास दिलाते हुए कहा कि भोजपुरी में फूहड़पन तथा अश्लीलता परोसने वाले कलाकारों, रचनाकारों तथा चैनलों पर प्रभावकारी रोक लगाकर बीस करोड़ भोजपुरी प्रेमियों की अभिलाषा को पूर्ण करने का पुनीत कार्य करने का जो जिम्मा उन्हें सौंपा है, आप सबके सहयोग से वो अवश्य पुरा होगा और भोजपुरी समाज की जीत होगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि भोजपुरी समाज की छवि धूमिल करने वाले न सिर्फ समाज के लिए दीमक का काम कर रहे है बल्कि अन्य नौजवानो का भविष्य भी गर्त में ले जाने का काम् कर रहे है, इसलिए ऐसे दीमक को जड़ से खत्म किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## हाईवे पर वाहन चालकों से लूट करने वाला गिरोह गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा अपराधियों पर नकेल कसकर लूट और चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने की दिशा निर्देशों के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 85 की टीम ने हाईवे पर सोलर पैनल की चोरी तथा वाहन चालकों के साथ लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विवेक, नीरज, जसवंत और नवीन का नाम शामिल है चारों आरोपी फरीदाबाद के छायंसा गांव के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ लूट और चोरी की धाराओं के तहत दो मुकदमे थाना छायंसा में दर्ज हैं जिसमें उन्होंने हाईवे पर लगे सोलर पैनल चोरी किए थे तथा हाईवे पर आने जाने वाले ट्रक ड्राइवरों के साथ मोबाइल और पैसों की लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सहायता से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनसे दो मोबाइल फोन तथा 5400 रुपए बरामद किए गए। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशे की लत के चलते उन्होंने चोरी तथा लूट की वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपियों ने बताया कि सोलर पैनल को उन्होंने राहगीरों को औने पौने दामों पर बेच दिया जिनमें से कुछ पैसे उन्होंने नशे में उड़ा दिए और बाकी बचे पैसे पुलिस ने बरामद कर लिए। पूछताछ पूरी होने के पश्चात सभी आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## मेट्रो स्टेशन पर खुदकुशी कर रही युवती की बचाई जान




**फरीदाबाद।** खुदकुशी करने पर आमदा लड़की को जान हथेली पर रखकर पुलिस ने बचाया। ऐसा फिल्मों में भी नहीं होता है, जैसा फरीदाबाद के जांबाज पुलिस कर्मी ने कर दिखाया। बीती शाम प्रबंधक थाना मैट्रो को सुचना मिली कि एक लड़की सेक्टर- 28 मैट्रो स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-2 पर खुदखुशी करने की कोशिश कर रही है। जिसपर तुरंत तत्परता दिखाते हुए बिना किसी विलंब के मेट्रो पुलिस स्टेशन में तैनात एसआई धन प्रकाश एवं सिपाही सरफराज मौके पर पहुंचे। एसआई धन प्रकाश ने सीआईएसफ एवं मेट्रो कर्मचारियों के साथ लड़की का ध्यान बंटा कर रखा। दूसरी तरफ से सिपाही सरफराज छज्जे पर चढ़कर लड़की के नजदीक पहुंचकर उसको काबू किया। सीआईएसएफ स्टाफ व मैट्रो के कर्मचारियों की सहायता से लड़की को सुरक्षित बचा लिया गया। लड़की से पूछताछ में सामने आया कि वह दिल्ली की रहने वाली है और सेक्टर 28 फरीदाबाद मे स्तिथ एक साईं एक्सपोर्ट कंपनी मे नौकरी करती है। जो काम के रिजल्ट को लेकर मानसिक तनाव एवं डिप्रेशन में आ गई थी। जिस कारण उसे यह कदम उठाया था और अब वह पूर्णत: ठीक है। लड़की को सकुशल उसके परिजनों के हवाले कर पुलिस ने काउंसिलिंग करते हुए समझाया की आत्महत्या करना किसी भी समस्या का हल नहीं है। किसी भी कारण से डिप्रेशन का शिकार हो तो किसी अपने से बात करें। उन चीजों को तलाश करें जो आपको खुशी देती हैं। बुरे विचारों को मन पर हावी ना होने दें अपनी समस्याओं को परिजनों के साथ शेयर करें।

## हरियाणा की सभी विधानसभाओं में किए जाएंगे प्रदर्शन : भड़ाना

**फरीदाबाद।** दिन-प्रतिदिन बढ़ रही बिजली की किल्लत एवं अनाप-शनाप भेजे जा रहे बिजली बिलों को लेकर आम आदमी पार्टी हरियाणा के सह प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में प्रदर्शन करेगी और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। आम आदमी पार्टी प्रदेश की खट्टर सरकार से दिल्ली की तर्ज पर लोगों को बिजली की 200 यूनिट फ्री करने एवं 24 घंटे बिजली मुहैया कराने की मांग करेगी। इसी को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी जिला कार्यकारिणी की दूसरी मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें पार्टी पदाधिकारी सुनील ग्रोवर का बीमारी के बाद वापसी करने कर स्वागत किया गया। इस मौके पर सुनील ग्रोवर ने पार्टी की मजबूती को लेकर अपने विचार रखे, जिन पर सभी सदस्यों ने सहमति प्रकट की। मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि सभी विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगा दी गई है। आगामी 23 जुलाई को पूरे प्रदेश में प्रदर्शन किए जाएंगे और बिजली बिलों के नाम पर मचाई जा रही लूट को बंद करने का आह्वान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल 200 यूनिट फ्री बिजली दे सकते हैं, तो हरियाणा सरकार क्यों नहीं दे सकती, क्योंकि मुख्यमंत्री मनोहरलाल की नीयत नहीं है, लोगों को लाभ हो, इसलिए सुविधाओं के अभाव में भी प्रदेश के लोगों की जेबों पर डाका डाला जा रहा है। बिजली अधिकारी व कर्मचारी फोन नहीं उठाते, अघोषित बिजली कट लगते हैं, गर्मी में लोगो को बुरा हाल है, ऊपर से बिजली विभाग की छापेमारी ने लोगों का दम निकाल दिया है। भड़ाना ने कहा कि अगर हरियाणा सरकार दिल्ली की तर्ज पर लोगों को बिजली मुहैया कराए तो, लोगों को बिजली चोरी करने की जरूरत ही क्या।

## सिक्योरिटी गार्ड की मौत, लगाया हत्या का आरोप



**फरीदाबाद।** सेक्टर-14 स्थित एक कोठी में काम करने वाले सुरक्षाकर्मी की रहस्यमय हालत में मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने उसकी हत्या का आरोप वहां काम करने वाले अन्य दो कर्मचारियों पर लगाया है, उनका आरोप है कि दोनों दोनों मृतक से लड़ते रहते थे। वहीं उन्होंने मृतक के शरीर के ऊपर, सिर, माथे, कान के ऊपर और हाथ पर घाव के निशान है। जिससे लग रहा है कि उन्हें मारा गया है। परिजनों ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ जांच की जाए। जानकारी के मुताबिक सेक्टा-14 स्थित एक कोठी में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर विनायक सिंह की गत 24 जुलाई की सुबह मौत हो गई। इसकी सूचना उसके परिजनों को 24 जुलाई सुबह आठ बजे दी। लेकिन उसके शव का पोस्टमार्टम 25 जुलाई को हुआ। जिस वक्त पोस्टमार्टम चल रहा था। उसी दौरान परिजनों ने मृतक की मौत पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि विनायक सिंह से उनकी बात गत 23 जुलाई की रात को 10 से 11 बजे के बीच बात हुई थी। अगले दिन सुबह आठ बजे उनके पास पुलिस का फोन आया कि उनके पिता की मौत बिजली के करंट लगने के कारण हो गई है। इस बात को सुनकर वह मौके पर पहुंचे तो मृतक के सिर और मुंह व हाथों पर चोट के निशान थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां काम करने वाले दो लोगों से मृतक की नहीं बनती थी। वहीं वहां अन्य मौजूद सुरक्षाकर्मी ने परिजनों को बताया था कि वह सुबह पांच बजे उठा, तो पता चला कि विनायक सिंह की मौत हो चुकी है। ऐसे में परिजनों का कहना है कि न तो उन्हें सिक्योरिटी सर्विसेज से और न ही कोठी से किसी तरह का कोई फोन किया गया। जिससे उन्होंने अंदेशा जताया है कि पांच बजे से आठ बजे के बीच आरोपियों के सबूत मिटा दिए गए है क्या? परिजनों ने दोनों लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

## गरीबों का हक पहुंचा रही है भाजपा सरकार: गुर्जर

**फरीदाबाद।** भारत सरकार के भारी उद्योग एवं सौर ऊर्जा विभाग के राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के 80 करोड़ गरीब परिवारों में 5 किलो अनाज प्रति व्यक्ति के हिसाब से सरकार द्वारा फ्री में दिया जाने का काम किया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा ने राशन वितरण का कार्य शुरू करवाया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा गरीबों का हक गरीबों तक पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 कोरोना वायरस की वजह से देश की व्यवस्था में काफी परिवर्तन हुआ है। विश्व में वैश्विक महामारी की बदौलत से लोगों के रोजगार व नौकरियां तथा बहुत सारी व्यवस्थाओं में काफी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने गरीब परिवारों की खाद्य सामग्री पूर्ति के लिए 5 किलो अनाज प्रति परिवार प्रति व्यक्ति के हिसाब से दिया जा रहा है और यह अनाज पिछले प्रथम कोरोना वायरस कि वेब में भी आठ नौ महीने दिया गया था।

# ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण कम करने को लगाएं पेड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### इस वर्ष गुरुग्राम जिला में 15 लाख पौधे लगाए जाने का रखा गया है लक्ष्य

### पर्यावरण प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

**जिले** में रविवार को 72वां वन महोत्सव मनाया गया। जिसमें गुड़गांव के विधायक सुधीर सिंगला तथा मेयर मधु आजाद ने स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन परिसर में पौधे लगाकर जिला में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में बताया गया कि इस वर्ष गुरुग्राम जिला में 15 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से लगभग डेढ़ लाख पौधे वन विभाग अपने अमले से लगवाएगा। बाकी पौधे आम जनमानस, विभिन्न संस्थाओं तथा संगठनों के सहयोग से लगवाए जाएंगे। वन महोत्सव कार्यक्रम में बोलते हुए गुड़गांव के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए जरूरी है कि हम सभी ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। पेड़ और पौधे हमारे वायुमंडल को शुद्ध करते हैं तथा पेड़ों की पत्तियां सूर्य की हानिकारक


गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल में जिला स्तरीय वन महोत्सव में पौधारोपण करते विधायक सुधीर सिंगला।

अल्ट्रावॉयलेट किरणों को हमारे तक पहुंचने से रोकती हैं। यही नहीं, पेड़ों की जड़ें मिट्टी की कटाई रोकने में सहायक होती हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि वनों की बेतहाशा कटाई से वन्य प्राणियों की कुछ प्रजातियां लुप्त होने के कगार पर आ गई हैं। जिला वासियों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और उनकी बड़े होने तक देखभाल करने का आह्वान करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो रहे गुरुग्राम शहर के लिए पेड़ पौधों के रूप में ग्रीन लंग्स अत्यंत आवश्यक हैं, इसलिए पौधे लगाने का कोई भी अवसर हाथ से ना जाने दें। वैसे भी हमारी परंपरा प्रकृति वंदन की रही है, जिसमें प्राकृतिक वस्तुओं जैसे सूर्य, पेड़ों आदि की पूजा की जाती है।

इसी कड़ी में हरियाणा सरकार ने अब गांवों में पंचवटी लगाने की शुरुआत की है, जिसमें आंवला, बेलपत्र, सीता अशोक, पीपल तथा बड़ के पौधे गांव के मंदिर, जोहड़ किनारे, चौपाल परिसर में या अन्य सार्वजनिक जगहों पर लगाए जा रहे हैं। गुरुग्राम जिला के गांवों में भी पंचवटी लगाने का कार्य शुरू हो चुका है।

इस मौके पर गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद ने अपने विचार रखते हुए सभी गुरुग्राम वासियों से अपील की है कि अपने व अपने बच्चों के जन्मदिन, विवाह की सालगिरह आदि अवसरों पर पौधे लगाएं। इस मौके पर उन विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जो पर्यावरण विषय पर वन विभाग द्वारा 22 जुलाई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरुग्राम में आयोजित प्रतियोगिताओ में पहले तीन स्थानों पर रहे थे।

इसमें पहले स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को 3000 रुपये, दूसरे स्थान पर आए विद्यार्थी को 2000 रुपये तथा तीसरे स्थान पर रहे विद्यार्थी को 1000 रुपये की राशि इनाम स्वरूप दी गई। इस कार्यक्रम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुड़े और अपना वन महोत्सव का संदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### उन्नति चैरिटेबल संस्था ने घेवर बांटकर मनाईं खुशियां



**सोहना।** शहर की सामाजिक संस्था उन्नति चैरिटेबल ने सावन माह के पहले दिन झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वाले मजदूरों को घेवर वितरण करके खुशियां मनाईं। संगठन के कार्यकर्ताओं ने आम लोगों के लिए मन्नतें मांगते हुए सावन माह में हर किसी के लिए खुशियों की कामनाएं की। शहर के सामाजिक संगठन उन्नति चैरिटेबल ने सामाजिक रीति रिवाजों को गरीब, मजदूर, बेसहारा, खानाबदोश और प्रदेशों से रोजी-रोटी कमाने के लिए आए लोगों के बीच में रहकर मनाते हैं। संगठन के कार्यकर्ता रक्षाबंधन से लेकर मकर संक्रांति, भैयादूज, होली, नवरात्रे, दीवाली जैसे महान त्योहारों को मनाते हैं। शनिवार से सावन माह शुरु हो गया। सावन माह की खुशियों को बनाते हुए तथा आम जन के लिए सावन माह मंगलमय हो। इसके लिए झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वालों के बीच चैरिटेबल संगठन के लोग पहुंचे। संगठन की चैयरपर्सन बबीता यादव ने बताया कि धनवान लोगों के लिए साल के सभी दिन त्योहार होते हैं, लेकिन गरीब, बेसहारा, खानाबदोश लोगों के साथ त्योहार मनाने का अलग ही आनंद आता है। आर्थिक तंगी के कारण गरीब व मजदूरी करने वाले परिवार त्योहारों की परम्परा को भूलने लगे हैं। संगठन के महामंत्री बलबीर सिंह गब्दा ने कहा कि अपनों के बीच में त्योहार सभी बनाते हैं, लेकिन गरीब और मजदूरों के बीच में जाकर त्योहार बनाने का जज्बा हर किसी में नहीं होता।

### चोरों ने कई थाना क्षेत्रों में तीन वारदातों को दिया अंजाम

**पलवल।** चोर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन वारदातों को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय कादियान के अनुसार फ्रेंड कालोनी (पलवल) निवासी नरेश चंद ने कैंप थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि चोर घर के बाहर खड़ी ईको कार के साइलेंसर को चोरी कर ले गए। इसी प्रकार किशोरपुर गांव निवासी राजेंद्र की बाइक को चोर गदपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जैंदापुर गांव से चोरी कर ले गए। अल्लीका गांव निवासी देवेंद्र की ट्राली को शाहपुर गांव (फरीदाबाद) निवासी बिरेन ने चोरी कर लिया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दहेज प्रताड़ना में मां-बेटे पर मामला दर्ज

**पलवल।** शादी में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल पक्ष द्वारा विवाहिता को प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। सदर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस जांच अधिकारी कुलदीप के अनुसार रायदासका गांव निवासी मनीषा ने शिकायत दर्ज कराई है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति रोहित व सास सुरेश ने घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सोहना में धूमधाम से मनाई बुद्ध पूर्णिमा



**सोहना।** सोहना के वार्ड-6 की हरीनगर कॉलोनी में बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर परवेक्षक के साथ भगवान बुद्ध के गुरुग्रंथ की रैली निकाली गई। शनिवार की शाम को वार्ड-6 की हरीनगर कॉलोनी में यहां के निवासियों ने एकजुटा का परिचय देते हुए भगवान बुद्ध पूर्णिमा बनाई गई। यहां की चौपाल पर सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठे हुए। बीर सिंह नंबरदार सहित अन्य वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला। देश का संविधान बनाने वाली कमेटी के अध्यक्ष बाबा भीमराव अंबेडकर को बौद्ध धर्म अपनाने की जरूरत क्यों पड़ी। भीमराव अंबेडकर ने अपने बालकाल से क्या-क्या परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। मनुवादियों द्वारा जात-पात का विष क्यों घोला और किस प्रकार से अनुसूचित जातियों को शोषण किया गया। इस अवसर पर पांच प्रवेक्षकों के साथ एक जागरुकता रैली निकाली। रैली निकालने का उद्देश्य शोषण का शिकार लोगों को जागरुक करना तथा शोषण करने वालों को सबक सिखाना था।

### अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**सोहना।** पुलिस ने अवैध शराब बेचने के लिए ले जा रहा युवक को गिरफ्तार किया। जिसके पास से कट्टा में भरी 60 अध्धा व 120 पव्वा अवैध शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सिटी थाना में तैनात एसआई रज्जाक खान ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि रामकिशोर निवासी सोहना ढाणी मौहम्मदपुर गूर्जर की तरफसे अवैध शराब बेचने के लिए लेकर आ रहा है। जिसने प्लास्टिक के कट्टा में शराब भरी हुई है। पुलिस ने रामकिशोर को अवैध शराब के सहित गिरफ्तार किया।

# सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में जवानों ने लगाए साढ़े पांच हजार पौधे



गुरुग्राम के कादरपुर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर परिसर में पौधारोपण करते जवान गुरुग्राम ग्रुप केंद्र के कमाण्डेन्ट अजित सांगवान व उनकी धर्मपत्नी किरण सांगवान।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### सीआरपीएफ के अधिकारियों, जवानों के साथ परिवार के सदस्यों ने भी लिया भाग

**केंद्रीय** रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अखिल भारतीय पौधारोपण अभियान को विस्तार देते हुए सीआरपीएफ ने रविवार को गांव कादरपुर स्थित ग्रुप सेंटर में व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम के तहत अधिकारियों और जवानों ने स्वयं व परिवारजनों के सहयोग से साढ़े पांच हजार पौधे लगाए। ग्रुप सेंटर में उत्तरी क्षेत्र के महानिरीक्षक राजेश कुमार ने सर्वप्रथम अपनी धर्मपत्नी सहित पौधा लगाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

महानिरीक्षक राजेश कुमार ने पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत अपने संबोधन में अखिल भारतीय पौधारोपण अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत सभी पैरा मिल्ट्री फोर्सेस ने पूरे देश मे अब तक एक करोड़ 37 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। इसमें से करीब 28 लाख पौधे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा लगाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में उत्तरी सेक्टर के तहत दिल्ली एनसीआर के क्षेत्र में करीब 90 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इन पौधों में से दस हजार पौधे अकेले सीआरपीएफ के गुरुग्राम ग्रुप केंद्र में लगाये जायेंगे। सीआरपीएफ के गुरुग्राम ग्रुप केंद्र के कमाण्डेन्ट अजित सांगवान ने बताया कि पिछले वर्ष गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर शुरू हुए इस अभियान का वर्ष 2021के तहत मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ इस माह की पांच जुलाई को किया गया था, जिसमें ग्रुप सेंटर व आसपास के क्षेत्र में 2 हजार पौधे लगाए गए थे। इस कार्यक्रम को विस्तार देते हुए रविवार 25 जुलाई को सीआरपीएफ के अधिकारियों व जवानों ने परिवार सहित 5500 पौधे लगाए है। आज जो पौधे लगाए हैं, उनमें देशी प्रजाति की कीकर, खेजड़ी, नीम व कजीलिया शामिल है। उन्होंने कहा कि ग्रुप सेंटर को इस वर्ष 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है, जिसके तहत अभी तक साढ़े सात हजार पौधे लगाए जा चुके हैं।

इस अवसर पर सीआरपीएफ गुरुग्राम ग्रुप केंद्र के उप-महानिरीक्षक सुनील जून, डिप्टी कमांडेंट विनेश त्यागी, उत्तरी क्षेत्र के महानिरीक्षक राजेश कुमार की धर्मपत्नी सुंदरी यादव, गुरुग्राम ग्रुप केंद्र के कमाण्डेन्ट अजित सांगवान व उनकी धर्मपत्नी किरण सांगवान सहित अन्य अधिकारीगण व जवान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद ने हरियाली बढ़ाने के नाम किया रविवार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** विकास परिषद ने रविवार का दिन हरियाली बढ़ाने के नाम किया। संस्था से जुड़े सदस्यों ने अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण करके प्रकृति की सुंदरता बढ़ाने के साथ ऑक्सीजन बढ़ाने के लिए पेड़-पौधे लगाए। परिषद की युवा भारत शाखा, विवेकानंद शाखा और कल्पना चावला शाखा ने अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर भी यह पौधारोपण कार्यक्रम किया।

भारत विकास परिषद के जिला सचिव डा. डीपी गोयल सभी कार्यक्रमों में शिरकत करके पौधारोपण किया। युवा भारत शाखा द्वारा राजीव चौक से लेकर सेक्टर-15 पार्ट-2 की सर्विस लेन में परिषद परिवार के 15 सदस्यों ने प्रकृति की सुंदरता बढ़ाने व भविष्य में



गुरुग्राम में रविवार को भारत विकास परिषद की ओर से पौधारोपण करते सदस्य।

ऑक्सीजन मिलने के बीजारोपण किया। इस दौरान एक हजार से अधिक बीजों का रोपण किया गया। सभी से अनुरोध भी किया गया कि अपने आसपास के खाली पड़ी जमीन में पौधारोपण करें, ताकि हरियाली बढ़ सके। इस मौके पर सचिन गुप्ता, सतीश तायल, सुमित सिंगला, देवेंद्र गुप्ता, संजीव सिंगला, मनीष जैन, अनन्य जैन, राजेश बंसल, नरेंद्र बंसल, गगन बंसल ने बीजारोपण किया। परिषद की विवेकानंद शाखा की ओर से सेक्टर-37डी स्थित बीपीटीपी पार्क में वहां के निवासियों की रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया। इस मौके पर भारत विकास परिषद के प्रांत वित्त सचिव अनिल बंसल ने कहा कि पर्यावरण में सुधार करना हम सबका कर्तव्य है।

इस अवसर पर रतनदेव गर्ग, प्रदीप शर्मा, अशोक गन्नोत्रा, जगदीश शर्मा, कर्नल धर्म सिंह, अंकित मोदी, शम्मी अहलावत, प्रेमलता गर्ग, मीना शर्मा उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद की कल्पना चावला शाखा की ओर से बसई रोड पर कटारिया कॉम्पलेक्स में नीम, पीपल, शीशम व जामुन के करीब 50 पौधे लगाए गए। इस आयोजन में एक आवाज संस्था के सदस्यों ने भी सहयोग किया। संस्था के चेयरमैन विकास गुप्ता, राजकुमार बिसरवाल अपनी टीम के साथ शामिल हुए। इनके अलावा कुसुम गर्ग, संदीप शर्मा, आदर्श, अर्चना गेरा, कुसुम अग्रवाल, दुर्गेश, रीना, अनिल आदि मौजूद थे।

## भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**गुरुग्राम।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र यादव की मौजूदगी में रविवार को किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। इस कार्यक्रम को किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने 57 स्थानों पर लगभग दो हजार लोगों को जोड़ने व सुनने का कार्य किया।

विरेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से लोगों के नाम लेकर उनसे कुशलक्षेम पूछने के साथ अन्य बातों पर भी चर्चा करते हैं। उनके इस व्यवहार में आत्मीयता साफ छलकती है। सभी की खुशहाली की वे कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि देश में विकास की रफ्तार को गति देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कम समय में अधिक काम किए हैं। जिला हामंत्री मुकेश जेलदार ने बताया कि किसान मोर्चा गुरुग्राम मंडल अध्यक्ष मनीष यादव ने अपने गांव ढोरका में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया।

# आज 38 केन्द्रों पर लगेगी कोविशील्ड की पहली व 42 केंद्रों पर दूसरी डोज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### जिले के पांच केन्द्रों पर लगेगी कॉवेक्सीन की दूसरी डोज

### पॉलीक्लीनक सेक्टर-31 में लगेगी स्पूतनिक-वी वैक्सीन की पहली डोज

**स्वास्थ्य** विभाग द्वारा सोमवार के लिए जारी वैक्सीनेशन कार्यक्रम के अनुसार जिला में पांच केन्द्रों पर कॉवेक्सीन की दूसरी डोज लगाई जाएगी। वहीं कोविशील्ड की 38 केन्द्रों पर पहली व 42 केंद्रों पर दूसरी डोज लगाई जाएगी। स्पूतनिक-वी वैक्सीन लगवाने वाले नागरिक सेक्टर-31 पॉलीक्लीनक में जाकर अपनी पहली डोज लगवा सकते हैं।

जिला में वैक्सीनेशन कार्य की देखरेख कर रहे उप-सिविल सर्जन डॉ. एमपी सिंह ने वैक्सीनेशन कैम्प के बारे में बताया कि सोमवार को जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिगरा, चोमा, मानेसर, सामुदायिक केंद्र बादशाहपुर सहित हुडा सिटी मेट्रो स्टेशन पर कोवैक्सीन की दूसरी डोज लगाई जाएगी। इन सभी 5 केंद्रों पर संबंधित वैक्सीन के 200 स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। कोविशील्ड की पहली व दूसरी डोज लगवाने के इच्छुक नागरिक निम्नलिखित केन्द्रों कम्युनिटी सेंटर चौमा, कासन, सेक्टर 7 एक्सटेंशन, सेक्टर-15 पार्ट-1, आरआर कॉलोनी बादशाहपुर, सेक्टर 22 बी मुल्लाहेड़ा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-चंद्रलोक, गढ़ी-हरसरू, वजीराबाद, सरकारी स्कूल महनियावास, पलड़ा, मोहम्मदपुर व बसई, गोदरेज सम्मिट सेक्टर-104, श्याम धर्मशाला जहाजगढ़, शिवाजी नगर स्थित गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, नागरिक अस्पताल सोहना, पटौदी व सेक्टर-10, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल रायसिना, महावीर इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 17, कृष्णा मंदिर सेक्टर 4, पॉलीक्लिनिक सेक्टर 31, यदुवंशी स्कूल सेक्टर-82, एसडीएच हेलीमंडी, आंगनवाड़ी केंद्र नरसिंहपुर, आरबी पब्लिक स्कूल गांधीनगर, सीएचसी फर्रुखनगर, बीएमएल मुंजल यूनिवर्सिटी, कोविड-19 सेंटर भोड़ाकला, शिवमूर्ति राजेंद्र पार्क, एंबिएंस मॉल, गांव सिलानी व घाटा, एचएसआईडीसी ऑडिटोरियम मानेसर, कन्हई चौपाल, न्यू टाउन हाइट्स सेक्टर-90, चिल्ड्रन पैराडाइज स्कूल अशोक विहार, मेरीगोल्ड स्कूल हंस एनक्लेव, सब सेंटर सरहौल, बुद्धा स्कूल नयागांव आदि पर जाकर अपनी कोरोना रोधी वैक्सीन लगवा सकते है। इनमें 5 केन्द्रों पर पहली डोज उपलब्ध नहीं होगी। बाकी सभी केन्द्रों पर पहली व दूसरी डोज के रूप में 100-100 स्लॉट उपलब्ध होंगे।

# तालाब में डूबने से छह वर्षीय बालक की मौत

### नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया

**सोहना।** सोहना के गांव किरनी की नंगला में छह वर्षीय किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने मृत बालक का शव तालाब से बाहर निकाला। नागरिक अस्पताल में ले जाने पर डॉक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया।

रविवार की सुबह आठ बजे 6 वर्षीय प्रिंस पुत्र सुन्दर पाल अपने बड़े भाई के साथ घर से बाहर खेलने के लिए गया था। प्रिंस का बड़ा भाई घर पहुंच गया, लेकिन प्रिंस के घर न आने पर परिजनों में हडकंप मच गया। प्रिंस के परिजनों ने तलाश करते-करते गांव का कोना-कोना तलाश किया, लेकिन प्रिंस कही नहीं मिला। आखिर प्रिंस का ताऊ राजेश पुत्र धर्मबीर अपने साथियों के साथ तालाब में उतर गए। करीब 20 मिनट तक कड़ी मशक्कत के बाद राजेश का पैर अचानक पानी में पड़ा प्रिंस के पैस से टकराया। राजेश ने जैसे ही छह फुट गहराई में गोता मार और वह प्रिंस को बाहर निकाल लाया। प्रिंस की सासे रुकी हुई थी। उसके पेट में भर पानी को निकालने की कोशिशे की और गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां


मृत बालक की फाइल फोटो।

डॉक्टरों ने प्रिंस को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची सदर थाना से पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### पैर फिसलने से डूबा प्रिंस

**मृतक** के पिता सुन्दर ने बताया कि तालाब के किनारे प्रिंस का पैर फिसलने के निशान बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रिंस शौच करने के बाद पानी लेने के लिए तालाब के पास गया होगा। तालाब में ढलान होने से प्रिंस का पैर फ्सिल गया और वह पानी की गहराई में चला गया।

### तालाब के चारों तरफ सुरक्षा का मांग

**ग्रामीणों** ने करीब चार माह पहले तालाब के चारों तरफ सुरक्षा की दृष्टि से तारफैंसी कराने की मांग की थी। जिसके लिए ग्राम पंचायत सरपंच से लेकर एसडीएम सोहना को भी लिखित में शिकायत देते हुए मांग गई थी क्योंकि गांव के आबादी क्षेत्र से लगते हुए कई निजी और पंचायती जमीन पर तालाब बने हुए हैं।

## चाकूओं से गोदकर आईटीआई के छात्र की हत्या

**पलवल।** सदर थानाक्षेत्र के गांव बढ़ा में आईटीआई के छात्र की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक छात्र के पिता की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर बने हुए हैं। पुलिस जांच अधिकारी एएसआई इमरोज खान के अनुसार गांव बढ़ा निवासी मेहरचंद ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनका 17 वर्षीय पुत्र नरेंद्र पलवल से आईटीआई कर रहा था। 24 जुलाई की शाम 7 बजे नरेंद्र वालीबॉल खेलकर घर आ रहा था। रास्ते में गांव निवासी अक्षय ने नरेंद्र को अपने पास बुलाया।

नरेंद्र जब अक्षय के पास पहुंचा तो सोनू व मोनू ने उसको पकड़ लिया और अक्षय ने नरेंद्र पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। नरेंद्र की चीख-पुकार सुनकर भीड़ एकत्रित होने लगी। भीड़ को देख अक्षय के पिता जगबीर ने उसको बाइक लेकर मौके से भगा दिया। लहुलुहान अवस्था में नरेंद्र को उपचार के लिए सिविल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों खिलाफ मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

# ई-ट्रैक्टर की खरीद पर 25 प्रतिशत तक छूट देगी प्रदेश सरकार

### 30 सितंबर तक ट्रैक्टर बुक कराने वाले 600 लोगों को मिलेगा योजना का लाभ

**गुरुग्राम।** राज्य में खेती के क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार जून माह से 30 सितंबर तक पहले चरण में इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर खरीदने या बुक कराने वाले वाले 600 किसानों को 25 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करेगी।

जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग के मुताबिक प्रदेश सरकार ने पर्यावरण विषय को ध्यान में रखते हुए खेती के क्षेत्र में इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर को बढ़ावा देने के लिए जून माह से ई-ट्रैक्टर बुक कराने वाले आवेदनकर्ताओं को 25 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करने की मुहिम शुरू की थी। यह ई-ट्रैक्टर बुकिंग अभियान 30 सितंबर 2021 तक चलेगा। तब तक बुकिंग करवाने वाले 600 किसानों को सब्सिडी का लाभ मिलेगा। डॉ. गर्ग ने कहा कि अगर 600 से कम आवेदन आते हैं तो सभी किसानों को ई-ट्रैक्टर खरीदने पर इस छूट का फायदा मिलेगा। वहीं यदि आवेदन करने वाले किसानों की संख्या इससे अधिक रही तो लक्की ड्रा के जरिए नाम निकाले जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2022-23 तक किसानों की आय को दोगुना करने व प्रदूषण मुक्त खेती के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ई-ट्रैक्टर की खरीद पर सब्सिडी की यह सुविधा प्रदान की जा रही है।

### ऑनलाइन जॉब फेयर का आयोजन आज

**गुरुग्राम।** मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा सोमवार 26 जुलाई को ऑनलाइन माध्यम से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले के लिए ऑनलाइन जॉब फेयर इवेंट को रोजगार विभाग के पोर्टल पर भी प्रदर्शित किया जा रहा है। एईओ आरएस रावत ने बताया कि कोरोना को ध्यान में रखते हुए रोजगार मेले का आयोजन वर्चुअल तरीके से किया जा रहा है, ताकि प्रार्थी इस रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि वर्चुअली आयोजित होने वाले रोजगार मेले में भाग लेने के लिए प्रार्थी 26 जुलाई तक रोजगार विभाग के पोर्टल पर आवश्यक जानकारी व दस्तावेज लॉग इन आईडी का इस्तेमाल करके अपलोड कर सकते हैं।

# लोन प्रोसेसिंग के लिए किसी भी अग्रिम शुल्क का भुगतान न करें

### बजाज फाइनेंस ने अपने ग्राहकों को दी सलाह

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**बजाज** फिनसर्व की लोन और निवेश शाखा, बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने अपने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे किसी भी तरह के अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क (एडवांस प्रोसेसिंग फीस) का भुगतान करने से बचें, क्योंकि, कंपनी या उसके प्रतिनिधि कभी भी लोन की पेशकश करते समय ऐसा कोई भुगतान नहीं मांगेंगे। बजाज फाइनेंस यह भी सलाह देता है कि जिन लोगों को लोन की जरूरत है, उन सभी व्यक्तियों को इसकी निकटतम शाखा से संपर्क करना चाहिए या कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट (डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटबजाजफिनसर्वड ॉटइन) पर जाना चाहिए। उन्हें गैर-आधिकारिक/अज्ञात बिचौलियों से जुड़ने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है।

बजाज फाइनेंस ने इस बारे में और अधिक जागरूकता फैलाने के लिए एक रेडियो कैम्पेन सावधान रहें-सेफ रहें, शुरू किया है। इस अभियान के जरिये ग्राहकों को वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति सतर्क और सुरक्षित रहने के लिए आगाह किया जा रहा है। यह अभियान धोखेबाजों के तौर-तरीकों का उपयोग करता है ताकि ग्राहकों को धोखेबाजों द्वारा ठगे जाने के



विभिन्न तरीकों को उजागर किया जा सके, जिसमें उनसे फ्रॉड कॉल / एसएमएस / ईमेल या सोशल मीडिया विज्ञापनों पर अपने गोपनीय और संवेदनशील वित्तीय विवरण साझा करने का आग्रह किया जाता है। दो सप्ताह के इस कैम्पेन को महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली के सभी 23 स्टेशनों पर चलाया जा रहा है।

बजाज फाइनेंस लिमिटेड द्वारा धोखेबाजी की वास्तविक घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए इस कैम्पेन को तैयार किया गया है। इसमें एडवांस लोन फीस, लोन स्कैम संबंधी कॉल, सोशल इंजीनियरिंग धोखाधड़ी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, एसएमएस धोखाधड़ी आदि से संबंधित मामले शामिल हैं। कंपनी ने इस संबंध में एक ई-मेल जारी किया है, जिसमें ग्राहकों से कहा गया है कि उन्हें अग्रिम लोन प्रोसेसिंग फीस मांगने वाले अज्ञात कॉलर्स का जवाब नहीं देना चाहिए और हमेशा इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर ही इसके विवरण को सत्यापित करना चाहिए।

अपने ग्राहकों को संदेश देने के अलावा, बजाज फाइनेंस ने जनता/ग्राहकों को सुरक्षित रहने के लिए कुछ सेफ्टी टिप्स भी साझा किए हैं। इनमें तत्काल लोन की पेशकश करने वाले अज्ञात कॉल करने वालों से बात करते समय हमेशा सावधान रहें। आकर्षक डील और कैशबैक की पेशकश करने और ईएमआई कार्ड की वैधता बढ़ाना या ईएमआई कार्ड की क्रेडिट सीमा बढ़ाने की बात करने वाले अजनबियों/अज्ञात कॉल करने वालों को कभी भी कोई धन हस्तांतरित न करें। कभी भी अपना मोबाइल नंबर, ईएमआई कार्ड नंबर, वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी), पैन/आधार विवरण, कॉल/सोशल मीडिया पेज/इंटरनेट/ई-मेल पर पता प्रमाण साझा न करें। बजाज फाइनेंस से संबंधित लोन ऑफर/सोशल मीडिया आईडी/वेबसाइट लिंक को हमेशा डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटबजाजफिनसर्वड ॉटइन पर सत्यापित करें। बजाज फाइनेंस लिमिटेड के साथ जॉब प्लेसमेंट ऑफर के एवज में कभी भी पैसे का भुगतान न करें।

# वन महोत्सवः मुख्यमंत्री को सुन किया पौधरोपण

### लघु सचिवालय के सभागार में हुआ जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम

### प्रशासनिक अफसरों और आम लोगों ने भी सुना मुख्यमंत्री का संबोधन



दीपक कुमार। नूंह

**वन** विभाग द्वारा जिला स्तरीय वन महोत्सव समारोह शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ उपायुक्त शक्ति सिंह ने किया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों के साथ अपने कर-कमलों से पौधा रोपण किया। लोगों को भी पौधा रोपण करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त शक्ति सिंह ने राज्य स्तरीय वन महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संबोधन को भी सुना।

उन्होंने जिलावासियों को 72वें वन महोत्सव पर बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण संरक्षण में सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा है। आज पेड़ों की निरंतर कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, जिसका खामियाजा देर सबेर मानव जाति को भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने लोगों को पर्यावरण के प्रति आगाह करते हुए कहा कि अगर वे अभी नहीं संभले और पौधरोपण की तरफ ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में मानव जाति को घातक परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए प्रकृति से छेड़छाड़ कर रहा है, जिसका परिणाम पर्यावरण प्रदूषण के रूप में सामने दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए पौधे लगाना जरूरी है, क्योंकि पौधों से हमें आक्सीजन मिलती है। प्रकृति के पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़-पौधों की बहुत अहमियत है।

उपायुक्त कहा कि आने वाले समय में पेड़ों के बिना जीवन दुरभर हो जाएगा, इसलिए हरियाली को बरकार रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा हर घर हरियाली योजना के तहत जिला में वन विभाग द्वारा पौधे लगाए जाएंगे। जिसमें पौधे सरकारी संस्थाओं, व गैर सरकारी संस्थाओं, पंचायतों व एनजीओ को नि:शुल्क वित्तरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने से अधिक पेड़ बचाने की आवश्यकता है। सबसे बड़ा दान वृक्षदान है एक पौधा लगाकर हजारों नहीं बल्कि लाखों जीव-जंतु के उपर उपकार किया जाता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे बच्चों के जन्म दिन या खुशी के मौके पर अपने घर आंगन में एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि अब पूरी दुनिया के सामने पर्यावरण संरक्षण एक चुनौती है, जिसके लिए अभी से प्रयास करने होंगे।

जिला उपायुक्त सिंह ने कहा कि जिला में लगभग सात लाख से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे, जोकि जिला के वातावरण को शुद्ध करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाने से हमें सांस लेने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त हो सकेगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला में पौधशाला नाम से ऐप शुरू किया गया है। इस ऐप में जिला की सभी नर्सरियों के बारे में बताया गया है। नर्सरियों में विभिन्न किस्म के पौधों के बारे में भी बताया गया है। कोई भी व्यक्ति इस ऐप द्वारा किसी भी किस्म का पौधा लेने के लिए बुकिंग करवा सकता है।

उन्होंने बताया कि स्कूलों में अंतिम कक्षा से पास आउट होने वाले सभी विद्यार्थी अपने स्कूल में पेड़ लगाकर उस पेड़ को उपहार स्वरूप अपने जूनियर विद्यार्थियों को देकर जाएंगे। इस पौधागिरी योजना अनुसार सभी स्कूलों में फलदार वृक्ष लगाए जाएंगे। उन्होंने जिला वासियों से यह आह्वान भी किया कि वे सभी अपने अपने घरों में मनाए जाने वाले त्योहारों पर जरूर पेड़ लगाएं। जिसे घर का वातावरण शुद्ध हो सके। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया, नगराधीश जयप्रकाश, एसडीएम नूंह सलोनी शर्मा आदि प्रशासनिक अधिकारियों ने पौधारोपण कर जिला स्तरीय वन महोत्सव मनाया।

## वायु और जल के जितने ही वृक्ष हैं आवश्यकः डीएसपी

### लघु सचिवालय प्रांगण में पेड़ रोप कर कहा

ललित गर्ग। पुन्हाना

**72वें** वन महोत्सव के उपलक्ष में पुन्हाना वन विभाग के रेंज ऑफिसर कमल यादव के नेतृत्व में लघु सचिवालय प्रांगण में सौ से अधिक पेड़ लगाए गए। वन महोत्सव कार्यक्रम में उपमण्डल अधिकारी रणवीर सिंह, डीएसपी शमशेर सिंह, विधायक मोहम्मद इलियास, गो सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन भानीराम मंगला, नायब तहसीलदार कंवल पाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने पेड़ लगाकर लोगों को पेड़ पौधे लगाने के लिए आह्वान किया।

उपमण्डल अधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि पेड़ प्रकृति का अनमोल उपहार है। पेड़ों के कारण ही इस हरी भरी पृथ्वी और हमारा जीवन खुशहाल है। पेड़ सच्चे योद्धा है जो जन्म से ही हमारे लिए प्रदूषण से लड़ते रहते हैं। हमें स्वच्छ व सुंदर पर्यावरण देते हैं। पेड़ हमारी पृथ्वी पर हजारों वर्षों से हैं ये चल फिर नहीं सकते, लेकिन इंसानों की तरह श्वांस ले सकते हैं।



पौधरोपण करते हुए डीएसपी।

डीएसपी शमशेर सिंह ने त्रिवेणी( पीपल, बरगद, नीम) पेड़ लगाते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण का हमारे जीवन मे विशेष महत्व है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़ या पौधा रोपण व उनका संरक्षण जरूरी है। इसलिए हम लोगो को एक एक पेड़ या पौधा लगाने के लिए संकल्पित होना होगा। पेड़ों से प्रकृति का संतुलन बना रहता है, पेड़ों से ही वर्षा ऋतु का धरती पर आगमन होता है।

डीएसपी शमशेर सिंह ने कहा कि पेड़ दूषित वायु ग्रहण करके हमें शुद्ध व जीवनदायिनी वायु प्रदान करने के साथ- साथ अनेक प्रकार की जड़ी बूटियां प्रदान करते हैं। जितनी वायु और जल की मानव को आवश्यकता है, उतने ही आवश्यक वृक्ष होते हैं। इसलिए सभी को पेड़ या पौधा रोपण करना जरूरी है। सभी को अपने जीवन में किसी ना किसी मौके पर पेड़ या पौधरोपण करना चाहिए। इस मौके पर वन विभाग के रेंज अधिकारी कमल यादव, इदरीश खान वन दरोगा, उमर मोहम्मद वन दरोगा, सूरजभान वन दरोगा सहित काफी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना



**नूंह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को लेकर नूंह जिले के सभी बूथों, जिला तथा खंड कार्यालयों पर पीएम के मन की बात सुनी गई। कार्यक्रम के बारे में जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने बताया कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात में टोक्यो ओलंपिक, आजादी के 75 वर्ष और लोकल फॉर वोकल के संबंध में बात की। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारतीयों के हाथों में तिरंगा देखकर आज पूरा देश अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। टोक्यो में भारतीय खिलाड़ियों ने जो इतिहास रचा है उससे आज पूरे देश में हर्ष का माहौल है। प्रधानमंत्री ने लोकल फॉर वोकल के विषय पर बात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार आत्मनिर्भर भारत योजना को सफल बनाने के लिए निरंतर बेहतर प्रयास कर रही है आज लोकल फॉर वोकल का असर यह हुआ है कि लाखों लोग स्वयं रोजगार के साधन सृजित कर रहे हैं। उन्होंने आजादी के 75 वर्षों की वर्षगांठ के ऊपर कहा आज हमारा देश गौरव की गाथा को करते हुए आगे बढ़ रहा है भारत में विगत वर्षों में देश दुनिया में तरक्की का नाम रोशन किया है आज भारत दुनिया की महाशक्तियों में गिना जाता है हमारा निरंतर प्रयास है कि भारत को निरंतर ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाए। उन्होंने ओलंपिक में भाग लेने वाले तमाम भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा भारतीय खिलाड़ियों के जोरदार प्रदर्शन और प्रतिभा ने भारत और भारत वासियों का मस्तक ऊंचा किया है देश के युवाओं के लिए यह पल गौरवान्वित होने का फल है देश के युवा भी ओलंपिक राष्ट्रमंडल जैसे खेलों में भाग लेकर राष्ट्र का नाम ऊंचा कर सकते हैं।

### तेज रफ्तार वाहन से एसडीएम कार्यालय के दो कर्मचारी चोटिल



**तावडू।** सोहना-तावडू रोड स्थित शिकारपुर मोड़ के नजदीक एक तेज रफ्तार टाटा-407 गाड़ी की चपेट में आने से तावडू एसडीएम कार्यालय में कार्यरत दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनकी गंभीर हालत को देखते हुए अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने एक घायल कर्मचारी के बयान पर टाटा-407 के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दशरथ सिंह चौहान निवासी बांस खुशला भागरौला थाना आइएमटी मानेसर ने बताया कि वह तावडू एसडीएम कार्यालय में कार्यरत है। बीती 23 जुलाई शाम को वह अपने साथी कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर गौरव निवासी बावल की मोटरसाइकिल पर सवार होकर सोहना की तरफ जा रहे थे। बाइक गौरव चला रहा था, जब वह सोहना तावडू रोड पर शिकारपुर मोड पर के नजदीक पहुंचे तो उसी समय सामने से एक टाटा 407 गाड़ी के चालक ने विपरीत दिशा में बहुत ही तेज गति व लापरवाही से चलाकर उन्हें टक्कर मार दी। उनको मोटरसाइकिल सहित काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में उन्हें बायें पैर में चोट व कुल्हे में फैक्चर आ गया वहीं शरीर के अन्य हिस्सों में भी काफी चोटें आईं। इसी तरह उनका साथी गौरव भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तावडू नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद परिजनों को सूचना मिली तो उन्होंने आगामी उपचार के लिए गुरुग्राम के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया वहीं गौरव को उसके परिजनों ने रेवाड़ी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक जगदीश चंद ने बताया कि पीड़ित के बयान पर टाटा 407 के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया गया है।

### काजू बुरादा के कट्टों में गांजा ले जाते दो आरोपी गिरफ्तार



**नूंह।** नूंह अपराध जांच शाखा (सीआईए) ने दो आरोपियों को ट्रक में 265 किलो 400 ग्राम गांजा पत्ती के साथ गिरफ्तार किया हैं। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि शनिवार शाम को नूंह सीआईए प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने सूचना पर पुलिस चौकी आकेड़ा के सामने नाकाबंदी कर ट्रक (आरजे-14-जीके-4707) में आरोपी सलीम पुत्र जाकिर उर्फ मोटा व अखलाक पुत्र फकरुद्दीन निवासी गुरनावट तावडू को 265 किलो 400 ग्राम गांजा पत्ती के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों ने ट्रक में काजू बुरादा के कट्टों में छुपाकर आठ कट्टों में 265 किलो 400 ग्राम गांजा पत्ती भर कर फिरोजपुर झिरका की ओर से नूंह आ रहे थे, लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ सदर थाना नूंह में केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जिसके बाद आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपियों ने पूछताछ में गांजा पत्ती को कानपुर (यूपी) से भरकर लाने की बात कही है। वहीं पुलिस मामले की गहनता से जांच करने में जुटी है। इस धंधे में शामिल अन्य लोगों का भी पता लगा रही है।

### पंजाबी संघ ने ओलंपिक विजेता मीराबाई चानू को बधाई दी

**फरीदाबाद।** हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ ने टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक विजेता देश की बेटी मीराबाई चानू को बधाई दी। संघ ने कहा कि चानू ने साबित किया कि देश की बेटियां भारत का गौरव हैं । प्रधान हरीश आजाद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम आने वाले दिनों में हर प्रकार के कोविड सैनिकों को सम्मानित करेंगे। जिसकी शुरूआत सैक्टर 19 के स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड सैनिक सम्मान से की जा चुकी है। इसी कड़ी में एक नम्बर ईएसआई डिस्पेंसरी के कोविड सेवकों को 28 जुलाई को सम्मानित किया जायेगा । उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज की संस्कृति रही है कि देश का नाम रोशन करने और देश की सेवा करने वालों का सम्मान करना। इसलिये हमने अपनी संस्था का नाम संस्कृति संघ रखा है पंजाबी समाज जात-पात से ऊपर ऊठकर समाज को जोड़ता है, यही हमारा लक्ष्य है। महासचिव तेजिन्द्र खरबंदा ने कहा कि आज की बैठक का मुख्य मुदा रिफूजी और पाकिस्तानी शब्दों को अपराधिक दायरे में लाने के लिये पंजाबी संघ अगस्त में ज्ञापन मुख्यमंत्री को देने जा रहा हैं।

**पायनियर क्लासीफाइड**

• नाम परिवर्तन •

I, Parminder D/o late Meharban Singh Nagi R/o H No-207, Sector-7A Faridabad Hry have changed my name to Parminder Nagi for all future purposes.

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मन्नी मार्केट पिनगवां, मेवात।

## कारगिल विजय दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित



रक्तदान शिविर में शहीद राजबीर सिंह के बड़े भाई को सम्मानित करते पदाधिकारी।

कैलाश मंगला। होडल

### शिविर में 111 यूनिट रक्तदान करके कारगिल युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**कारगिल** विजय दिवस के अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल तथा अन्य प्रमुख सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 111 यूनिट रक्तदान करके कारगिल युद्ध में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी पलवल अशोक बघेल मौजूद थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि व पदाधिकारियों द्वारा मां शारदा एवं मां भारती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जेजेपी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष देवेंद्र सौरोत, नेहरु अधिवक्ता, हरद्वारी लाल, समाजसेवी शिवदत्त वशिष्ठ, हंसराज शर्मा, डॉ ओमवीर शर्मा, महेंद्र सिंह महावर, मनोज सौरोत, ज्ञानचंद, सुधीर सौरोत, मनोज शर्मा, नरेश भारद्वाज, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजन में कारगिल शहीद राजवीर सिंह के बड़े भाई प्रताप सिंह एवं शहीद समुद्र सिंह हुड्डा सेवा समिति के महासचिव दीपचंद सौरोत को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। राधेश्याम कालडा फाउंडेशन, मानव कल्याण सेवा समिति, बजरंग दल, स्वदेशी जागरण, मंच प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, अखंड भारत संस्कार सभा, होडल बीजेपी मंडल,जैन यंग क्लब तथा ओम फाउंडेशन कि स्वयंसेवकों ने रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर अशोक बघेल ने समाजसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कारगिल विजय दिवस पर रक्तदान जैसा पुनीत कार्य करना शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। शिविर में 124 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत तथा जिला संयोजक विष्णु गौड़ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## साई धाम में गुरू पूर्णिमा का महोत्सव

**फरीदाबाद।** श्रीसाई बाबा को भक्तजन सद्गुरू के रूप में पूजा करते हैं। गुरू पूर्णिमा गुरूओं की पूजा करने के लिए एक विशेष दिन होता है।

साईधाम फरीदाबाद में हर वर्ष की तरह इस बार भी गुरू पूर्णिमा के दिन सुबह से शाम तक विभिन्न रूप से पूजा का कार्यक्रम चलता रहा। गुरू पूर्णिमा के दिन प्रात: बाबा का सामूहिक अभिषेक का कार्यक्रम हुआ। उसके उपरांत खीर का प्रसाद वितरण किया गया जो कि श्री अशोक कुमार गोयल द्वारा किया गया। पूरे दिन भक्तों का आना जाना लगा रहा। और प्रसाद वितरण होता रहा। प्रसिद्ध गायिका शिल्पी मदान एवं गायक प्रवीण मलिक ने सायं 5 बजे से रात 9 बजे तक बाबा के सुन्दर भजनों से भक्तजनों को मन मोह लिया। भजनों पर भक्तजन खूब नाचे और भजनों का आनन्द लिया। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया।

## वन विभाग की टीम ने अवैध कब्जा हटाया

### अधिकारियों ने काटा एक पेड़ बरामद किया

पायनियर समाचार सेवा। पुन्हाना

**वन** विभाग के रेंज अधिकारी कमल यादव के नेतृत्व में पुन्हाना होडल मार्ग पर वन विभाग की जमीन पर किये। कब्जे को जेसीबी से तोड़ा गया। साथ ही कब्जाधारी द्वारा उस जमीन से काटे गए चार हरे भरे पेड़ों में से एक पेड़ बरामद किया गया। रेंज अधिकारी के मुताबिक पेड़ों को नुकसान पहुंचाने व जमीन पर कब्जा करने मामला पर्यावरण अदालत फरीदाबाद में भेज दिया गया। जिस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। किसी भी सूरत में पेड़ों की कटाई व विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रेंज अधिकारी कमल यादव ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि होडल पुन्हाना मार्ग पर एक व्यक्ति द्वारा वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करते हुए चबूतरा बनाया जा रहा है।



अवैध कब्जा हटाने के बाद वन विभाग की टीम।

आरोपी ने उस जमीन से चार हरे भरे पेड़ों को काट दिया है। सूचना पाकर रेंज अधिकारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे तो पाया कि वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप कब्जा व मौके से चार पेड़ कटे हुए मिले। जिनमें उस व्यक्ति द्वारा तीन पेड़ों को खुर्द बुर्द कर दिया। एक पेड़ मौके से बरामद किया गया। अधिकारी कमल यादव ने बताया कि किसी भी सूरत में वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा व पेड़ों की कटाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध रूप से कब्जा करने व पेड़ों को काटने वाले फकरु निवासी दल्लावास के खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्यावरण अदालत फरीदाबाद में भेजा जा रहा है, जहां उसके खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।

इसके अलावा अन्य स्थानों पर वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जों के खिलाफ भी कार्यवाही जारी रहेगी। वन विभाग की जमीन पर परमीशन के आधार पर ही कोई कार्य किया जा सकता है।

## सभी व्यस्क वैक्सीनेशन के महत्व को समझें

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

### समय रहते टीकाकरण कराकर सुरक्षित हों

**उपायुक्त** शक्ति सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो, भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, नारनौल, रीजनल आउटरीच ब्यूरो चंडीगढ़ द्वारा जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कोरोना वायरस से बचाव के लिए ग्राम हिलालपुर, घासेड़ा, किरंज जाटान व ग्राम मालब में मुफ्त टीकाकरण शिविर व मोबाइल वैन द्वारा प्रचार किया गया। लोगों को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया। उपायुक्त ने बताया कि 22 जुलाई से आरंभ इन प्रचार गतिविधियों के दौरान हिलालपुर, घासेड़ा, किरंज जाट व मालब में अब तक 4 दिनों के अंदर इन चार ग्रामों में लगभग 550 लोगों को टीका लगाया जा चुका है।

फील्ड आउटरीच ब्यूरो, सूचना व प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नारनौल के विभाग प्रवक्ता राजेश अरोड़ा ने बताया कि सरकार द्वारा कड़े परीक्षणों के उपरांत दो स्वदेशी वैक्सीन को मंजूरी दी गई है। कोविशील्ड व कोवैक्सीन यह दोनों वैक्सीन सुरक्षित है।

उन्होंने मास्क लगाने, 2 गज की दूरी सुनिश्चित करने व कुछ-कुछ अवधि उपरांत हाथों को 20 सेकेंड तक धोने संबंधी जानकारी देते हुए लोगों से कहा कि भीड़-भाड़ वाले इलाकों में बिना मास्क न जाए। कम से कम दो गज की दूरी बनाए रखें। गलत तरीके से पहना गया मास्क से वायरस की चपेट में आने की संभावना होती है और यह झूठी सुरक्षा का भ्रम पैदा करता है। जहां-जहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुफ्त टीकाकरण शिविर लगाए जा रहे हैं।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**फरीदाबाद।** रेलवे लाइन पार करते वक्त बल्लगभढ़ एरिया में आजाद नगर झुग्गियों के निकट ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

मरने वाले व्यक्ति के शव की पहचान नहीं हो सकी है। हालांकि जीआरपी ने शव पहचान के लिए झुग्गी के लोगों को बुलाया, पर लोग शव की पहचान नहीं कर सके। जीआरपी के सबइंस्पेक्टर विश्वास कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 35 साल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

## जफराबाद में तालाब के किनारे मृत मिलीं मछलियां

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

### मछलीपालक ने लगाया जहर देकर मारने का आरोप

### पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी

**उपमंडल** के अंतर्गत गांव जफराबाद में पंचायती तालाब में पल रही मछलियां का बड़ी संख्या में तालाब किनारे मृत अवस्था में मिलने का मामला सामने आया है। पीड़ित मछली पालक ने साजिश के तहत जहर देकर मछलियों को मारने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं तालाब के पानी का सैंपल भी ले लिया है। जिसे लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजा जाएगा।

पीड़ित सेकुल पुत्र इसराइल निवासी जफराबाद ने बताया कि मछली पालन का कारोबार करने के उद्देश्य से वर्ष 2018 में उन्होंने ग्राम पंचायत के तालाब को फीस जमा कर पट्टे पर लिया था। उन्होंने मछली पालन के कारोबार में लगभग पांच से छह लाख रुपये का निवेश किया था। पीड़ित ने बताया कि तीन दिन पहले तालाब के किनारे उन्हें मृत अवस्था में कुछ मछलियां मिली तो उन्होंने ध्यान नहीं दिया। लेकिन उसके बाद मृत अवस्था में मिली मछलियों की संख्या बढ़ती गई तो उन्हें शक हुआ। वहीं रविवार की सुबह तालाब के किनारे बड़ी संख्या में मृत मछलियां मिली तो



तालाब किनारे मृत अवस्था में मिली मछलियों को दिखाते ग्रामीण।

उन्होंने 112 नंबर पर डायल कर पुलिस को मृत मछलियों के बारे में सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

उन्होंने पुलिस को बताया किसी अज्ञात व्यक्ति ने साजिश के तहत तालाब के पानी में जहर छोड़कर मछलियों को मारा है। पुलिस ने तालाब के पानी का सैंपल ले लिया है। मछली पालक सेकुल के मुताबिक अब तक लगभग तीन क्विंटल मछलियां मरने से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हो चुका है। सैकुल ने पुलिस को शिकायत देकर का मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### कहीं मच्छर मार दवा से तो नहीं मर रहीं मछलियां

**मौके** पर एकत्रित ग्रामीण इनाम, अमजद, इरसाद, शाहरुख अली, सोएब मलिक आदि ने बताया कि



मौके पर जांच करती पुलिस

संबंधित पंचायती तालाब में गांव की नालियों का पानी बहकर आता है। कुछ दिन पहले स्वास्थ्य विभाग की ओर से पंचायत विभाग को बगैर सूचित किए गांव की नालियों में मच्छर मारने की कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया था। उन्हें शक है कि नालियों में कीटनाशक दवा छिड़कने के बाद जो पानी तालाब में बहकर आया है उसी के कारण मछलियों की मौत हो रही है। जिसका पता लगाया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने इसे स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही बताया है।

### तालाब में भरे पानी के सैंपल की होगी जांच

**मोहम्मदपुर** पुलिस चौकी इंचार्ज राकेश का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है, तालाब से लिए गए पानी के सैंपल को जांच के लिए भेजा जाएगा।

### ऑक्सीजन की कमी से भी हो सकती है मौत

**सहायक** मत्स्य अधिकारी फारुख का इस बारे में कहना है कि ऑक्सीजन की कमी से भी मछलियों की मौत हो सकती है। कीटनाशक युक्त पानी जाने से मछलियों की मौत की वजह भी इनकार नहीं किया जा सकता। वह भी जल्दी ही मौके का निरीक्षण करेंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# नेताओं की लफ्फाजी

## न्यायालय द्वारा खिंचाई

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने राजनेताओं से कहा है कि वे अपने द्वारा किए वादों का सम्मान करें। उसने 89 पेज के फैसले में सरकारों में उच्च पदों पर बैठे राजनेताओं से कहा है कि उनको जनता से खोखले वादे करने के बजाय उनका सम्मान करना चाहिए। यह फैसला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा एक मामले में किए वादे से संबंधित है। इससे यह संदेश जाता है कि कानून और नैतिकता के बीच खाई पाटनी जरूरी है तथा सत्ता के उच्च पदों पर बैठे निर्वाचित या अन्य अधिकारियों को समझना चाहिए कि वे 'जनता के प्रति जवाबदेह हैं, खासकर ऐसे मामले में जब वे कोई खास काम करने या न करने पर अपनी सहमति दे देते हैं।' नागरिकों को उम्मीद होती है कि सरकार अपने द्वारा किए वादों का क्रियान्वयन करेगी। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह ने फैसले में अपनी टिप्पणी से समाज की सोच को अभिव्यक्ति दी है। उन्होंने कहा है, 'यह कहावत सामाजिक संदर्भ में बहुत महत्वपूर्ण है कि वादे तोड़ने के लिए किए जाते हैं।' इस निर्णय में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सरकार या उसके अधिकारियों द्वारा किए वादे पूरे न किए जाने पर 'न्यायिक रूप से लागू करने योग्य' होते हैं। यह निर्णय राजनेताओं को उन चीजों की याद दिलाता है जो प्रशासन के बिजनेस में कही जाती हैं, पर राजनीति के दायरे में भुला दी जाती हैं। इनमें से एक यह है कि सुशासन के लिए शासन करने वालों और शासित लोगों के बीच विश्वास बनाए रखना जरूरी है। यह विश्वास बनाए रखना उन आश्वासनों की वैधानिकता से जुड़ा है जो नागरिकों और सरकार के बीच संबंध मजबूत करते हैं। नागरिक सरकारी पदों पर बैठे लोगों के वादों पर काफी विश्वास



करते हैं और उनके द्वारा दिया गया आश्वासन एक दायित्व की तरह है जो जनता के प्रति उनके सार्वजनिक दायित्व से जुड़ा होता है। इस निर्णय से एक महत्वपूर्ण नतीजा यह निकलता है कि किसी उच्चाधिकारी द्वारा दिया गया प्रतिनिधित्व उसके अधिकार के दायरे में आ जाता है। इस निर्णय का भारतीय राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा जिसमें सत्तारूढ़ राजनेता बिना पहले विचार किए लोकरंजक बातें करने के आदी हो जाते हैं और प्रशासन के दृष्टिकोण से उन पर बाद में सोचते हैं। किसी भी दिन के अखबारों को सरसरी नजर से देखने पर जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा किए ऐसे अनेक वादे दिखते हैं जो अधूरे रह जाते हैं। वर्तमान मामले का संबंध कुछ गरीब श्रमिकों द्वारा अदालत में दायर की गई याचिका से है। इसमें केजरीवाल से उनकी ओर से किराया अदा करने की बात कही गई है यदि वे कोविड-19 से आई मुसीबत के कारण उसे अदा करने में विफल रहे। केजरीवाल ने मार्च, 2020 में इसका वादा किया था, पर बाद में इसका पालन नहीं किया। इस मामले के संदर्भ में अदालत का यह कथन बिल्कुल ठीक है कि 'वाणिज्यिक विज्ञापनों में जिस प्रकार के बड़बोलेपन की अनुमति है, उसे प्रशासन में स्वीकार कर उसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है।' यह फैसला उन राजनेताओं के लिए गंभीर चेतावनी है जिनके लिए जनता केवल मतदाता है, नागरिक नहीं। ऐसे लाखों राजनीतिक व चुनावी वादे हैं जो अनदेखे रह जाते हैं क्योंकि उन सत्तारूढ़ राजनेताओं को दंड देने के कोई कानून नहीं हैं जो परंपरागत रूप से वादे करते रहते हैं, पर उनके प्रति जवाबदेही नहीं प्रदर्शित करते हैं। इस फैसले के बाद सत्तारूढ़ लोगों को सोचना होगा कि वे जनता की वैध उम्मीदों से खिलवाड़ न करें।

# मध्यस्थता धनराशि की प्रतीक्षा में केयर्न

ब्रिटिश बिजली व ऊर्जा क्षेत्र की विशाल कंपनी केयर्न इनर्जी ने भारत सरकार को मामला सुलझाने के लिए कई प्रकार के विस्तृत प्रस्ताव दिए हैं।



**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



जिस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था, उसी दिन भारत को एक तगड़ा झटका भी लगा था। ब्रिटिश बिजली व ऊर्जा क्षेत्र की विशाल कंपनी केयर्न इनर्जी के साथ पूर्वगामी टैक्स विवाद मामले में फ्रांस की एक अदालत ने पेरिस में भारत सरकार की आवासीय परिसंपत्तियों को फ्रीज कर दिया था। इस फैसले का प्रभाव 20 संपत्तियों पर पड़ेगा जिनका मूल्य 20 मिलियन यूरो या 177 करोड़ रुपये है। इनको कुछ साल पहले केयर्न इनर्जी द्वारा भारत को दिए कर्ज की गारंटी के रूप में रखा गया था। 755 मिलियन पौंड या लगभग 7,800 करोड़ रुपये बाजार पूंजीकरण वाली कंपनी ने अनेक देशों में 1.7 बिलियन डालर या 12,750 करोड़ रुपये की अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता धनराशि वसूल करने के लिए कई देशों में मुकदमे दायर किए हैं। कंपनी ने न्यूयार्क में भी मुकदमे दायर कर न्यायिक अनुमति मांगी है कि एयर इंडिया को भारतीय राज्य का हिस्सा मानते हुए उसे संयुक्त रूप से मध्यस्थता धनराशि के लिए जिम्मेदार माना जाए। फ्रांसीसी अदालत का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि इसेस नया राजनयिक टकराव पैदा हो सकता है जिसका प्रभाव देश की संप्रभुता पर भी पड़ेगा। इससे यह छवि भी बनेगी कि एमएनसी व अन्य निजी पार्टियां भारत को हल्के में ले सकती हैं। ठीक यही हुआ। केयर्न जैसा एक मामला देवास मल्टीमीडिया का है जिसे इसरो के पूर्व कार्यकारियों ने शुरू किया था। इसने इसरो के एंट्रिक्स कार्प के साथ समझौता किया था। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण ने 2005 में कहा था कि स्पेक्ट्रम समझौता धोखाधड़ी है। उसका हिस्सा बाद में ड्यूटुश टेलीकाम ने ले लिया। देवास ने यह कहते हुए मध्यस्थता ट्राइब्यूनल का दरवाजा खटखटाया कि इस प्रकार रद्द किए जाने से उसका कई मिलियन डालर का निवेश नष्ट हुआ है। 2020 में ट्राइब्यूनल ने देवास को 1.2 बिलियन डालर मंजूर कर दिए। अब वह भारत सरकार से भुगतान मांग रहा है जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने स्थगित कर दिया है। न्यूयार्क की एक अदालत ने एयर इंडिया से भुगतान करने को कहा है नहीं तो उसकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी जिसमें विमान, कार्गो हैंडलिंग उपकरण तथा आर्टवर्क शामिल हैं।

दोनों मामलों में भारतीय अधिकारियों ने मामले की पैरवी ठीक से नहीं की। केयर्न और देवास मामले में उन्होंने जर्मनी और हेग अदालतों का दरवाजा खटखटाया, जबकि दो मध्यस्थता मामलों में न्यायक्षेत्र व आपराधिकता पर भारत के तर्क भारत-मारीशस व भारत-जर्मनी के द्विपक्षीय निवेश समझौतों-बीआईटी के अंतर्गत थे। केयर्न व देवास ने दबाव की रणनीति के अंतर्गत एयर इंडिया विमानों पर प्रमुख संपत्ति के रूप में निशाना लगाया ताकि भारत पर भुगतान वार्ता के लिए दबाव डाला जा सके। हालांकि, कर्ज का भुगतान प्राप्त करने के लिए विमान या संपत्तियां जब्त करना अतिवादी रणनीति कही जा सकती है, पर इसके पूर्व-उदाहरण हैं। विमान कीमती व गतिशील संपत्ति होते हैं ओर उनकी बिक्री तुलनात्मक रूप से आसान है। कुछ साल पहले अमेरिका के हेज फंड इलियट कैपिटल मेनेजमेंट ने अर्जेन्टाइना के समुद्री जहाज पर कब्जा कर लिया था ताकि 2001 में दिया कर्ज वसूल किया जा सके। केयर्न मामले का संबंध अनुचित टैक्स व्यवस्था से है। 2014 में पूर्वगामी टैक्स मांग के कारण कंपनी का सरकार के साथ विवाद है। आयकर विभाग ने उन भारतीय कार्रवाइयों में 10 प्रतिशत हिस्सा जब्त किया था जो केयर्न बेचने का प्रयास कर रही थी। लंबे विवाद के बाद केयर्न ने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का रास्ता अपनाया और उसे 1.7 बिलियन डालर प्राप्त हुए।

हाल ही में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उच्च कराधान का मामला उठाया। इसके अलावा पूर्वगामी टैक्स तथा पूर्वगामी प्रभाव से टैक्स लागू करने पर जटिलता का समाधान नहीं हुआ है। ओईसीडी ने कार्पोरेट पर न्यूनतम 15 प्रतिशत वैश्विक टैक्स का प्रस्ताव किया है। संप्रग सरकार ने विवादास्पद पूर्वगामी टैक्स की शुरुआत मार्च, 2012 में की थी। राजग-2 से उम्मीद थी कि वह इसे ठीक करेगी, पर 2014 के बाद भी नौकरशाही व्यवस्था उसी रास्ते पर चलती रही। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 20 जनवरी, 2012 को वोडाफोन के पक्ष में फैसला देते हुए 2010 के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को उलट दिया था जिसमें कहा गया था कि वोडाफोन को पूर्वगामी प्रभाव से 2 बिलियन डालर टैक्स देना होगा क्योंकि दो अनिवासी उद्यमों के बीच शेयरों के हस्तांतरण पर भारतीय पूंजी लाभ कर-सीजीटी लागू होता है। लेकिन कर अधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से बचने के लिए मार्च, 2012 में पूर्वगामी टैक्स लागू कर सरकार को सीजीटी लागू करने की अनुमति दे दी। यह कदम पूर्व वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी ने 2012 में उठाया था। मार्च, 2018 में तत्कालीन वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली ने कहा था कि संप्रग द्वारा वोडाफोन पर पूर्वगामी टैक्स लगाना गलत था और 'वर्तमान सरकार उस रास्ते पर नहीं चलेगी।' 18 जुलाई, 2014 को उन्होंने कहा था कि भारत पूर्वगामी प्रभाव से कोई टैक्स नहीं लागू करेगी जो अतिरिक्त बोझ डालता है। लेकिन जेटली ने 2011 का कानून वापस करने के लिए कोई कदम नही उठाए।

जेटली व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूर्वगामी टैक्स न लगाने के वादों का प्रयोग केयर्न इनर्जी ने 20 दिसंबर, 2020 को हेग में तीन सदस्यों वाले स्थाई मध्यस्थता न्यायाधिकरण में किया गया। इसने फैसला दिया कि 2006 में केयर्न इनर्जी के भारतीय बिजनेस का पुनर्गठन 'अवैध करापवंचन' नही था और उसने कर अधिकारियों को अपनी मांग छोड़ने को कहा। लेकिन नौकरशाही की जिद के कारण ऐसा नहीं हुआ। केयर्न ने मध्यस्थता फैसला लागू करने के लिए विभिन्न महाद्वीपों के न्यायक्षेत्रों में प्रयास किया जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, सिंगापुर, मारीशस, फ्रांस व नीदरलैंड शामिल हैं। कंपनी का इरादा उच्च मूल्य वाली परिसंपत्तियों पर निशाना लगाना है। केयर्न ने मामला सुलझाने के लिए भारत सरकार को अनेक विस्तृत प्रस्ताव दिए हैं। लेकिन अब राजग सरकार संभवत: अधिकारियों के दबाव में अपना दृष्टिकोण बदल रही है। भारत को यह सवाल परेशान कर रहा है कि क्या देश को अपने ध्वजवाहक विमानों तथा अन्य प्रमुख संपत्तियों से हाथ धोना पड़ेगा? तकनीकी रूप से ऐसा हो सकता है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि उनको अभी फ्रांसीसी अदालत या सरकार से कोई नोटिस या संदेश नहीं मिला है और वे मामले का डट कर बचाव करेंगे। इससे वार्ताओं के साथ ही और मुकदमेबाजी संभव है। केयर्न कार्पोरेट कम्युनिकेशन के निदेशक डेविड निस्बत ने कहा था कि कंपनी भारत के साथ समझौता कर अपने शेयरधारकों का विश्वास बनाए रखना चाहती है। उसने 1.7 बिलियन प्राप्त करने के लिए 70 बिलियन डालर की भारतीय परिसंपत्तियों की पहचान की थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय कंपनी जानती है कि सरकारों से मुकाबले के साथ ही उसे बिजनेस में उनकी सद्भावना भी चाहिए।

फ्रांसीसी अदालत का वर्तमान आदेश आने से पहले जनवरी, 2021 से ही सरकार बातचीत कर रही है। वह मध्यस्थता भुगतान के बजाय केयर्न इनर्जी को रत्ना-आर सीरीज़ का एक तेल क्षेत्र दे सकती है जिसे अरब सागर में इस्सार-प्रीमियर आयल से 2016 में लिया गया था। केयर्न ने 10247 करोड़ रुपये पूर्वगामी टैक्स की मांग के बाद एनजीआरआई सर्वेक्षण के नतीजे में बाड़मेर में सबसे गहरे तेल कुंए बनाने की इच्छा छोड़ दी थी। शायद सरकार चाहती थी कि सबसे कम आपरेशनल खर्च वाली यह सबसे बड़ी तेल कंपनी भारत आए जिससे उसकी अंतरराष्ट्रीय निवेशकों में अच्छी छवि बने। वह बाड़मेर तेल क्षेत्र के अन्य विकल्प भी खोज रही थी। इस क्षेत्र में काम कर रही वेदन्ता अब तक अनुबंध विस्तार की सरकारी शर्तों पर तैयार नहीं है। वेदान्ता के अंतर्गत राजस्थान तेलक्षेत्रों के उत्पादन में लगातार कमी आई है। केयर्न ने उत्पादित प्रति बैरल तेल पर 9 डालर सेस का विरोध किया था। नौकरशाहों ने पूरे मुद्दे को एक जाल में फंसा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वगामी प्रभाव से टैक्स समाप्त करने का राजनीतिक निर्णय यह सुनिश्चित कर सकता है कि केयर्न, वोडाफोन, देवास या वेदान्ता जैसी घटनायें दुहराई नहीं जाएंगी तथा नौकरशाहों को स्थितियां जटिल बनाने का मौका नहीं मिलेगा।

# सरकार के समक्ष पेगासस की चुनौती



**ज्ञानेश्वर दयाल**
(लेखक डाक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता एवं स्तम्भकार हैं)

सफेद पंखों वाला काल्पनिक लड़ाकू घोड़ा पेगासस आखिरकार भारत में उतरा है। ऐसा लगभग दो साल पहले 2019 चुनाव के पूर्व हुआ। पेगासस संभवत: ऐसा सफेद घोड़ा सिद्ध हुआ जिसकी पीठ पर सवार होकर भाजपा ने विपक्ष को नष्ट कर दिया और अपनी विजय सुनिश्चित की। काल्पनिक पेगासस की तरह इसने विरोधियों को नष्ट कर दिया तथा अपने सवार मालिक की आरामदेह व ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की। वास्तव में इसे जनता के पैसे से खरीदा गया था। सभी जानते हैं कि पेगासस वर्तमान समय में एक स्पाईवेयर प्रोग्राम है जिसका प्रयोग किसी फोन को हैक कर इस उपकरण पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए किया जाता है। इस्राइल के एनएसओ ग्रुप द्वारा विकसित यह किसी मोबाइल फोन के कैमरे, माइक्रोफोन, कांटैक्ट लिस्ट, डेटा, आदि तक गोपनीय पहुंच बनाता है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा समस्याओं व आतंकवाद से निपटने हेतु किसी सरकार के लिए उपलब्ध है। निर्माताओं का दावा है कि वे व्यक्तियों, बिजनेसों या संगठनों को यह साफ्टवेयर नहीं बेचते हैं। वे इसे केवल सरकारों को बेचते हैं ताकि इसका दुरुपयोग न हो सके। 'प्रोजेक्ट पेगासस' फ्रांसीसी संगठन 'फारबिडेन स्टोरीज़' व एमनेस्टी इंटरनेशनल के कठोर परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने पेगासस की बिक्री, दुरुपयोग तथा लक्ष्यों की जांच की। उन्होंने पेगासस की निगरानी वाले लोगों के फोन नंबरों का पता लगाया। उन्होंने अपने काम का साझा मीडिया संगठनों से किया। इस परियोजना में सहयोगियों के रूप में गार्जियन, वाशिंगटन पोस्ट, भारतीय द वायर तथा अनेक अन्य मीडिया संगठन शामिल हैं। इससे एक भयानक प्रकरण सामने आया है। उन्होंने पता लगाया कि दुनिया के अनेक सरकारों ने कैसे इनका प्रयोग ऐसे लोगों के खिलाफ किया जिनको वे सरकारें एक संभावित खतरे की तरह देखती थीं। भारत इसे खरीदने और प्रयोग करने वाले देशों में से एक है जहां इसका प्रयोग आतंकवादियों के बजाय सिविल सोसाइटी के खिलाफ किया गया। राजनेता, पत्रकार, वकील, एक्टिविस्ट तथा उसके अपने मंत्री भी निशाने पर थे। सामने आई खबरों से संकेत मिलता है कि इसका प्रयोग प्रधान न्यायाधीश की एक इंटर्न,




निर्वाचन आयुक्त, विपक्षी नेताओं तथा यहां तक कि सरकार के मंत्रियों के खिलाफ किया गया। वे न आतंकवादी थे और न उनसे राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा था। सिद्धान्त रूप से यह साफ्टवेयर आतंकवाद से लड़ने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत करने के लिए है, पर इसका प्रयोग तत्कालीन सत्तारूढ़ सरकार को मजबूत करने के लिए किया गया। यह उसे अपने खिलाफ लोगों के विरुद्ध खड़े होने तथा आतंकवाद के नाम पर भय पैदा करने का अवसर देता था। गृह मंत्री अमित शाह ने वर्तमान प्रकरण पर कहा है कि लोगों को क्रोनोलोजी समझनी चाहिए। हालांकि, जनता इस पूरे मामले पर सवाल उठा रही है तथा जानना चाहती है कि पिछले चार-पांच साल में क्या हुआ। तस्वीर को समग्रता से देखने के लिए इस मामले में भारत में लक्षित लोगों की लंबी सूची में शामिल कुछ नामों पर गौर किया जा सकता है। 2019 के आम चुनाव से पहले और उसके बाद बहुत कुछ हो चुका है। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त अशोक लवासा की आम चुनाव में प्रमुख भूमिका थी। वे एक ऐसी समिति में शामिल थे जो आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ शिकायतें सुन रही थी। मोदी व शाह के खिलाफ शिकायतों पर समिति के फैसले से लवासा की सहमति नहीं थी। उनकी पत्नी नोवेल लवासा को दो महीने बाद आयकर का नोटिस दिया गया। पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई के खिलाफ इंटर्न ने एक शपथपत्र देकर यौन उन्मुखीकरण के आरोप लगाए थे और उसका नाम भी पेगासस सूची में शामिल था। पेगासस प्रोजेक्ट के अनुसार, उसका तथा उसके परिवार के 10 अन्य सदस्यों के नाम लक्षित सूची में शामिल थे। यह ऐसा समय था जब जस्टिस गोगोई ने अनेक महत्वपूर्ण व संवेदनशील मामलों में फैसले दिए थे जिनमें राम मंदिर व राफेल शामिल हैं। उन्होंने राफेल समझौते के मामले में मोदी सरकार को क्लीन चिट दी थी। उन्होंने अयोध्या फैसला दिया था जिससे केन्द्र सरकार बहुत प्रसन्न थी। उन्होंने सीताराम येचुरी द्वारा मुहम्मद यूसुफ तारीगामी को पेश करने वाली हीबियस कार्पस याचिका पर कठोर दृष्टिकोण नहीं अपनाया था। यह निर्णय मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 समाप्त करने तथा कश्मीर में अनिश्चितकालीन लाकडाउन के निर्णय के बाद आया था। जस्टिस गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उनकी हिरासत को अवैध नहीं कहा था। पेगासस का प्रयोग विपक्षी नेता तथा 2019 को मोदी को चुनौती देने वाले प्रमुख नेता राहुल गांधी के खिलाफ भी किया गया था। एक समय भाजपा के रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर का नाम भी लक्षित लोगों की सूची में था। मजेदार बात है कि इस मामले में सरकार का सदन में बचाव आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसी जासूसी असंभव है, हालांकि स्वयं उनका फोन भी निगरानी वाली सूची में शामिल था। इस साफ्टवेयर का प्रयोग भीमा कोरेगांव मामले के आरोपियों के खिलाफ भी किया गया था। पश्चिमी मीडिया पहले ही संकेत दे चुका है कि भीमा कोरेगांव मामले में लोगों को गलत तरीके से फंसाया गया था। हनी बाबू, मुसलियावेत्तिल थराइल, उनकी पत्नी जेनी रोवेन्ना, वर्नोन गोन्साल्वेज़, आनन्द टेलटुम्बडे, सुधा भारद्वाज, गौतम नवलखा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर शोमा सेन तथा वकील अरुण फेरेरिया के नाम प्रोजेक्ट पेगासस में सामने आए हैं। आरोपियों में 84 वर्षीय फादर स्टेनस्वामी भी शामिल थे जिनका निधन 5 जुलाई को चिकित्सा आधार पर जमानत की प्रतीक्षा करते हुए हो गया। पेगासस प्रकरण सरकार के लिए चुनौती बन गया है, हालांकि सरकार ने जासूसी में अपनी किसी सहभागिता से इनकार किया है। यदि वह संलिप्त नहीं थी तो इसे यह बात तीसरे पक्ष की जांच से सिद्ध करनी चाहिए जिसकी मांग कपिल सिब्बल ने की है। वर्तमान समय में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं को पाक-साफ सिद्ध करे। इससे जनता का लोकतंत्र पर विश्वास मजबूत होगा। इससे देश की छवि भी मजबूत होगी जिसके लिए वर्तमान सरकार अत्यधिक प्रयासरत है।

## आप की बात

### पेगासस पर दावे-प्रतिदावे

**मानसून** सत्र के लिए पेगासस का जिन्न मुसीबत बन कर आया है। सियासत के कारण सदन की मर्यादा और सदस्यों का व्यवहार खराब हुआ है। विपक्ष कई वरिष्ठ और गणमान्य के फोन टेप किए जाने को लेकर हंगामा कर रहा है तो सरकार दावे को निराधार बता रही है। दोनों के बीच बढ़ती तल्खी से सदन का बहुमूल्य वक्त जाया हो रहा है जो कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर उचित नहीं है। पेगासस को लेकर पक्ष विपक्ष आमने-सामने है। विपक्ष नेताओं, जजों और पत्रकारों के फोन सरकार द्वारा टैप करवाए जाने का आरोप लगा रहा है। जासुसी प्रकरण को लेकर हो रहे हंगामे से लोकसभा की कार्यवाही नहीं चल पा रही है और पूरा सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ गया है। संसद में इस मुद्दे पर चर्चा और संयुक्त समिति से जांच की मांग को लेकर अड़ा विपक्ष सरकार को रास नहीं आ रहा है। सरकार इस मामले में अपने हस्तक्षेप को नकार रही है। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष द्वारा चर्चा की मांग ठुकराई जाने से भी विपक्ष आक्रामक है। हंगामे बाजी से जरूरी मुद्दों पर बहस नहीं हो पा रही है। अगर इसी तरह हो-हल्ला मचता रहा तो कोरोना जेसी महामारी की आशंकित करने वाली तीसरी लहर से बचाव पर चर्चा कब होगी? विपक्ष इस बात पर गौर करें।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### कारगिल विजय दिवस

**भारत** ने हमेशा शांति और समृद्धि के मार्ग में विश्वास किया है। कई देशों ने भारत की नीति को गलत समझा। उन्होंने भारत के भौगोलिक क्षेत्र पर जीत हासिल करने का फायदा उठाना चाहा। लेकिन, वे यह समझना भूल जाते हैं कि भारत शांति, सहयोग, समृद्धि की कामना करता है। लेकिन अगर कोई राष्ट्र प्रादेशिक सत्ता पर कब्जा करने, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ काम करने की दृष्टि से देखता है, तो सख्त रुख अख्तियार किया जाता है।वो चाहे फिर सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में हो या ढोकलाम, भारत जानता है कि कैसे एक ही सिक्के में जवाब देना है। इस बार एक सौ तीस अरब से अधिक लोग कारगिल के बाईसवें विजय वर्ष का जश्न मनाएंगे। वर्ष 1999 में, पाकिस्तान की ओर से लड़ाई शुरू हुआ और युद्ध में परिवर्तित हो गया। इससे दोनों पक्षों के जवानों की क्षति हुई। लेकिन, बावजूद इसके ऐसा लगता है कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देश को शांति और समृद्धि की भाषा और भावना समझ में नहीं आती है। यही कारण है कि वे भारत में आतंकवाद, अस्थिरता को पनपाने में लगे हैं। हालांकि, भारत अपने गुमनाम नायकों और असली सेनानियों को नम आखों से हमेशा याद किया जाएगा। भारत मां के शहीदों को हमारी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### कोरोना में धूम्रपान न करें!

**कोरोना** संक्रमण काल मे धूम्रपान नही करना चाहिए।कोरोना संक्रमण की पहचान के लिए नाक, मुंह से रुई लगी काड़ी द्वारा सेम्पल लिए जाते है। इन सब के अलावा एक्सरे, सिटी स्केन से भी संक्रमण होने का पता जांच द्वारा किया जाता है। धूम्रपान से फेफड़े कमजोर हो जाते जिससे वे संक्रमण को रोकने में उतने प्रभावी नही होते जितने स्वस्थ फेफड़े होते है। निकोटिन भी हमारे पर्यावरण को जहरीला बनाता है। महज 8या 10 मिनट तक के परोक्ष धूम्रपान सहन करने से व्यक्ति के रक्तचाप में वृद्धि, हृदय की धड़कनों में वृद्धि, खून की नलिकाओं में सिकुड़न, फेफड़ो पर प्रभाव होने से वे कमजोर हो जाते है।साथ ही कोरोना में ये शिघ्र प्रभावित हो जाते है। जिससे संक्रमण का स्तर बढ़ जाता है। धूम्रपान करने से फेफड़ो पर घातक प्रभाव पड़ता है। धूम्रपान का धुंआ पर्यावरण और इंसान की सेहत बिगाड़ रहा है।खुशहाल जिंदगी जीने के लिए उत्पाद पर लिखी चेतावनी को भी गंभीरता से लेना होगा। ताकि स्वच्छ पर्यावरण के साथ फेफड़ों पर संक्रमण हावी ना हो पाए।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** का बयान स्वागतयोग्य था, लेकिन जमीनी स्तर पर कश्मीरी अवाम का दिल जीतने के प्रयास होते नजर नही आ रहे हैं।

– **फारूख अब्दुल्ला**
अध्यक्ष नेकां

**देश** आजादी के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, ऐसे में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन की तर्ज पर प्रत्येक नागरिक को भारत जोड़ो आंदोलन की अगुवाई करनी चाहिए।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री





**प्रधानमंत्री** को पेगासस के आरोपों पर संसद में बयान देकर स्पष्ट करना चाहिए कि जासूसी कराई गई थी या नहीं।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

# जिले में भी लगेंगे 14 लाख से अधिक पौधे : राज्यमंत्री

## मुख्य अतिथि कमलेश ढांडा ने जिला स्तरीय वन महोत्सव में की शिरकत





### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि सभी व्यक्तियों को पौधे लगाकर बच्चों की तरह उनका संरक्षण करना चाहिए। पेड़-पौधों से हमें जीवनव्यापी ऑक्सीजन के साथ-साथ छाया, फल, लकड़ियां व औषधियां प्राप्त होती हैं।

राज्य सरकार ने पेड़ों की महत्ता को देखते हुए और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस वर्ष तीन करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसी प्रकार जिले में भी 14 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में 72वें जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। इससे पहले राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, उपायुक्त प्रदीप दहिया ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। कार्यक्रम में पर्यावरण विषय पर प्रश्नोत्तरी व पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को भी राज्यमंत्री ने सम्मानित किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया।

अपने संबोधन में राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मानव जीवन में वनों का बहुत महत्व है। पेड़-पौधों से हमें जीवनव्यापी ऑक्सीजन प्राप्त होती है। पर्यावरण, जल, वन के महत्व को समझते हुए सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाकर पौधरोपण किया जा रहा है। वर्तमान परिवेश में कोविड-19 के दृष्टिगत ऑक्सीजन की कमी नजर आई थी, परंतु सरकार द्वारा व्यापक प्रबंध करके ऑक्सीजन की कमी को पूरा किया गया।

इन्हीं बातों को देखते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए, ताकि भविष्य में ऑक्सीजन की कमी नही रहें और पर्यावरण भी संरक्षित हो पाएगा। उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान को जल शक्ति अभियान से जोड़ा गया है और खुशी की बात है कि जल शक्ति अभियान में अब तक दिए गए लक्ष्य को कैथल जिले ने पूरा किया है और प्रदेश में इस समय पहले स्थान पर है।

इस मौके पर उपायुक्त प्रदीप दहिया, आरकेएसडी समिति के प्रधान एडवोकेट साकेत मंगल, डीएफओ रणबीर सिंह, तुषार ढांडा, प्रिंसीपल संजय गोयल, महावीर पठानिया, श्याम सुंदर बंसल, कार्यकारी अभियंता बनारसी दास, एमआर कंबोज, सुशील कुमार, महीपाल पठानिया, बलजीत सिंह, प्यारे लाल, मनोज कुमार, राजेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, जिले सिंह, नरेश कुमार, गुरदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

### 1950 में वन महोत्सव मनाने के अभियान को किया गया था शुरू

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि वर्ष 1950 में आज के दिन वन महोत्सव मनाने के अभियान को शुरू किया गया। सरकार द्वारा वनों को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक जिले में आक्सी वन पार्क बनाए जा रहे हैं, जो भरपूर मात्रा में आक्सीजन का स्त्रोत होंगे। प्रत्येक गांव में पंचवटी पौधारोपण का कार्य भी वन विभाग द्वारा जोर शोर से चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन अथवा किसी भी विशेष अवसर पर पौधारोपण करें। सभी सरकारी भवनों अथवा उनकी सम्पत्तियों में पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्य योजना बनाते हुए एक लक्ष्य निर्धारित किया जाए। इससे आमजन भी जागरूक होगा और पौधारोपण से लेकर पौधे की देखभाल करने की मुहिम सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ेगी।

### जिले में 14 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया

उपायुक्त प्रदीप दहिया ने राज्यमंत्री कमलेश ढांडा का स्वागत करते हुए कहा कि पेड़-पौधे लगाने के साथ-साथ उन्हें संजोकर रखना भी जरूरी है। समय-समय पर सरकार द्वारा पौधा गिरि व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से पौधरोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विशेष योजना पेड़-पौधों के संरक्षण के लिए बनाई है कि 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी अगर पौधरोपण करके उसका संरक्षण भी करेंगे तो उन्हें अतिरिक्त अंक भी दिए जाएंगे। जल शक्ति अभियान के तहत जिले में 14 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, अब तक एक लाख 61 हजार से ऊपर पौधे लगाए जा चुके हैं और निरंतर इस अभियान को जारी रखते हुए तय लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा। कार्यक्रम में आए हुए सभी व्यक्तियों को पौधे भी वितरित किए गए।

### प्रतिभागियों को किया कार्यक्रम में सम्मानित

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रश्नोत्तरी व पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बच्चों को सम्मानित किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रीति पांचाल ने प्रथम, मयंक ने द्वितीय तथा ममता सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पेंटिंग प्रतियोगिता में आंचल शर्मा ने प्रथम, तनु ने द्वितीय तथा खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



# खेलमंत्री संदीप सिंह ने द्रोणाचार्य स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य खेल प्रांगण में जिस-जिस खेल में खिलाड़ियों की संख्या अधिक है। उन खेलों के लिए अच्छा फील्ड तैयार किया जाए। इसके लिए मौके पर ही खेल निदेशक आईपीएस पंकज नैन को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

खेलमंत्री संदीप सिंह ने द्रोणाचार्य खेल प्रांगण का औचक निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले खेलमंत्री संदीप सिंह खेल गुरु सम्मान समारोह में शिरकत करने से पहले अचानक द्रोणाचार्य खेल प्रांगण में पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद सबसे पहले खेल अधिकारी कक्ष के साथ प्रशासनिक भवन का अवलोकन किया। इस दौरान नए भवन में पाइप लीकेज, लोहे से वस्तुओं पर जंग लगने सहित कई कमियां सामने आईं। इन कमियों को गंभीरता से लेने के उपरांत खेल मंत्री से नए भवन बनाने वाली एजेंसी की फीडबैक ली। खेल अधिकारी को आदेश दिए कि जब तक ऐंजेसी कमियों को दूर नहीं करती तब तक भवन का चार्ज नहीं लेना है। खेलमंत्री नए भवन का निरीक्षण करने के बाद जैसे ही खेल प्रांगण में पहुंचे तो खिलाड़ियों ने खेल मंत्री और पूर्व ओलम्पियन को अपने बीच पाकर गदगद हो गए। खिलाड़ियों की खुशी का ठिकाना ना रहा। इस मौके पर खेल निदेशक पंकज नैन, डीएसओ बलबीर सिंह, जय भगवान, शमशेर सिंह सहित अन्य प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## नव चयनित एसएमसी ने तारांवाली सरकारी स्कूल में किया पौधरोपण



**कैथल।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय प्राथमिक पाठशाला तारांवाली में मुख्याध्यापक लखविंदर सिंह की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया। सभी मेंबरों ने सर्वसम्मति से प्रधान चहुड राम और उपप्रधान सुमन देवी को चुना। एसएमसी ने अपने पहले दिन की शुरुआत स्कूल परिसर में पौधा लगाकर की। एसएमसी ने कहा कि जिस तरह हम पौधों की देखभाल करते हैं, उसी तरह हम स्कूल के कार्यों को देखेंगे। हम स्कूल के कार्यों में अपना संपूर्ण सहयोग देंगे। इस अवसर पर रेडक्रॉस काउंसलर एवं शिक्षक गुरदीप सिंह, मास्टर सुरजीत राम, नवीन जामनी, सुरेंद्र बिठमड़ा, मनजीत सिंह पोलड, इच्छर राम मेम्बर, सुखबिंदर कौर, छिंदर देवी, कुलदीप सिंह, सुमन देवी आदि भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा से ही चरित्र और राष्ट्र निर्माण संभव



**कुरुक्षेत्र।** मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहबाद एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, हरियाणा प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में वार्ता का विषय चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास में शिक्षा संस्थानों की भूमिका रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार के स्वागत भाषण से हुआ। डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास ही है। विशिष्ट अतिथि एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के कुल सचिव डॉ. संजीव शर्मा ने प्रस्तावना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में देशराज शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक, चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं में चरित्र निर्माण की भूमिका बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण संभव है। नीतिकारों एवं शिक्षकों को चरित्र निर्माण की महत्ता को समझते हुए, इसे प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. जवाहर लाल ने किया।

### कैम्प में 163 मरीजों का चेकअप कर बांटीं दवाइयां



**कुरुक्षेत्र।** बालकुलम शिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा श्रीवेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य शांतिकुंज हरिद्वार के सूक्ष्म संरक्षण में खेड़ी ब्राह्मणान गांव के सामुदायिक केंद्र में सामान्य चिकित्सा एवं दांतों का नि:शुल्क कैंप आयोजित किया गया। कैंप का शुभारंभ भगवान परशुराम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेश्वर जोशी ने मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। डॉक्टर योगेश्वर जोशी ने कहा कि आरोग्य आर्यु क्लीनिक के संचालक डॉ संजय शर्मा का बहुत ही सराहनीय प्रयास है कि वह बालकुलम् शिक्षण संस्थान के साथ मिलकर मेडिकल कैंप का आयोजन कर रहे हैं। डॉ जोशी ने कहा कि कोरोना काल में चिकित्सक हमारे देश के सैनिकों की तरह अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा का पुण्य कार्य कर रहे हैं। डॉक्टर संजय शर्मा आरोग्य आयुर्वेद के संचालक द्वारा 1672 वे कैंप का आयोजन किया गया। डॉ संजय ने कहा कि गर्मी में बारिश के मौसम में कुछ सावधानियां बरतने से हम स्वस्थ रह सकते है। डॉ आस्था शर्मा डेंटल क्लीनिक अंबेडकर चौक द्वारा मरीजों के दांतों का चेकअप किया गया। कैंप में 163 मरीजों का चेकअप किया गया व मुफ्त दवाइयां बांटी गई। मंच संचालन सुखदेव शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ पूजा बेनीवाल, डॉ प्रशांत शर्मा, डॉ प्रवीण कुमार संरक्षक बालकुलम् शिक्षण संस्थान, दिलबाग सिंह, लोकेंद्र शर्मा, सुखदेव शर्मा, देवराज सरपंच मानसिंह, मुस्कान, वीर सिंह, सरदार निरंजन सिंह, सरदार बलजीत सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### गुरु कृपा के बिना कोई भी विद्या फलित नहीं होती: रेखा



**कुरुक्षेत्र।** मंदिर गुरु हरि मोहन आश्रम में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला कैथल की प्रभारी रेखा बाल्मीकि विशेष तौर पर मौजूद रही। रेखा बाल्मीकि ने कहा कि गुरु कुम्हार है और शिष्य घड़ा है, भीतर से हाथ का सहारा देकर बाहर से चोट मार मार कर और गढ़ गढ़ शिष्य की बुराई को निकालता हैं। गुरु कृपा के बिना कोई भी विद्या फलित नहीं होती, गुरु चरणों के आशीर्वाद से ही अर्जुन और एकलव्य जैसे शिष्यों का निर्माण संभव हो पाता है। मंदिर की संगत सोनिका, कामना, जागृति ने भरपूर सहयोग किया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी सीमा सिंगला, महिला मोर्चा की महामंत्री ओमप्रभा, जिला उपाध्यक्ष आशा रानी, अध्यक्ष रमेश कुमार, पूर्ण चंद, अश्वनी कुमार, हरिमोहन कुटीर, लता शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अभियान में पेड़ों की जड़ों से उखाड़ीं टाइल्स और कंक्रीट

**कुरुक्षेत्र।** पर्यावरण संरक्षण में कार्यरत ग्रीन अर्थ संगठन ने पेड़ हमारी विरासत अभियान के 8वें सप्ताह पुराने पेड़ों की जड़ों से टाइल्स व कंक्रीट उखाड़ कर कच्चा करने का अभियान चला रखा है। संगठन की टीम ने एडवोकेट सुशील कुमार तथा दीपक की देखरेख में सेक्टर 17 में खड़े दस पेड़ों की जड़ों से टाइल्स व कंक्रीट हटाकर कच्चा किया ताकि पेड़ों में हवा-पानी जाता रहे तथा पेड़ों का पूर्ण विकास हो सके। संगठन सदस्य मोनिका भारद्वाज ने बताया कि एनजीटी के आदेशानुसार पेड़ों के तने से कम से कम एक मीटर तक कच्ची जगह रखना जरूरी है। इस बारे, प्रशासन को कई बार ज्ञापन दिया गया, बावजूद इसके शहर में पेड़ों की जड़ों से कंक्रीट और टाइल्स नहीं हटाई जा रही हैं। जिसके कारण हरे भरे पेड़ सूख रहे हैं। संगठन ने लोगों से अपील की है की अपने आस पास के पेड़ों की जड़ों से टाइल्स व कंक्रीट हटा कर पेड़ों को जीवन दान दें। प्रशासन से भी मांग है की मौजूदा पेड़ों की जड़ों से टाइल्स तथा कंक्रीट तुरंत हटवाई जाएं।

### राष्ट्रीय बाल बहादुरी पुरस्कार के लिए 15 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**कैथल।** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि भारतीय बाल कल्याण परिषद द्वारा बच्चों के साहसिक कार्यों को पहचान दिलवाने तथा अन्य बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय बाल बहादुरी पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस पुरस्कार के लिए आवेदक की आयु 6 वर्ष से 18 वर्ष होनी चाहिए तथा बहादुरी का कार्य एक जुलाई-2020 से 30 सितम्बर 2021 के बीच होना चाहिए। 15 अक्टूबर-2021 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि पुरस्कार के लिए भेजी जाने वाली सिफारिशों के लिए बहादुरी के कार्य 250 शब्दों में वर्णन करें।

# संविधान ही है महिला मुक्ति का मार्ग : साहिल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अधिवक्ता साहिल दहिया ने कहा कि समाज में हमेशा से ही लड़कियां भेदभाव का शिकार होती आईं हैं, पर यह भेदभाव दोहरा हो जाता है। जब महिला गरीब, विकलांग और अल्पसंख्यक वर्ग से संबंधित होती है। वे सेक्टर 2 में कलारागिनी स्वयंसेवी संस्था द्वारा महिला अधिकारों पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहिल ने कहा कि भारतीय संविधान में महिलाओं से संबंधित विशेष प्रावधान मौजूद हैं। महिलाओं को चाहिये कि वे उनके संवैधानिक अधिकारों को जानें तथा उनको व्यवहार में लेकर आए। अधिकारों के साथ संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करना भी जरुरी है। संस्था की संस्थापक रजनी मधाड़िया ने कहा कि हमें लड़कियों के प्रति भेदभावपूर्ण नजरिया बदलना होगा। लड़कियां हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। बच्चियों को सामाजिक और आर्थिक बोझ मानना बंद करना होगा। लैंगिक भेदभाव मिटाये बगैर लोकतांत्रिक समाज का निर्माण नहीं हो सकता।

# प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश का नाम ऊंचा कर रहे खिलाड़ी: चेयरमैन

## कहा, हलके में चल रहे हैं करोड़ों रुपये के विकास कार्य

पायनियर सामचार सेवा। कैथल



चेयरमैन रणधीर गोलन पौधा रोपण करते हुए।

**हरियाणा** पर्यटन निगम के चेयरमैन एवं विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण का शुद्ध होना आवश्यक है, क्योंकि कोरोना काल में हमनें ऑक्सीजन की कमी को देखा है। हम सभी को पौधे लगाने के साथ-साथ उनका संरक्षण भी करना है ताकि ऑक्सीजन हमें भरपूर मात्रा में मिल सके। इस कार्य में आमजन का पूर्ण सहयोग जरूरी है। हरियाणा सरकार भी पर्यावरण के बारे में काफी चिंतित है और निरंतर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है, ताकि पर्यावरण शुद्ध रहे।

चेयरमैन पूंडरी के इनडोर स्टेडियम परिसर में पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने स्टेडियम परिसर में पौधा रोपण भी किया। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें भरपूर ऑक्सीजन देते हैं, लेकिन जिस तरह से पेड़ों की कमी हो रही हैं, हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करके इस कमी को पूरा करना है। हमें अपने क्षेत्रों को स्वच्छ रखना है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है, इसलिए खेलों के माध्यम से भी आप अपने देश का नाम रोशन कर सकते हैं। गौरव और गुरदीप का भी खेलों के तहत आर्मी में चयनित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे देश की बेटी मीराबाई चानू भार तोलन में रजत पदक हासिल किया है और हमें उम्मीद है कि हरियाणा के भी कई खिलाड़ी ओलम्पिक में पदक जीतकर आएंगे। उन्होंने कहा कि हलके में हर वर्ग के कल्याण हेतू विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हलके वासी से अनुरोध भी करना चाहता हूं कि वे सामूहिक समस्याओं को मेरे संज्ञान में जरूर लाएं, ताकि समस्या को दूर किया जा सके। विधायक बनने के दौरान जो मैंने संकल्प किए थे, उनको पूरा करने के प्रयास जारी हैं। इस स्टेडियम को निर्माण भी लगभग 8 करोड़ रुपए की राशि से करवाया था, जिससे हमारे शहर के बच्चे खेलकर आगे बढ़ सकें। जल्द ही पशु अस्पताल का निर्माण भी करवाया जाएगा। शहर व गांवों में सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। मैं सेवादार बनकर कार्य कर रहा हूं और निरंतर करता रहुंगा। इस मौके पर अनिल आर्य, रोशन लाल, विरेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, रूपेंद्र वालिया, संजय तलवार, धनपत आर्य, सुनील गर्ग, सतीश गर्ग, हरी चंद सैनी, सोहन लाल, श्याम सुंदर, धनपत, बलजीत सिंह, पवन सैनी, बलबीर सैनी आदि मौजूद रहे।

# धर्म और सत्य का मार्ग दिखाता है गुरू : संतोषी

### माता वैष्णो देवी मंदिर मथाना में मनाई गुरु पूर्णिमा

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र



**माता** वैष्णो देवी मंदिर मथाना में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर संचालिका माता संतोषी देवी के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम में दूर-दूर से आए श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह मंदिर में ध्वजारोहण हुआ। उसके पश्चात गुरु पूजा एवं हवन किया गया। गुरु पूजा की महिमा बताते हुए माता संतोषी देवी ने कहा कि गुरु अपने शिष्यों का मार्ग प्रशस्त करता है। इसलिए उसे गुरु कहा जाता है। वह अज्ञान रूपी अंधेरा दूर करता है। गुरु वह है, जो अज्ञान का निराकरण करे अर्थात धर्म व सत्य का मार्ग दिखाए। भारत के लगभग सभी धर्म गुरुवाणी के आधार पर ही कायम हैं। प्रवचनों के बीच बीच में श्रद्धालुओं द्वारा भजन सुनाए गए एवं माता के जयकारे लगते रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 11 अगस्त को

**कैथल।** जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम के प्रधानाचार्य मुहर सिंह ने बताया कि जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम की कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आगामी 11 अगस्त को जिला के 16 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए खंड के परीक्षा केंद्रों के प्राचार्य/केंद्र अधीक्षक होने वाली प्रवेश परीक्षा की सुव्यवस्था के लिए निर्देश करेंगे।




### गुरु दक्ष की जयंती पर लें सामाजिक बुराई दूर करने का प्रण : रंबा

**थानेसर।** प्रजापति जागरुक सभा के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने कहा कि गुरु दक्ष प्रजापति एक समाज के गुरु नहीं थे। उन्होंने समाज के लिए यह संदेश दिया था कि शिक्षित व संगठित बने संस्कार और संगत में अच्छा कार्य करके अपनी पहचान बनाएं। रंबा ने कहा कि गुरु दक्ष प्रजापति जयंती कोरोना को ध्यान में रखते हुए अषाढ पूर्णिमा सारे भारत वर्ष व गांव-गांव में व घर-घर पर मनाई गई। रंबा ने कहा कि तमाम प्रजापति समाज अपने गुरु के बताए हुए रास्ते पर चल रहा है। इसलिए प्रजापति समाज सच्चा, ईमानदार सहनशीलता, निष्ठावान है और मेरा सभी समाज से अनुरोध है कि आज गुरु दक्ष की जयंती पर नशा व सामाजिक बुराई को दूर करें। लोगों को नशे से दूर करने के लिए प्रेरित करें। इस मौसम में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए।

## डियाजियो इंडिया ने टीकाकरण के लिए नेशनल रेस्टोरेन्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के साथ की साझेदारी

**अंबाला।** डियाजियो इंडिया ने रेजिंग द बार प्रोग्राम के तहत पंजीकृत अपने एफ एण्ड बी टेऊड पार्टनर्स के टीकाकरण के लिए नेशनल रेस्टोरेन्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी की है। अपनी इस पहल के माध्यम से डियाजियो इंडिया ने उद्योग जगत के 20,000 कर्मचारियों को वैक्सीन की दोनों डोजेज उपलब्ध कराने में सहयोग देने का फैसला लिया है।

जून 2021 से शुरू हुई इस पहल के तहत दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, कोलकाता, बैंगलोर, हैदराबाद, मुंबई, पुणे और गोवा में रेज़िंग द बार प्रोग्राम के तहत पंजीकृत 1500 आउटलेट्स के कर्मचारियों को चुनिंदा अस्पतालों में वैक्सीन दी जा रही है, जिनके साथ एनआरएआई की साझेदारी है।

इस पहल के बारे में बात करते हुए श्वेता जैन (वाईस प्रेज़ीडेन्ट लक्ज़री कमर्शियल, की अकाउन्ट्स इंडिया एण्ड साउथ एशिया), डियाजियो इंडिया ने कहा, ''महामारी के दौरान डियाजियो इंडिया अपने विभिन्न प्रोग्रामों जैसे रेज़िंग द बार और वर्ल्ड क्लास के माध्यम से बार एवं हॉस्पिटेलिटी कम्युनिटी को सहयोग प्रदान करने में अग्रणी रहा है। भारत का एफ एण्ड बी उद्योग अपना संचालन फिर से शुरू कर रहा है, ऐसे में हम कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं का भरोसा बनाए रखने के लिए उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करना चाहते हैं, ताकि ये उपभोक्ता फिर से अपने पसंदीदा स्थानों पर लौट सकें।''

### इंडियन बैंक के अनोखे एमएसएमई प्रेरणा कार्यक्रम का लक्ष्य

## उद्यमियों को सशक्त करते हुए आत्मनिर्भर भारत मिशन में देना है योगदान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारत का सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर अर्थव्यवस्था और विकास के महत्वपूर्ण वाहकों में से एक है। देश की जीडीपी और समग्र निर्यात में उसका योगदान क्रमश: 30 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है। वह लगभग 120 मिलियन लोगों को रोजगार देता है। इस सच के साथ, यह तथ्य भी ज्ञात है कि एमएसएमई सेक्टर को बड़े उद्यमों की तुलना में ज्यादा जोखिमों का सामना करना पड़ता है।

वह उत्पादन, आपूर्ति कार्यक्रमों, देयताओं और प्राप्य राशियों आदि में बाधा के कारण हमेशा विफलता की आशंकाओं से घिरा रहता है। अंततोगत्वा इन सभी का प्रभाव भविष्य की गतिविधि और पुनर्भुगतान की क्षमता पर नकारात्मक होता है। एमएसएमई को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने और अपने व्यवसाय और परिचालन के वातावरण का बेहतर प्रबंधन करने में सहायता के लिये संरक्षण और कौशल निर्माण की आवश्यकता है। इस प्रकार वे मौजूदा चुनौतियों का सामना करने के लिये पर्याप्त रूप से सक्षम होंगे। इंडियन बैंक ने पिछले साल अक्टूबर में एक नई और अलग तथा देश में अपनी तरह की पहली पहल लॉन्च की थी। इस पहल का लक्ष्य था एमएसएमई सेक्टर में उद्यमिता कौशल को उन्नत करना। 'एमएसएमई प्रेरणा' नामक यह कार्यक्रम ऑनलाइन चलता है और प्रबंधकीय, वित्तीय तथा बैंकिंग से जुड़े क्षेत्रों पर केन्द्रित है। इस कार्यक्रम को लॉन्च करते समय, माननीया वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण ने इसे इंडियन बैंक की एक अलग पहल बताया था और माना था कि यह संरक्षण कार्यक्रम के माध्यम से उद्यमियों का साथ देगी। इंडियन बैंक की एमडी और सीईओ, श्रीमती पद्मजा चुंदुरू ने कहा कि, इंडियन बैंक अपने 16 लाख एमएसएमई के लिये 68800 करोड़ रुपये से ज्यादा के क्रेडिट एक्सपोजर (ऋण तक पहुंच) के साथ उन्हें वित्तीय सहयोग देने में हमेशा आगे रहा है। कोविड-19 महामारी से उत्पन्न मौजूदा संकट में एमएसएमई उद्यमियों के लिये 'एमएसएमई प्रेरणा' आशा की किरण और प्रेरणा के रूप में आया है।

# गृह मंत्री ने प्रिया मलिक को गोल्ड मेडल जीतने पर दी बधाई

## टोक्यो ओलंपिक में भी हरियाणा के खिलाड़ी नाम रोशन करेंगे: अनिल विज

### हरियाणा के खिलाड़ी जरूर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने महिला रेसलर प्रिया मलिक को वर्ल्ड कैडेट कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दी है। विज ने आज ट्वीट करके कहा कि बुडापेस्ट, हंगरी में वर्ल्ड कैडेट कुश्ती चैंपियनशिप के 73 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक लाने के लिए हरियाणा की पहलवान प्रिया मलिक को बधाई हो। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी देश-विदेश में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। विज ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि टोक्यो ओलंपिक में भी हरियाणा के खिलाड़ी जरूर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। गौरतलब है कि जहां एक ओर जापान में जारी टोक्यो ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ी पदक जीतने की कोशिश में लगे हैं तो वहीं, दूसरी ओर ओलंपिक से बाहर हंगरी में आयोजित वर्ल्ड कैडेट कुश्ती चैम्पियनशिप में भारत को बड़ी सफलता हाथ लगी है। भारत की स्टार महिला रेसलर प्रिया मलिक ने महिलाओं के 73 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। विश्व कैडेट चैंपियनशिप के आखिरी दिन प्रिया मलिक ने 73 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल मुकाबले में बेलारूस की पहलवान को 5-0 से शिकस्त दी। बता दें कि प्रिया मलिक वर्ष 2019 में पुणे में खेलो इंडिया, साल 2019 में दिल्ली में 17वीं स्कूल गेम्स और वर्ष 2020 में पटना में नेशनल कैडेट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। प्रिया मलिक ने साल 2020 में हुए राष्ट्रीय स्कूल खेलों प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था।

### मनरेगा के कार्यबंद होने के बाद भी गांव तालू में है कार्य चालू

**भिवानी।** गांव तालू निवासी बिजेन्द्र पुत्र हरदेवा कथित रूप से बताया कि सरकार द्वारा 23 फरवरी से भी ग्राम पंचायतों के विकास कार्य व मनरेगा के कार्य बंद करवाए जा चुके हैं। उन्होंने कथित रूप से आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार के आदेशों के बावजुद भी ग्राम पंचायत तालू, ग्राम सचिव व बीडीपीओ की मिलीभगत होने के कारण गांव की गलियों व गांव से खेतों में जाने वाले रास्तों को मनरेगा योजना के तहत पक्का करने का कार्य चला हुआ है। उन्होंने बताया कि सरकार के आदेशों की उल्लंघना करने के बारे में भी सीएम विण्डो पर शिकायत कर चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रह्मसरोवर पर खेल मंत्री ने किया पौधरोपण



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से प्रदेश के सभी शहरों में 5 एकड़ से लेकर 100 एकड़ तक भूमि पर आक्सी वन लगाए जाएंगे। इस योजना की शुरुआत करनाल में 80 एकड़ और पंचकूला में बीड घग्गर की 100 एकड़ भूमि पर आक्सी वन लगाने से कर दी गई है। खेलमंत्री संदीप सिंह रविवार को वन विभाग व प्रशासन के तत्वावधान में ब्रह्मसरोवर के वीवीआईपी घाट पर 72वें जिला स्तरीय वन महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इससे पहले खेलमंत्री संदीप सिंह, सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, शुगर फैड के चेयरमैन व विधायक रामकरण काला, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, उपायुक्त मुकुल कुमार, लेफ्टिनेंट बिक्रमजीत सिंह ने ब्रह्मसरोवर के घाट पर पौधे लगाए। इसके साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ से यमुनानगर के राज्य स्तरीय 72वें वन महोत्सव का शुभारंभ किया। ई-पौधशाला एप का उद्घाटन भी किया। इसके साथ ही यमुनानगर से वनमंत्री कंवरपाल ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की है। खेलमंत्री संदीप सिंह ने प्रदेशवासियों को वन महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोरोना की दूसरी लहर से पूरी दुनिया को आक्सीजन के महत्व का पता लगा। इस लहर के दौरान लोगों को आक्सीजन की जरूरत पड़ी। इसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से प्रदेश में आक्सी वन लगाने की योजना को तैयार किया गया।

### किसानों के आंदोलन में एटक का पूरा समर्थन रहेगा: ईश्वर

**भिवानी।** सरकार के तीन काले कानूनों के विरोध में दिल्ली में चल रहे आंदोलन में टीकरी बोर्डर पर बैठे किसानों के लिए विद्या नगर से युवा मनजीत श्योराण, दीपक शर्मा, सुन्दर शर्मा धारेडू, काला कबलाना, राहुल मित्ताथल, राजेश बड़दू, नवीन मलिक, संजय झिल्ली व योगी सिवाच ने अपनी जेब खर्च से खाद्य सामग्री एकत्रित कर टीकरी बोर्डर के लिए रवाना की। सभी युवाओं ने संकल्प लिया कि बोर्डर पर बैठे किसानों के लिए हर रविवार को एक जरूरत की वस्तुओं के साथ रवाना की जाएगी। खाद्य सामग्री की गाड़ी को रवाना करते हुए एटक के जिला प्रधान ईश्वर शर्मा ने कहा कि एटक का हर कर्मचारी पूर्णरूप से किसानों के साथ हैं। वे किसानों के इस आंदोलन में हर प्रकार से अपना सहयोग देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी का पालन-पोषण करने वाला अन्नदाता आज अपने अधिकारों के लिए दिल्ली बोर्डर पर लगभग पिछले आठ माह से कड़ाके की ठंड व भीषण गर्मी में सरकार द्वारा जारी किए गए तीन काले कानूनों के विरोध में संघर्ष कर रहा है। हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि वे अन्नदाता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों। इस आंदोलन हम सभी का आंदोलन है। इसमें हर वर्ग को आगे आना चाहिए।

# जींद के खटकड़ टोल पर पहुंचे ओम प्रकाश चौटाला, नहीं दिया माइक

### काफी देर रहा माहौल गर्म, नाराज चौटाला बिना बोले ही लौटे

पायनियर समाचार सेवा। जींद



खटकड़ टोल पर पंहुचे ओमप्रकाश चौटाला।

**इनेलो** सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला रविवार दोपहर बाद जींद व उचाना के बीच खटकड़ टोल पर किसानों के धरने पर पहुंचे। मंच के सामने चौटाला को बैठने के लिए कुर्सी दी गई। संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया, लेकिन किसानों को राम-राम करने के लिए उन्हें माइक नहीं दिया। इससे काफी देर तक माहौल गर्म बना रहा और नाराज चौटाला बिना बोले ही लौट गए।

पूर्व मुख्यमंत्री चौटाला का खटकड़ टोल पर कार्यक्रम सप्ताह पहले ही तय हो गया था। संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों कैप्टन भूपेंदर व सतबीर बरसोला ने बताया कि उन्होंने पहले ही इनेलो के स्थानीय नेताओं को अवगत करा दिया था कि अब तक किसी भी राजनीतिक दल के नेता को यहां मंच साझा नहीं करने दिया है। चौटाला साहब को भी मंच व माइक साझा नहीं करने दिया जाएगा। बावजूद इसके ओम प्रकाश चौटाला जब मंच के सामने पहुंचे तो उन्होंने पंडाल में सामने बैठी मातृशक्ति और किसानों को राम-राम करने के लिए माइक मांगा। इनेलो नेताओं ने भी संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं से माइक की डिमांड की, लेकिन कैप्टन भूपेंद्र ने माइक देने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यहां सभी राजनीतिक दलों से जुड़े लोग हैं। इसलिये इनेलो सुप्रीमो को माइक नहीं दे सकते। काफी देर तक माहौल गर्म बना रहा। पंडाल में बैठे कुछ लोग माइक देने के पक्ष में थे, लेकिन चौटाला साहब

काफी देर तक इंतजार करते रहे। माइक न मिलने पर बिना कुछ बोले ही चले गए। उन्होंने मीडिया से भी बात नहीं की। इनेलो नेता करण सिंह अलेवा ने कहा कि यह तो पहले से ही तय था कि मंच व माइक साझा नहीं होगा। हमने माइक की डिमांड भी नहीं की थी। बड़े चौटाला सिर्फ किसानों को राम-राम करने के लिए ही आए थे। खटकड़ के बाद नरवाना के पास बद्दोवाल टोल पर पहुंचे चौटाला ने किसानों को संबोधित किया।



## कृषि मंत्री का कार्यक्रम हुआ रद्द, किसानों ने सीबीएलयू में किया पौधरोपण

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**गांव** प्रेमनगर में स्थित चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय परिसर में कृषि मंत्री जेपी दलाल का पर्यावरण को लेकर पौधा रोपण अभियान चलाने का कार्यक्रम निर्धारित था।

इसकी सूचना मिलते ही गांव प्रेमनगर में पिछले 206 दिनों से चल रहे धरना स्थल पर प्रेमनगर समेत आस-पास के गांवों से किसान मंत्री जेपी दलाल का विरोध करने के लिए एकत्रित होने शुरू हो गए। इस विरोध प्रदर्शन में सर्व जातिय जाटू खाप 84 के प्रतिनिधि के रूप में गांव धनाना से कुलदीप, राजसिंह, एसएफआई नेता क्रान्ति, विजेन्द्र मित्ताथल समेत सैकड़ों की संख्या में किसान पहुंचे। जिसके कारण जिला प्रशासन ने मंत्री के कार्यक्रम को सीबीएलयू से रद् करके भिवानी शहर में रख दिया। वहीं किसानों ने सीबीएलयू में पौधा रोपण किया।

विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कैप्टन कलम सिंह ने कहा कि जब देश के किसान आंदोलन की मांगों व प्रेमनगर धरने की मांगों को नहीं माना जाता बीजेपी सरकार के कार्यक्रम नहीं होने दिए जाएंगे तथा गांव प्रेमनगर में बीजेपी नेताओं को नहीं घुसने दिया जाएगा।

## धरा पर जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी : मित्तल

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी।



**प्रकृति** का जब संतुलन बिगड़ता है तो प्राकृतिक आपदाएं और त्रासदियां आती हैं। धरा पर मानव जीवन को बनाये रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण अनिवार्य है। ये विचार कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने विवि के आठवें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में पौधरोपण करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि कोरोना ने हमें बहुत कुछ सिखाते हुए प्रकृति से निकटता बनाने का संदेश दिया है। हम अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकते हैं। हमें संसाधनों का सदुपयोग कर अपने जीवन को संयमित करना चाहिए। विश्वविद्यालय हरा भरा हो इसी उद्देश्य को ध्यान में रख पौधरोपण कर वन महोत्सव मनाया गया है। इस अवसर पर एसडीएम संदीप अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। पेड़ लगाने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण पेड़ को बचाना है, उसे जीवित रखना है। पेड़ की देख रेख बच्चे की तरह करनी पड़ती तब वह बचता है। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्रकृति से मैत्रीपूर्ण संबंध रखने होंगे, नहीं तो धरा पर मानव जीवन संकट में पड़ जायेगा। जिला वन अधिकारी विपिन कुमार सिंह ने पौधारोपण कर युवाओं को अधिक से अधिक पेड़ लगाने को प्रोत्साहित किया।

## अभिषेक करने से भगवान शिव रहते हैं सदा प्रसन्न: त्रिपाठी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**श्रीसंस्कार** जागृति सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष पंडित रंगनाथ त्रिपाठी ने श्रावण मास के पावन अवसर पर भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं अनुष्ठान का कार्यक्रम जनकल्याण की भावना से आरंभ कर दिया है।

उन्होंने कहा कि भगवान शिव के भक्त श्रावण मास में बिना मुहूर्त देखे ही एक मास तक भगवान शिव का पूजन कर सकते हैं। इस मास में भगवान शिव का वास देखने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। भगवान शिव बहुत ही सरल सहज देवताओं के भी देवता है। जो मनुष्य व नर नारी, बाल, वृद्ध जिस किसी भावना से भी भगवान शिव की आराधना करेंगे भगवान शिव उनका सभी प्रकार से मंगल व कल्याण करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री उपस्थित रहे।

# सीवर ओवरफ्लो होने से घरों में घुसा पानी, लगाया जाम

### गंदे पानी से जनता परेशान, विधायक, मेयर और पार्षद से लगा चुके गुहार

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



सीवर का गंदा पानी घरों में घुसने से गुस्साएं लोगों जाम लगाते हुए।

**शहर** के बस स्टैंड के नजदीक मुरथल रोड पर धानकान बस्ती के सामने लोगों ने सीवर जाम होकर ओवरफ्लो होने से घरों में पानी घुस जाने से गुस्साए लोगों ने जाम लगा दिया। लोगों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मोहल्ले में मजदूरी करने वाले गरीब लोग रहते हैं। इसलिए उनकी अनदेखी की जा रही है। बस्ती के लोगों द्वारा काफी समय तक जाम लगाने के बाद भी कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। मोहल्ला निवासियों द्वारा रोड पर जाम लगाने से हाईवे पर जाने वाले लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। सीवरेज जाम होकर ओवरफ्लो होने के कारण लोगों के घरों में पानी घुस जाने से घर में रखा सामान खराब हो गया। मोहल्ला निवासी निर्मला, अनिल, मुकेश आदि का कहना है कि गंदगी से क्षेत्र में रह रहे परिवारों के बच्चे, बुजुर्ग और बड़े बीमार हो रहे हैं। मोहल्लावासियों कहना है विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान समेत पार्षद को लगा चुके हैं गुहार, लेकिन उनकी कहीं पर कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सीवर के गंदे पानी के घरों में घुस जाने से मोहल्ले के लोगों का जीना मुहाल हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिन पहले सीवर के नाम पर उनके मोहल्ले की गली को खोद दिया गया, जिस कारण गली में गड्ढे बन गए हैं। सीवर जाम होने के कारण उन्हें अपना घर गिरने का डर सता रहा है। उन्होंने कहा कि जो नेता मोहल्ले में आकर सभी समस्याओं का हल करने की बात करते थे, आज वे उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर हुआ साधु भंडारा और दिव्य भजन संध्या

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



### छोड़ दी कश्तियां अब तेरे नाम पे, अब किनारे लगाना तेरा काम है

**आध्यात्मिक** गुरु रविशंकर द्वारा संचालित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग की कैथल इकाई के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर दोपहर के समय श्री वेदविज्ञान महाविद्यापीठ कपिस्थल आश्रम कैथल में साधु भण्डारा तथा सायंकाल गान, ज्ञान तथा ध्यान जैसे दिव्य रत्नों से सुशोभित ऑनलाइन दिव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

जानकारी देते हुए आचार्य दीपक सेठ एडवोकेट ने बताया कि वेदविज्ञान महाविद्यापीठ कपिस्थल आश्रम कैथल में स्वामी रामनाथ शर्मा के पावन सानिध्य में कोविड प्रोटोकॉल के सभी नियमों का पालन करते हुए साधु भण्डारा आयोजित किया गया। तत्पश्चात् सायंकालीन कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्या अल्पना मित्तल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन संग गुरुपूजा के पश्चात् गणेश वन्दना वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा गाकर किया गया। डॉक्टर सुनीला सीकरी द्वारा कलात्मक संगीत से सुसज्जित गुरु-चरणों में समर्पित भजन तू माने या न माने दिलदारा, असां ते तैनूं रब मनेया, की मनमोहक गूंज से सम्पूर्ण वातावरण अध्यात्मिकता की पवित्र खुशबू से महक उठा। गुरु-पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भाव-विभोर अल्पना मित्तल, सूरजभान शांडिल्य, सोनिया मिगलानी, डॉक्टर सुनीला सीकरी आदि साधकों ने परमपूज्य गुरुदेव से सम्बद्ध अपनी मधुर स्मृतियां भी सांझी की। अल्पना मितल ने बताया कि गुरु अपने दिव्य-ज्ञान द्वारा व्यक्ति को अंधकार (अज्ञान) से प्रकाश (ज्ञान) की ओर ले जाता है। सूरजभान शांडिल्य ने गुरु-शिष्य सम्बन्धों पर प्रकाश डालते हुए गुरु को अनादि, अनन्त तथा जन्म-जन्म का साथी बताया। सोनिया मिगलानी ने कहा कि इक सद्गुरु के जीवन में होने से व्यक्ति ज्ञानपथ पर चलते हुए अपने मानव जीवन प्राप्त करने को सार्थक कर पाता है। शेफाली खुराना द्वारा गाए गए हृदय-स्पर्शी भजन छोड़ दी कश्तियां अब तेरे नाम पे, अब किनारे लगाना तेरा काम है।

## प्रोटीन बीमारी से लड़ने में मददगार: डॉ. ममगाई

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली।

### शहरों में रहने वाले 73 फीसदी धनी लोगों में प्रोटीन की कमी होती है।

**प्रोटीन** जीवन के भवन को बनाने में ईंट का काम करती है। यह शरीर की हर कोशिका में यह मौजूद है। ये शारीरिक विकास में सहायक और बीमारी से लड़ने में मदद करती है।

ऐसा कहना है सिविल सर्जन और हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली का। वे आज 30 जुलाई तक मनाए जा रहे प्रोटीन सप्ताह के अवसर पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। डॉ. ममगाईं ने इंडियन मार्केट रिसर्च ब्यूरो के आंकड़ों के हवाले से बताया कि शहरों में रहने वाले 73 फीसदी धनी लोगों में प्रोटीन की कमी होती है। उनमें से 93 फीसदी लोगों को यह जानकारी नहीं है कि उन्हें रोजाना कितनी प्रोटीन की जरूरत है। डॉ.ममगाईं के मुताबिक व्यस्त दिनचर्या, डेडलाइंस पर काम करने की व्यवस्था और अनियमित कार्य करने के अवधि के चलते पोषक तत्वों का सेवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। इसके चलते जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, पक्षाघात और हृदयाघात बढ़ रही हैं। डॉ. ममगाईं ने जनता से अपील की कि वे अपने फिजीशियन की सलाह के मुताबिक प्रोटीन का सेवन करें।

## कोविड-19 की तीसरी लहर

# टीकाकरण के लिए किया प्रेरित

### जिला काउंसलर प्राध्यापक राजा झींजर ने दिया लोगों को एकजुटता का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



बच्चों में फल बांटते हुए समाजसेवी राजू कलर माजरा और अन्य।

**हमारे** देश की पहचान सदियों से परमार्थी लोगों के रूप में रही है। सहयोग की भावना के साथ मनुष्य अपनों के साथ-साथ दूसरों के दुख और दर्द में हमेशा चार कदम आगे रहा है। हमारे धर्म ग्रंथों में भी परमार्थ को मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म बताया है, लेकिन आए दिन समाज ने अनेक कारणों से आपसी एकता और भाईचारे की कमी को महसूस किया है। ये विचार भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य एवं जिला काउंसलर प्राध्यापक राजा झींजर ने बागड़ी लोहार बस्ती में लोगों को एकजुटता का संदेश देते हुए कहे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन का लक्ष्य परमार्थ होना चाहिए। ताकि वह जन सहयोग और सेवा से मानव धर्म निभा सके। झींजर ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं एवं विकट परिस्थितियों में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी ने हमेशा मसीहा बनकर जरूरतमंदों की सेवा की है।

जहां कोविड-19 वैश्विक महामारी के दो दौर ने मनुष्य की कमर तोड़ कर रख दी है, वहीं मनुष्य ने इस विकट परिस्थिति में कभी हार नहीं मानी। उन्होंने कहा कि तीसरे दौर की पूर्व तैयारी केवल कोविड-19 टीकाकरण से ही संभव है। झींजर ने कहा कि हर व्यक्ति शंकाओं और अफवाहों से दूर रहकर टीकाकरण को प्राथमिकता दे।

इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के वालंटियर डॉक्टर सुशीला शर्मा तथा राजू कलर माजरा ने बस्ती वासियों को कोरोना वायरस से लड़ने के लिए मजबूत इरादे की बात कहीं।

उन्होंने कहा कि जागरूकता और जानकारी से ही बड़ी से बड़ी मुसीबत को हराया जा सकता है। हेल्थ चेकअप मुहिम के तहत लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक दवाइयां तथा बच्चों को फल वितरित किए। कार्यक्रम में 110 लोगों को फेस मास्क, सैनेटाइजर, साबुन इत्यादि बांटी गई। इस अवसर पर राजबाला, सुनहरी, कलमी राम, जीतराम, संतरो, बदामो देवी, मनुराम, कस्तूरी देवी, अंगूरी, बाला, रानी देवी, सुनीता, पिंकी, सुनहरा इत्यादि बस्ती वासी उपस्थित रहे।

# पेड़ ही जननी, पेड़ों के बिना जीवन महत्वहीन : सांसद रमेश कौशिक

## आगामी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए आज पौधारोपण जरूरी: उपायुक्त

### इकोक्विज के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया पुरस्कृत

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।



72वें प्रदेश स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में उद्बोधन देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, जिसका लघु सचिवालय सोनीपत में प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने ई-पौधशाला ऐप को लोकार्पित करते हुए वृद्ध पेड़ों की पेंशन योजना की शुरूआत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र में 148 कोस के अंतर्गत आने वाले तीर्थस्थलों में पंचवटी वाटिका स्थापित की जाएगी। साथ ही पेड़-पौधों के संरक्षण के लिए वन मित्र योजना की शुरुआत की जाएगी। ऑक्सी-वन, जियो टैगिंग, पौधा लगाने पर विद्यार्थियों को अंक योजना इत्यादि की जानकारी देते हुए उन्होंने पर्यावरण संवारने के लिए पौधारोपण की जरूरत पर बल दिया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के उपरांत लघु सचिवालय सोनीपत में वन महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रमेश कौशिक ने पेड़-पौधों के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि पेड़ ही जननी है, जिनके बिना जीवन का कोई महत्व नहीं है। हमें एकजुट होकर अधिकाधिक पौधे लगाने चाहिए, जिनका पूर्ण पालन-पोषण भी आवश्यक है। उन्होंने जिला में 12 लाख पौधारोपण के लक्ष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईमानदारी से लोग पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आम जनमानस का सहयोग भी अपेक्षित है। प्रकृति तथा मानवीय जीवन के संरक्षण के लिए पौधारोपण पहली आवश्यकता है। कोविड-19 ने भी हमें पेड़-पौधों के महत्व वे अवगत करवाया है। इस आवश्यकता को अब गंभीरता से समझते हुए पूरा करने के लिए प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के सुखद एवं सुरक्षित भविष्य के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है।

## कोरोना महामारी में समझ आया पेड़ों का महत्व: जेपी दलाल

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी।



**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि कोरोना संक्रमण महामारी से आमजन को पेड़ों का महत्व समझ में आया है। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन के बिना जीवन संभव नहीं और ऑक्सीजन का एक मात्र माध्यम पेड़ हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे।

कृषि मंत्री दलाल रविवार को प्रदेश स्तरीय वन महोत्सव के अवसर चौधरी बंसीलाल विवि द्वारा स्थानीय नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण करने के बाद अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान जैसे कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

# महाराष्ट्र में मॉनसून के कहर से 113 लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने किया चिपलून का दौरा

एजेंसी। मुंबई



**महाराष्ट्र** के कुछ हिस्सों में बाढ़, भूस्खलन और बारिश से जुड़ी अन्य घटनाओं के कारण बीते 24 घंटे में एक और व्यक्ति की मौत के बाद रविवार को मृतकों की संख्या 113 हो गई, जबकि 100 लोग लापता हैं। राज्य सरकार ने यह जानकारी दी। सरकार ने एक बयान में कहा कि इन घटनाओं में 50 लोग घायल भी हुए हैं। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को कोंकण क्षेत्र के रत्नागिरी जिले में भीषण बाढ़ से ग्रस्त चिपलून का दौरा किया। स्थानीय लोगों के एक समूह ने मुख्यमंत्री के काफिले को रोका और उन्हें इलाके में बारिश के कहर से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया।

मुख्यमंत्री ने निवासियों, व्यापारियों और दुकानदारों के साथ बातचीत की और क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का वादा किया। ठाकरे ने कहा कि उन्हें दीर्घकालिक राहत कार्यों के लिए केंद्रीय सहायता की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि वह सोमवार को पश्चिमी महाराष्ट्र का दौरा करेंगे और नुकसान की सीमा का एक व्यापक डेटा तैयार किया जाएगा। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने बड़े पैमाने पर भूस्खलन का शिकार हुए रायगढ़ के तालिए गांव का बृहस्पतिवार को दौरा कर कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे बारिश से हुए नुकसान पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। राणे ने कहा कि स्थानीय निवासियों से सुझाव लेने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत क्षतिग्रस्त घरों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता प्रवीण दारेकर राणे के साथ थे। राज्य सरकार ने कहा कि पिछले 24 घंटों में पुणे में एक व्यक्ति की मौत और एक व्यक्ति के लापता होने की खबर है।

सरकार ने कहा कि अब तक रायगढ़ में 52, रत्नागिरी में 21, सतारा में 13, ठाणे में 12, कोल्हापुर में सात, उपनगरीय मुंबई में चार और सिंधुदुर्ग और पुणे में दो-दो लोगों की मौत हुई है। कोल्हापुर, सांगली, सतारा और पुणे के कुल 875 गांव मूसलाधार बारिश से प्रभावित हुए हैं, जबकि 1,35,313 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि रत्नागिरी के छह राहत शिविरों में करीब 2,000 लोगों को रखा गया है। चिपलून में वशिष्ठी नदी पर बना एक पुल पहले भी भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। ठाकरे ने चिपलून में एक समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण अर्थव्यवस्था सुस्त है। उन्होंने कहा, हमें दीर्घकालिक राहत कार्यों के लिए केंद्रीय सहायता की आवश्यकता होगी। केंद्र सरकार ने रक्षा बलों की ओर से बचाव दल तैनात करके सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सोमवार को पश्चिमी महाराष्ट्र का दौरा करेंगे और नुकसान का व्यापक डेटा तैयार किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया, हम सभी सहायता प्रदान करेंगे। ठाकरे ने कहा कि प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने में कोई तकनीकी कठिनाई नहीं होगी। ठाकरे के काफिले को रोकने वाले चिपलून के कुछ निवासियों ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सीएम से कहा, उन्हें तत्काल राहत की जरूरत है, आश्वासन की नहीं।

### सातारा में लापाता की तलाश जारी, मुंबई बेंगलुरु राजमार्ग बाधित

**पुणे।** महाराष्ट्र के सातारा जिले में रविवार को बारिश की तीव्रता कम हुई और अधिकारियों ने भूस्खलन की घटनाओं के बाद लापता हुए लोगों की तलाश में अभियान चलाया है। वहीं, पड़ोसी कोल्हापुर के जलमग्न होने के कारण मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग पर यातायात ठप है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी महाराष्ट्र के सातारा में बारिश से संबंधित घटनाओं में मृतकों की संख्या बढ़कर शनिवार को 28 हो गई और कम से कम 14 लोग लापता हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार रात तक अंबेघर गांव में भूस्खलन के बाद वहां से 11 शव बरामद किए गए, छह शव मीरगांव और चार शव ढोकावाले गांव से बरामद किए गए। इसके अलावा सातारा जिले में बारिश से संबंधित अन्य घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई।

# पीएम ने मन की बात में कृषि क्षेत्र में हो रहे अभिनव प्रयोगों को सराहा

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों में कृषि क्षेत्र में किए जा रहे अभिनव प्रयोगों और कृषि अवशेषों को नए रूप में पेश कर आमदनी बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की रविवार को सराहना की। उन्होंने कहा कि जब भी लीक से हटकर कोशिशें हुईं, मानवता के लिए नए द्वार खुले और एक नए युग की शुरुआत हुई है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के ताजा संस्करण में देशवासियों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र में हो रहे अभिनव प्रयोगों की जानकारी साझा की और कहा कि ऐसे उदाहरण जीवन में कुछ नया करने की प्रेरणा बन जाते हैं।

इस कड़ी में उन्होंने मणिपुर के उखरूल में हो रही सेब की खेती का उल्लेख किया और कहा कि अभी तक हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर ही इस फल के उत्पादन के लिए जाने जाते थे लेकिन अब इसमें मणिपुर का भी नाम जुड़ गया है। उन्होंने बताया कि कुछ नया करने के जज्बे के चलते मणिपुर के कुछ युवाओं ने यह कारनामा कर दिखाया। उन्होंने कहा कि पेशे से वैमानिक इंजीनियर (एयरोनॉटिक इंजीनियर) टी एस रिंगफामी योंग ने हिमाचल प्रदेश जाकर सेब उत्पादन का प्रशिक्षण लिया और उन्होंने अपनी पत्नी टी एस एंजल के साथ मिलकर मणिपुर में सेब की पैदावार की। इसी प्रकार दिल्ली में नौकरी छोड़ अवुन्गशी शिमरे ऑगस्टीना ने भी सेब की खेती का रुख किया। उन्होंने कहा, मणिपुर में आज ऐसे कई सेब उत्पादक हैं, जिन्होंने कुछ अलग और नया करके दिखाया है।

प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा के उनकोटी में बेर की खेती करने वाले युवा बिक्रमजीत चकमा का जिक्र किया और कहा कि इससे न सिर्फ उन्होंने काफी मुनाफा कमाया बल्कि अब वह लोगों को बेर की खेती करने के लिए प्रेरित भी कर रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी ऐसे लोगों की मदद के लिए आगे आई है और उसकी ओर से कई विशेष नर्सरी बनाई गई हैं ताकि बेर की खेती से जुड़े लोगों की मांग पूरी की जा सके। मोदी ने कहा, खेती में नवोन्मेष हो रहे हैं, तो खेती के उपोत्पाद में भी रचनात्मकता देखने को मिल रही है।

### कोरोना अभी गया नहीं है, सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते रहना है: मोदी

**नई दिल्ली।** कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक बार फिर देशवासियों को आगाह करते हुए कहा कि कोरोना अभी गया नहीं है, लिहाजा उन्हें इससे जुड़े सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते रहना चाहिए। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की ताजा कड़ी में देशवासियों को आने वाले पर्व व त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, पर्व और उत्सवों के समय यह जरूर याद रखिएगा कि कोरोना अभी हमारे बीच से गया नहीं है। कोरोना से जुड़े प्रोटोकॉल आपको भूलने नहीं हैं। आप स्वस्थ और प्रसन्न रहें। उल्लेखनीय है कि देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में लगातार कमी आ रही है, लेकिन विशेषज्ञों ने महामारी की तीसरी लहर की आशंका जताई है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 39,742 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही देश में कोविड-19 के कुल मामले बढ़कर 3,13,71,901 हो गए हैं। देश में अब तक इस महामारी से 4,20,551 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। देश में कोविड-19 रोधी टीके की अब तक 43.31 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

### आजादी के मतवालों की तरह देश के विकास के लिए हों एकजुट

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर मनाया जा रहा अमृत महोत्सव कार्यक्रम ना तो किसी सरकार का या फिर किसी राजनीतिक दल का है बल्कि देश की जनता का है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 79वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आह्वान किया कि जिस प्रकार देश की आजादी के लिए सभी लोग एकजुट हो गए थे उसी प्रकार सभी को देश के विकास के लिए एकजुट होना है। उन्होंने कहा कि इस साल 15 अगस्त को देश आजादी के 75वें साल में प्रवेश कर रहा है और जिस आजादी के लिए देश ने सदियों का इंतजार किया, उसके 75 वर्ष होने की आज की पीढ़ी साक्षी बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर देश अमृत महोत्सव मना रहा है जिसकी मूल भावना अपने स्वाधीनता सेनानियों के मार्ग पर चलना और उनके सपनों का देश बनाना है। उन्होंने कहा, अमृत महोत्सव किसी सरकार का कार्यक्रम नहीं, किसी राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं, यह कोटि-कोटि भारतवासियों का कार्यक्रम है। जैसे, देश की आजादी के मतवाले, स्वतंत्रता के लिए एकजुट हो गए थे वैसे ही हमें देश के विकास के लिए एकजुट होना है। उन्होंने देशवासियों से ओलंपिक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की।

# राहुल ने कोविड टीकाकरण की रफ्तार पर उठाया सवाल

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को कोविड-19 टीकाकरण की गति पर सवाल किया और कहा कि अगर देश के मन की बात समझी गई होती तो टीकाकरण के ऐसे हालात न होते। उनकी टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से ठीक पहले आई।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने एक ट्वीट में कहा, अगर समझते देश के मन की बात, ऐसे न होते टीकाकरण के हालात। उन्होंने टीकाकरण की गति पर सरकार से सवाल पूछने के लिए व्हेयर आर वैक्सीन हैशटैग का इस्तेमाल किया। गांधी ने कथित धीमी टीकाकरण दर और मीडिया खबरों का उल्लेख करते हुए एक वीडियो भी साझा किया। वीडियो में भारत के टीकाकरण संबंधी आंकड़ों पर प्रकाश डाला गया है जिसका उद्देश्य कोरोना वायरस की तीसरी लहर को रोकना और दिसंबर 2021 तक दोनों खुराक के साथ 60 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण करने का लक्ष्य है। आंकड़ों में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि प्रति दिन 93 लाख लोगों का टीकाकरण किए जाने की जरूरत है और पिछले सात दिनों में वास्तविक दर (हर रोज औसत टीकाकरण) प्रति दिन 36 लाख है। इस तरह पिछले सात दिनों में हर दिन 56 लाख टीकों का अंतर है। इसमें कहा गया है कि 24 जुलाई को (पिछले 24 घंटे में टीकाकरण) वास्तविक टीकाकरण 23 लाख लोगों का हुआ यानी 69 लाख का अंतर रहा। कांग्रेस धीमे टीकाकरण अभियान और टीका नीति को लेकर सरकार की आलोचना करती रही है।

## अप्रैल-जून तिमाही में सोने का आयात कई गुना बढ़कर 7.9 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** देश के चालू खाता घाटे पर असर डालने वाला सोने का आयात अप्रैल-जून 2021 की तिमाही के दौरान कई गुना बढ़कर 7.9 अरब डॉलर (58,572.99 करोड़ रुपये) हो गया। यह उछाल तुलना के निम्न आधार के कारण है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष कोराना वायरस के प्रकोप और सख्त लॉकडाउन के चलते इसी अवधि में सोने का आयात 68.8 करोड़ डॉलर (5,208.41 करोड़ रुपये) तक गिर गया था। हालांकि अप्रैल-जून 2021 तिमाही में चांदी का आयात 93.7 प्रतिशत घटकर 3.94 करोड़ डॉलर रहा।मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल-जून के दौरान सोने के आयात में इतनी वृद्धि से देश का व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच अंतर बढ़कर लगभग 31 अरब डॉलर हो गया है। भारत सोने का सबसे बड़ा आयातक है और देश में सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरी करने के लिए किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेलंगाना में 3.2 करोड़ पौधे लगाए गए

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के टी रामा राव के जन्मदिवस के अवसर पर ग्रीन इंडिया चैलेंज (जीआईसी) की ओर से कम से कम 3.2 करोड़ पौधे लगाए गए। जीआईसी देश की एक प्रमुख हरित पहल है। जीआईसी ने इतने बड़े स्तर पर किए गए पौधरोपण अभियान को एक और मील का पत्थर करार दिया। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के राज्यसभा सांसद जे संतोष कुमार और जीआईसी के संस्थापक ने रविवार को एक विज्ञप्ति में कहा, के टी रामा राव के जन्मदिवस (24 जुलाई) के अवसर पर टीआरएस के कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवियों की मदद से 3.2 करोड़ पौधे लगाने जैसा विशाल कार्य किया जा सका।

### बंगाल में आग से 30 दुकानें जलकर खाक, एक झुलसा

**कोलकाता।** कोलकाता के उत्तरी हिस्से में केष्टोपुर में शनिवार देर रात आग लगने से करीब 30 दुकानें जलकर खाक हो गईं और एक व्यक्ति झुलस गया। दमकल विभाग के सूत्रों ने बताया कि आग देर रात करीब दो बजे लगी और दमकल की 15 गाड़ियों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। सूत्रों ने बताया कि एक स्थानीय निवासी बचने की कोशिश में झुलस गया और उसकी हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि आग केष्टोपुर में सतरूपा पल्ली में सड़क किनारे बनी फर्नीचर की एक दुकान में लगी और उसे झोपड़ियों में बनी नजदीक की दुकानों तक फैलने में वक्त नहीं लगा। घटना के बारे में सुनकर दमकल सेवा मंत्री सुजित बोस घटनास्थल पर पहुंचे और अग्निशमन अभियान की निगरानी की। बोस ने स्थानीय लोगों के उन आरोपों से इनकार किया कि दमकलकर्मी देर से पहुंचे और कहा कि दमकलकर्मियों के फौरन हरकत में आने से एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया।

### एमपी में सड़क हादसों में आठ की मौत, दो घायल

**भोपाल/सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के भोपाल एवं सिंगरौली में दो सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मिसरोद पुलिस थाना प्रभारी निरंजन शर्मा ने बताया कि भोपाल-होशंगाबाद मार्ग पर शनिवार देर रात करीब दो बजे ट्रक और कार की भिडंत में कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच थी। इनमें से दो की पहचान आदित्य पांडे और हितेश के रूप में की गई है, जो भोपाल के अवधपुरी के निवासी थे। वहीं, दो लोगों की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं, सिंगरौली जिले के बरगवां पुलिस थाना प्रभारी नागेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सिंगरौली जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ोखर में रविवार सुबह करीब 8.30 बजे कार और ऑटोरिक्शे की आमने-सामने की टक्कर में ऑटोरिक्शा चालक एवं दो वृद्ध महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। इनमें से तीन की मौत मौके पर हुई, जबकि एक व्यक्ति ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मृतकों की शिनाख्त सोबरनिया (50), सुंदरमणि केवट (60), अभ्यास साकेत (25) एवं ऑटो चालक अरुण साकेत के रूप में की गई है। ये सभी ऑटोरिक्शे में सवार थे।

### क्रोएशिया में सड़क दुर्घटना में 10 की मौत, 45 घायल

**जागरेब (क्रोएशिया)।** क्रोएशिया में रविवार तड़के एक राजमार्ग पर एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 10 यात्रियों की मौत हो गई और कम से कम 45 अन्य जख्मी हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना राजधानी जागरेब और सर्बिया की सीमा को जोड़ने वाले राजमार्ग पर स्लावोन्स्की ब्रोड कस्बे के नजदीक स्थानीय समयनुसार सुबह करीब छह बजे हुई। घटनास्थल की तस्वीरों में दिख रहा है कि दमकल कर्मी और बचाव कर्मी बस के आसपास हैं, जबकि राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया है। पुलिस ने बताया कि बस पर कोसोवो की लाइसेंस प्लेट लगी है और वे जर्मनी से कोसोवो की राजधानी प्रिस्टीना की नियमित यात्रा पर जा रही थी।

### इराक को अब अमेरिकी सेना की जरूरत नहीं है: प्रधानमंत्री

बगदाद। इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कादिमी ने कहा कि उनके देश को आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट से लड़ने के लिए अब अमेरिकी सेना की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उनकी पुन: तैनाती के लिए औपचारिक समय सीमा इस हफ्ते अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत के नतीजे पर निर्भर करेगी। अल-कादिमी ने कहा कि इराक को फिर भी अमेरिका की प्रशिक्षण और सैन्य खुफिया सेवाओं की आवश्यकता पड़ेगी।

# रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड में नौ गैर-सरकारी निदेशकों की कमी

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड में नौ गैर-सरकारी निदेशकों की कमी है। इनमें से सात निदेशकों के पद ऐसे हैं, जिनपर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रसिद्ध लोगों का मनोनयन किया जाता है। केंद्रीय बोर्ड रिजर्व बैंक के गवर्नर की अगुवाई वाला निर्णय लेने का शीर्ष निकाय है। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रसिद्ध लोग इसमें शामिल हैं।

रिजर्व बैंक कानून के तहत सरकार आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड में चार निदेशकों के अलावा (चार स्थानीय बोर्डों में से एक-एक) विभिन्न क्षेत्रों के 10 प्रसिद्ध लोगों की नियुक्ति करती है। सरकार अभी तक इनमें सात की नियुक्ति नहीं कर पाई है। वहीं पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्र के स्थानीय बोर्ड से भी प्रतिनिधित्व का अभाव है। अभी सिर्फ चर्चित हस्तियों में...टाटा संस के चेयरमेन नटराजन चंद्रशेखरन, बैंकर एस के मराठे तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विचारक स्वामीनाथन गुरुमूर्ति केंद्रीय बोर्ड में है। रिजर्व बैंक की वेबसाइट के अनुसार उनका मनोनयन रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 8(1) (सी) के तहत किया गया है।

## एमसीएक्स का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 29.47 फीसद घटा

**नई दिल्ली।** प्रमुख कमोडिटी एक्सचेंज एमसीएक्स ने कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 29.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 39.80 करोड़ रुपये रहा। कंपनी द्वारा शनिवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना के मुताबिक उसने पिछले वित्तीय वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 56.43 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एमसीएक्स की आय घटकर वित्तीय वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में 108.94 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में 122.70 करोड़ रुपये थी।

# लोगों के लिए अंतरिक्ष थीम वाले गेम्स, टी-शर्ट, खिलौने लेकर आएगा इसरो

एजेंसी। बेंगलुरु



**अब** कोई भी व्यक्ति भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अभियानों और कार्यों से जुड़े अधिकृत उत्पाद जैसे स्केल मॉडल्स, टी-शर्ट, मग, अंतरिक्ष की थीम वाले शैक्षणिक गेम्स, वैज्ञानिक खिलौने आदि खरीद सकता है। इसरो का मानना है कि यह ब्रांड प्रचार कार्यक्रम छात्रों, बच्चों और जनता के बीच अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता फैलाने और इस क्षेत्र के प्रति उनमें रूचि पैदा करने तथा उसकी उपलब्धियों का प्रचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

अंतरिक्ष विभाग के तहत आने वाली अंतरिक्ष एजेंसी के एक अधिकारी ने रविवार को एजेंसी से कहा, इसरो के विषयवस्तु वाले सामानामॉडल्स के संबंध में अभी तक आठ कंपनियों ने इसरो में पंजीकरण कराया है। सूत्रों ने बताया कि उनमें इंडिक इंस्पीरेशंस (पुणे), 1947आईएनडी (बेंगलुरु) और अंकुर हॉबी सेंटर (अहमदाबाद) आदि कंपनियां शामिल हैं। इंडिक इंस्पीरेशंस के संस्थापक और सीईओ सुनील जलीहाल ने हाल में कहा, हम जल्द ही इसरो की थीम वाले उत्पाद का पूरा संग्रह लेकर आएंगे जो सभी भारतीयों तथा विज्ञान एवं अंतरिक्ष के प्रति रूचि रखने वाले लोगों को पसंद आएगा।

# डाटा एवं निजता की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून बनाने की जरूरत: पवन दुग्गल

एजेंसी। नई दिल्ली

**पेगासस** स्पाईवेयर के इस्तेमाल से भारत के कई पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नेताओं आदि के फोन हैक किए जाने का आरोप एक बड़ा सियासी मुद्दा बन गया है। विपक्ष सरकार पर निजता एवं मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगा रहा है, जबकि सरकार ने इन आरोपों को खारिज किया है। पेश हैं इस मुद्दे पर साइबर एवं सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ पवन दुग्गल से भाषा के पांच सवाल और उनके जवाब।

***सवाल : पेगासस कथित जासूसी मामले को आप कैसे देखते हैं? ऐसे समय में जब भारत में डिजिटल इंडिया पर जोर दिया जा रहा है, ऐसे मामलों का क्या प्रभाव पड़ेगा?***

**जवाब :** लोगों के बीच इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से बातचीत बीच में सुनना या इंटरसेप्शन एक वैध गतिविधि है, जो हर संप्रभु राष्ट्र अपनी अखंडता और सुरक्षा के लिए करता है। लेकिन इंटरसेप्शन चूंकि कहीं न कहीं लोगों के मौलिक अधिकार के हनन की दिशा में जाता है, तो उसे नियंत्रित करने के लिए कानूनी प्रावधान बनाए गए हैं। हालांकि जिस तरह से स्पाईवेयर के माध्यम से कथित जासूसी की गई, वह सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और संविधान के मौलिक अधिकारों के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसके कारण लोगों में डर और आशंका का माहौल बन गया है। ऐसे समय में जब भारत में डिजिटल इंडिया पर जोर दिया जा रहा है तब ऐसी घटनाएं इस अभियान के मार्ग में बाधा पैदा कर सकती हैं।

***सवाल : प्रौद्योगिकी के विकास तथा मोबाइल एवं अन्य अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग बढ़ने से ऐसे स्पाईवेयर एवं अन्य सॉफ्टवेयर से कैसे खतरे उत्पन्न हुए हैं?***

**जवाब :** भारत में डाटा सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं निजता को लेकर कोई ठोस कानून नहीं होने के कारण साइबर सुरक्षा संबंधी खतरे काफी बढ़ गए हैं। मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए हमसे हर प्रकार के डाटा हासिल किए जा रहे हैं और हमें नहीं बताया जा रहा है कि उनका इस्तेमाल कहां किया जा रहा है। उपभोक्ताओं के डाटा पर नियंत्रण किया जा रहा है और इनका दुरुपयोग किया जा रहा है। यह खतरे की घंटी है। कोविड-19 का समय साइबर अपराध का स्वर्णिम काल है और यह आगे कई दशक तक चलने वाला है। उपयोगकर्ता का डाटा चुराना या फिशिंग, पहचान को क्लोन करना तथा ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी साइबर अपराध की त्रिमूर्ति हैं। इसके कारण लोगों के सुख, चैन और धन का नुकसान हो रहा है। ऐसे मामले अंतरराष्ट्रीय स्वरूप के होने तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून के मजबूत न होने के कारण अपराधियों को पकड़ना एवं दंडित करना कठित होता है।

***सवाल : ऐसे सॉफ्टवेयर या इलेक्ट्रानिक माध्यमों से बातचीत एवं संवाद बीच में सुनना और लोगों पर नजर रखना कानूनी दृष्टि से कितना जायज है?***

**जवाब :** भारत में पहले 1885 का इंडियन टेलीग्राफ अधिनियम था जो मुख्य तौर पर टेलीफोन और टेलीग्राफ के इंटरसेप्शन से संबंधित था, लेकिन साल 2000 में भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून को लागू किया। सूचना प्रौद्योगिकी कानून 2000 एक विशेष कानून है। इसकी धारा 81 में कहा गया है कि अगर इस कानून के प्रावधानों और अन्य कानूनों के प्रावधानों में कोई भी टकराव होता है, तो इस कानून के प्रावधानों को सर्वोपरि माना जाएगा। अधिनियम में धारा 69 में इंटरसेप्शन के लिए एक कानूनी ढांचा स्थापित किया गया है जिसमें यह साफ किया गया है कि अगर सरकार को लगता है कि कुछ वजहों से उसे इंटरसेप्शन करना चाहिए तो वो ऐसा कर सकती है। लेकिन ऐसा भारत की संप्रभुता, अखंडता, सुरक्षा, पड़ोसी देशों के साथ मैत्री संबंध, शालीनता, नैतिकता या किसी संज्ञेय अपराध को अंजाम देने से रोकने के नाम पर ही हो सकता है।



***सवाल : पेगासस जैसे स्पाईवेयर का इस्तेमाल कर जासूसी करने की घटना के कानूनी पहलू क्या हैं? ऐसे में लोग कैसे सुरक्षित रह सकते हैं?***

**जवाब :** जब हम स्पाईवेयर की बात करते हैं, तो स्पाईवेयर आपके सिस्टम में आपकी इजाजत के बगैर घुसता है, डाटा को एकत्रित करता है, और फिर उस डाटा को आपके सिस्टम के बाहर आपकी इजाजत या जानकारी के बगैर भेजता है। पेगासस सॉफ्टवेयर ठीक यही कर रहा है। ये गतिविधियां साइबर अपराध हैं और आईटी अधिनियम के तहत दंडनीय हैं। स्पाईवेयर का असली उद्देश्य यह है कि जिसे निशाना बनाया जा रहा है, उसके दिल में दहशत पैदा हो। स्पाईवेयर के जरिए अवैध इंटरसेप्शन कानून का उल्लंघन है। हालांकि हमें यह भी देखना होगा कि भारत में साइबर अपराधों के खिलाफ दोषसिद्धि की दर एक प्रतिशत से भी कम है। हम साइबर असुरक्षा के माहौल में हैं, जिससे सतर्कता व समझदारी ही बचा सकती है। सतर्कता का पहला पैमाना तो यही है कि अपने मोबाइल फोन पर वही ऐप (एप्लीकेशन) रखें, जो आपके लगातार उपयोग के हैं और सुरक्षित भी। जिन ऐप का नियमित उपयोग नहीं है, उन्हें डिलीट कर देना चाहिए।

***सवाल : अवैध तरीके से निगरानी एवं जासूसी किए जाने एवं साइबर अपराधों के खिलाफ किस प्रकार की विधाई एवं नीतिगत पहल की जरूरत है?***

**जवाब :** नीतिगत एवं विधाई रूप से भारत को एक विशिष्ट साइबर अपराध कानून बनाने की जरूरत है। आईटी कानून मुख्य रूप से ई-कामर्स को लेकर बनाया गया और इसमें ही एक अध्याय साइबर अपराध के संदर्भ में रखा गया है। जिम्बाब्वे, फिजी, दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों ने हाल ही में ठोस साइबर अपराध कानून बनाए हैं। इसी प्रकार से सूचना प्रौद्योगिकी कानून में और संशोधन किए जाने की जरूरत है क्योंकि पिछले संशोधन को 13 साल गुजर गए हैं। भारत ने साल 2013 में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति की घोषणा की, लेकिन जरूरत एक मजबूत कानून की है। इसी प्रकार से डाटा सुरक्षा को लेकर भी एक ठोस कानून बनाए जाने की जरूरत है। निजता की सुरक्षा को लेकर भी एक मजबूत कानून बनाना वक्त की जरूरत है।

# एथलीट-रेसलर बने वाहन चोर, 17 लग्जरी कारें बरामद

## ऑन डिमांड गाड़ियां चुराने वाले केतु गैंग के 3 गिरफ्तार, चेसिस व नंबर प्लेट बदलकर मोटे दामों पर बेचते थे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


प्रेस वार्ता के दौरान आरोपियों के बारे में बताते पुलिस अधिकारी। फोटो: दीपक यादव

कोतवाली सेक्टर 58 पुलिस और एंटी ऑटो थेफ्ट टीम ने लग्जरी कार चुराने वाले तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी नागालैंड के चर्चित केतु गैंग के सदस्य हैं।

पुलिस ने आरोपियों से 17 लग्जरी कार बरामद की है। यह गैंग ऑन डिमांड लग्जरी गाड़ियों को चोरी करवाता था उसके बाद उसकी नंबर प्लेट के साथ-साथ इंजन नंबर और चेसिस नंबर बदल कर कार को महंगे दामों में बेच देते थे।

एडीसीपी नोएडा जोन रणविजय सिंह ने बताया कि कोतवाली सेक्टर 58 पुलिस और एंटी ऑटो थेफ्ट सेल ने रविवार को शातिर वाहन चोरों के गैंग के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अमित, अजमेर और संदीप के रूप में हुई है। एडीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अमित एथलीट है और गोला फेंक का खिलाड़ी है। दूसरा आरोपी संदीप भी गोला फेंक का खिलाड़ी है और तीसरा अभियुक्त अजमेर रेसलिंग का प्लेयर रहा है। तीनों आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं। गिरोह का सरगना अमित पहले भी कई बार वाहन चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। अमित कोतवाली सेक्टर 20 से भी वाहन चोरी के मामले में पहले जेल गया था।

जेल से आने के बाद अमित ने फिर से अपने साथियों के साथ मिलकर वाहन चोरी शुरू कर दी।

बरामद चार पहिया वाहनों में रेंजरोवर फॉर्चूनर, क्रेटा, वार्ना स्कोर्पियो आदि कार बरामद हुई है। इसके साथ इनके पास से 4 मोबाइल, 15 गाड़ियों की चाभी ए 4 आरसी वा गाड़ियों के लॉक तोड़ने के उपकरण बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान वाहन चोरों ने पुलिस को बताया कि यह लोग जिस वाहन को चोरी करते थे उसको एक दिन पहले देर शाम से उस पर नजर रखते थे और गले दिन सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच में उस वाहन का लॉक तोड़कर उसे चोरी कर लेते थे।

### ऐसे काम करता था गैंग

एडीसीपी ने बताया कि आरोपी संदीप सिंह के संबंध इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारी और अधिकारियों से थे। वह कंपनियों के सर्वेयर के साथ मिलकर कबाड़ गाड़ियों की सूचना इकट्ठा करता था उसके बाद ऑन डिमांड उसी मॉडल की गाड़ी चोरी करवाने के लिए चोरों से कांटेक्ट करते था। गाड़ी चोरी होने के बाद आरोपी अजमेर सिंह जिसका भिवानी हरियाणा में बड़ा गैराज है, उसके मदद से बीमा कंपनी कबाड़ गाड़ियों को कम दामों में खरीदकर स्क्रैप में कटवा कर कबाड़ी को बेच दिया करते था। इसके बाद उस गाड़ी का इंजन नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर और चेसिस नंबर को चोरी की गाड़ी पर पेस्ट कर दिया करते थे। उसके बाद गाड़ी को वैध बनाकर बाजार में बेच दिया करते थे। आरोपी दिल्ली-एनसीआर के चोरो के संपर्क में रहकर गाड़ियों को चोरी करवाते थे। उसके बाद उसको नागालैंड के दीमापुर निवासी केतु, डेविड और हापा को महंगे दामों पर बेच दिया करते थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी की गाड़ियों को वह लोग म्यांमार और भूटान में बेचते थे। इसके साथ ही एनसीआर से चोरी होने वाली लगभग सभी गाड़ियां नार्थ-ईस्ट में इन्ही लोगों द्वारा खरीदी जाती थीं। पुलिस के मुताबिक आरोपी केतू का भाई अवैध गतिविधियों में संलिप्त है।

### चोरी की गाड़ियों का रखते थे विवरण

*पुलिस को इनके पास से एक डायरी भी मिली है जिसमे काफी गाड़ियों का विवरण है जिनका नंबर बदकर कर दिल्ली पंजाब हरियाणा गाजियाबाद और मेरठ मे बेचा गया है। पुलिस ने बताया कि बताया कि अधिकांश वाहन मालिक देर रात वाहन चोरी होने का अंदेशा होने पर सतर्क रहते हैं लेकिन सुबह तड़के निश्चिन्त होकर सो जाते हैं जिसका फायदा यह चोर उठाते थे ज्ञात हो कि मेरठ चोरी की गाड़ियों को बड़ा बाजार है। अवैध रूप से संचालित इन बाजारों में बड़े पैमानें पर चोरी की गाड़ियां बेची जाती है।*

# 'रजिस्ट्री होने तक नहीं देंगे रखरखाव शुल्क'

- इको विलेज के सैकड़ों निवासियों ने किया सुपरटेक के खिलाफ प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सुपरटेक बिल्डर के खिलाफ रविवार को सुपरटेक इकोविलेज-1, इकोविलेज 2 और इकोविलेज 3 निवासियों ने रजिस्ट्री की मांग को लेकर शांतिपूर्ण विरोध किया है।

इस दौरान सैकड़ों निवासी एकजुट होने अपने घरों से निकलकर बिल्डर के खिलाफ और रजिस्ट्री की मांग को लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया है। तीनों सोसायटी के निवासियों ने सुपरटेक बिल्डर के खिलाफ सोसाइटी के भीतर बैनर लगाए है। तीनों सोसायटी में चारों तरफ से आवाज आ रही है कि जब तक फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं होगी तब तक रखरखाव शुल्क को लेना बंद किया जाए निवासियों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया है। दूसरे रविवार को जोरदार प्रदर्शन हुआ है। इस दौरान सोसाइटी में सुपरटेक मुर्दाबाद के नारे भी लगे है।

सुपरटेक इकोविलेज-2 के निवासी मिहिर गौतम का कहना है कि रजिस्ट्री नहीं होने की वजह से उन्हें बैंकों को होम लोन पर ज़्यादा ब्याज देना पड़ रहा है। सभी रेज़ीडेंट्स ने साफकर दिया है कि इस बार बिल्डर के झूठे झांसे में नहीं आना है। सुपरटेक मैनेजमेंट की तरफ से मीटिंग में नीतीश अरोड़ा, कंसल और तमाम अधिकारी पहुंचे थे। हर बार की तरह सारी जिम्मेदारी अथॉरिटी पर डालने की कोशिश की।

### बिना अनुमति साइन बोर्ड लगाने पर होगी कार्रवाई

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बेतरतीब लगे विज्ञापनों को देखते हुए बड़ा फैसला लिया है। अब शहर की औद्योगिक इकाइयां संस्थान समेत सभी प्रतिष्ठानों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की नीति के अनुरूप अपने बोर्ड लगाने होंगे। शहर में साइन एज और बोर्ड को लेकर एकरूपता रहे, इसके लिए यह कदम उठाया गया है। बोर्ड लगाने से पहले प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी। अगर ऐसा नहीं किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा शहर को स्मार्ट सिटी रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण कई मोर्चों पर काम कर रहा है। शहर में औद्योगिक इकाइयां, प्रतिष्ठान आदि के बोर्ड बेतरतीब लगाए जा रहे हैं। इनके संचालकों का जहां पर मन होता है वहां अपने बोर्ड लगा देते हैं।

# आईसीएमआर ने जिम्स को 5 विषयों पर दी शोध की मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान को आईसीएमआर से पांच अहम विषयों पर रिसर्च की मंजूरी मिल गई है। अब जिम्स में इन विषयों पर शोध किया जाएगा। इससे कोरोना टीकाकरण और उसके बाद होने वाले प्रभावों को समझने में मदद मिलेगी।

पिछले दिनों ही जिम्स प्रशासन ने 12 विषयों पर शोध के लिए आईसीएमआर को अनुरोध किया था। उस पर जवाब देते हुए आईसीएमआर ने संस्थान के 4 डॉक्टरों की अगुवाई में रिसर्च को मंजूरी दे दी है। डॉ विवेक गुप्ता, जिम्स के निदेशक डॉ राकेश गुप्ता, डॉ भारती भंडारी और डॉक्टर रंभा पाठक की अगुवाई में पांच अहम विषयों पर शोध किया जाएगा। पैथोलॉजी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विवेक गुप्ता को मृत रोगियों में वेरिएंट की पहचान, जीनोम अनुक्रमण और हॉस्पिटल में अध्ययन की जिम्मेदारी दी गई है। जिम्स के निदेशक डॉ राकेश गुप्ता को बच्चों में कोरोना वायरस के नैदानिक स्पेक्ट्रम, पैथोफि जियोलॉजी और इम्यूनोलॉजिकल रिसर्च की जिम्मेदारी मिली है।

# पांच माह पहले अगवा किशोरी को पुलिस ने सिक्किम से किया बरामद

- आरोपी के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म का मुकदमा किया दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोतवाली सूरजपुर क्षेत्र के एक गांव से पांच माह पहले अगवा हुई किशोरी को पुलिस ने सिक्किम से बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मामले में किशोरी के परिजनों ने पांच महीने पहले सूरजपुर पुलिस से शिकायत की थी। कोतवाली सूरजपुर प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि 12 फरवरी को एक किशोरी का उसके पड़ोस में किराए पर रहने वाले युवक ने अपहरण कर लिया था।

इस मामले में किशोरी की मां ने सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया था, इसके बाद किशोरी को बरामद करने के लिए पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही थी। अब पांच महीने बाद पुलिस ने गंगटोक सिक्किम से आरोपी अनिल को गिरफ्तार कर अगवा लड़की को सकुशल बरामद कर लिया।

### बाइक सवार को ट्रक ने मारी टक्कर, युवक की मौत

**गाजियाबाद।** थाना कवि नगर क्षेत्र स्थित लालकुंआ पुल के ऊपर दिल्ली निवासी एक मोटरसाइकिल सवार युवक को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मारकर दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने पीछा कर ट्रक को पकड़ लिया है।

जेपीनगर दिल्ली निवासी सुहेल बाइकस से देर रात्रि में दिल्ली की तरफ जा रहा था तभी पीछे से तेज गति से आते ट्रक ने टक्कर मार दी। सड़क हादसे के बाद पुलिस को जानकारी मिलते ही ट्रक चालक का पीछा किया गया। पुलिस ने आरोपी चालक को गाजियाबाद के पास जाकर गिरफ्तार किया।

# 10वीं में अभिनव व 12वीं में श्वेता ने किया टॉप

- दसवीं में दूसरे स्थान पर आई मानसी ने पाया 96 फीसदी अंक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोविड महामारी के चलते इस बार किसी भी बोर्ड की परीक्षाएं नहीं हो सकी हैं। बिना परीक्षाएं कराए ही शनिवार को काउंसिल ऑफ इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंन बोर्ड ने 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित कर दिया है। 10वीं में ग्रेटर नोएडा के सेंट जोसेफ स्कूल के अभिनव झा ने 97.33 फीसदी अंकों के साथ बाजी मारी। जबकि 12वीं में श्वेता राणा ने 98.8 प्रतिशत लेकर सबसे अधिक नंबर हासिल किए।

ग्रेटर नोएडा में दो स्कूलों सेंट जोसेफऔर जीसस एंड मैरी स्कूल में आईएससीएसई बोर्ड के विद्यार्थियों का परिणाम आया। अल्फा-1 स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में दसवीं कक्षा में 206 विद्यार्थी हैं। इसमें 112 लड़के और 94 लड़कियां हैं।

दसवीं में पहले स्थान पर अभिनव रहे। दूसरे स्थान पर मानसी सिंह ने 96 प्रतिशत अंक हासिल किए। 12वीं कक्षा में स्कूल में 164 विद्यार्थी हैं। इनमें से 81 लड़के और 83 लड़कियां शामिल हैं। 12वीं कक्षा में श्वेता राणा ने साइंस विषय में 500 में से 494 अंक हासिल किए। विज्ञान वर्ग में दूसरे स्थान पर उज्जवल कुमार सिंह रहे।

12वीं कक्षा में यशि त्रिपाठी ने कॉमर्स में 95.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। कला वर्ग में इसी स्कूल की जैबा हुसैन ने 96.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। जीसस एंड मैरी स्कूल के दसवीं कक्षा में बेस्ट फाइव विषयों में भूमि भाटी और मयंक दुबे दोनों को 97 फीसदी अंक दिए गए हैं। स्कूल में दसवीं में 118 विद्यार्थी हैं। इनमें से 66 लड़के और 52 लड़कियां हैं।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी, 30 गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में साइबर क्राइम और थाना शहर कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे एक ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है जो पॉलिसी मैच्योर व पॉलिसी पर लोन कराने के नाम पर फर्जी बैंक खातों में रुपये डलवा कर लोगों से करोड़ों की ठगी कर चुका है। पुलिस ने इस गिरोह के 30 सदस्यों को गिरफ्तार किया है इसमें 16 पुरुष व 14 महिलाएं शामिल हैं। इनके कब्जे से 19 मोबाइल फोन, 14 कोडलैस वॉकी, 1160 डाटा पेपर शीट, 1 पासबुक, 22 चेक, 1 कार बरामद हुई हैं। पुलिस अधीक्षक नगर प्रथम निपुण अग्रवाल ने बताया के मॉडल टाउन गाजियाबाद निवासी सागर नामक युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने लोन देने के नाम पर उससे 56 हजार रुपये की ठगी की है। पुलिस ने मामला साइबर सेल को सौंप दिया।

आरोपियों की पहचान चंद्रशेखर, भुवन सिंह, दीपक कुमार, रंजन कुमार, राहुल कुमार, पारस तोमर,मनोज कुमार, हेमंत सिरोही, विकास कुमार, राकेश कुमार, चंदन झा, अविनाश कुमार, विवेक चौधरी, अनूप कुमार,ओवैस खान तथा जगबीर हैं। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह की सक्रिय 14 महिला सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि यह सभी लोग पूर्व में दर्ज हुई रिपोर्ट में फरार आरोपियों के साथ अभी भी ठगी में लिप्त थे।

### केंद्रीय मंत्री ने 3 ऑक्सीजन प्लांट का किया लोकार्पण

**गाजियाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने रविवार को गाजियाबाद लोकसभा की धौलाना विधानसभा में तीन ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण किया गया।

ये प्लांट पिलखुवा सीएचसी, धौलाना सीएचसी तथा सपनावत सीएचसी में स्थापित किये गए हैं। ये ऑक्सीजन प्लांट क्रमशः मरीनो इंडस्ट्री, मदर डेयरी के संजय कृपाल तथा टाटा स्टील द्वारा लगाए गए है।

वीके सिंह ने कहा कि धौलाना में ऑक्सीजन की संख्या पर्याप्त हो चुकी है, ऐसे में अब ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक धर्मेश तोमर आदि मौजूद थे।


ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन करते केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह व अन्य।

# निगम के 200 पार्कों की आधुनिक तकनीक से होगी साज-सज्जा

- प्रशिक्षण के बाद निगम ने 45 बुश कटर हेड मालियों को सौंपे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



महानगर के 200 पार्कों की गाजियाबाद नगर निगम कायापलट करने जा रहा है। इन पार्कों की प्राकृतिक साज-सज्जा को दर्शनीय बनाने के लिए नगर निगम ने 45 बुश कटर खरीदे हैं आधुनिक तरीके से पार्कों में पेड़ पौधे और घास की कटिंग करेंगे।

अब तक केवल परंपरागत कैंची व अन्य उपकरण से माली पार्कों में सात सज्जा का काम करते थे। जिससे काफी समय जाया होता था। खास बात यह है कि यह बुश कटर सरलता और बेहतर तरीके से पार्कों की साज सज्जा को अमलीजामा पहनाते हैं। इन मशीनों के आ जाने से ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी पड़ती और काम भी कारगर होता है। बुश कटर को संचालित करने के लिए नगर निगम के सभी साढ़े सात सौ मालियों को विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। नगर निगम मुख्यालय पर आयोजित एक समारोह में सभी मालियों को यह बुश कटर सौपे गए।

उद्यान प्रभारी डॉ अनुज कुमार सिंह ने बताया गया कि शहर के पार्कों में बढ़ती घास को व्यवस्थित करने के लिए 45 बुश कटर मालियों को उपलब्ध कराए गए हैं ताकि पार्कों की सुंदरता को बेहतर बनाया जा सके। अनचाही झाड़ियों व घास को बुश कटर के माध्यम से कटाई कर व्यवस्थित किया जा सकता है।

उद्यान अधिकारी ने बताया कि मालियों की आवश्यकता के आधार पर उनको मशीन उपलब्ध कराई गई है। पांचों जोनों में पार्कों को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार उद्यान विभाग द्वारा कारगर कदम उठाए जा रहे है। अकसर देखा गया है कि इस मामले में कुछ लापरवाही होती है।

### घंटों बिजली गुल होने पर भी नहीं चलता जनरेटर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बिल्डरों ने आम आदमी के लिए परेशानियां खड़ी करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी है। रोज किसी न किसी हाउसिंग सोसायटी में कोई ना कोई बड़ी समस्या लोगों को घेर लेती है। रविवार की सुबह ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों ने बिल्डर के कारनामों के खिलाफ प्रदर्शन किया है।

सोसाइटी के निवासी विनोद सोनी ने बताया कि विक्ट्री वन सेंट्रल सोसाइटी में बीती रात को एक घंटे से ज्यादा समय तक बिजली गुल रही है। बड़ी बात यह है कि इस दौरान बैकअप के लिए जनरेटर भी नहीं चला है। यह समस्या पिछले 2 सालों से है। काफी बार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और डीएम साहब से शिकायत की गई है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

चिकित्सा और व्यर्थ के खर्चों में वृद्धि से चिंताएं बढ़ सकती हैं। जीवनसाथी का स्वास्थ्य भी चिंता का सबब बन सकता है। दुश्मन आपके खिलाफ गुप्त रूप से काम कर सकते हैं और परेशानी दे सकते हैं। आप एक आकस्मिक घटना के परिणामस्वरूप चोटिल हो सकते हैं और पेशे के संबंध में यात्राएं फलहीन रह सकती हैं। अच्छे पक्ष पर, आप धार्मिक प्रथाओं और ध्यान में पहल करेंगे।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** शिवलिंग का गुड मिले जल से अभिषेक करें।

### वृष
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

आज दिन फेवरेबल रहेगा. ऑफिस में कार्यों की प्रशंसा होगी। बचपन के मित्र से मुलाकात होगी। दोस्त के साथ घूमने की प्लानिंग करेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। धैर्य पूर्वक किसी कार्य पर किया गया विचार बहुत फलदायी रहेगा। सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। बिजनेस में नए मौके मिलेंगे। पार्टनर के साथ बेहतर पल बितायेंगे, रेस्टोरेंट में लंच करने भी जा सकते हैं। सफलता कदम चूमेगी।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** बहते जल में तिल प्रवाहित करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

अपने साथी के साथ बैठकर संबंधों के विभिन्न आयामों के बारे में बात करने की आवश्यकता है, जिसके साथ आप असहज महसूस कर रहे हैं। प्राकृतिक सौंदर्य के दामन का आनंद उठाएंगे। विद्यार्थियों के लिए समय मध्यम है। रोमांटिक अंदाज दांपत्य जीवन को प्यार से भर देगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। संबंध फूलों की भांति खिलेंगे एवं सौहार्द की खुशबू फैलाएंगे।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** भगवान शिव को घास अर्पित करें।

### कर्क
(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

साहित्य, कला, लेखन, संगीत, फिल्मों या खेल जैसे रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के अवसर मिलेंगे और आकर्षक सौदे हाथ लग सकते हैं। स्वयं के लिए यश एव कीर्ति भी अर्जित कर पाएंगे। काम और व्यवसाय में सकारात्मक विकास होगा। व्यवसाय बदलना चाहते हैं, तो सफलता मिलेगी। आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों की ओर आकर्षित होंगे।

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** शिव चालीसा का अध्ययन करें।

### सिंह
(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

आज दिन सामान्य रहेगा. सामाजिक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। कार्यस्थल पर किसी सहयोगी से वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। किसी से बिना वजह उलझने से बचना चाहिए। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। नया काम सिखने का अवसर मिल सकता है। कोई व्यक्ति योजनाओं को बिगाड़ने की कोशिश कर सकता है। सावधान रहने की जरूरत है।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** लक्ष्मी मां के आगे घी का दीपक जलाएं।

### कन्या
(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

विदेश जाने के विषय में कोई विचार बना सकते हैं। संभव हो सके तो अचल संपत्ति के विषय में चर्चा टाल दें। रात्रि में मित्रो पर धन खर्चा करना पड़ सकता है। रोजगार में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। लोगों के जीवन में नए अवसर आएंगे जिन्हे नजरअंदाज न करें अन्यथा बाद में आत्मग्लानि होगी। आपके स्वभाव की सबसे खास बात संतुलित रहना है। कुछ खास काम भी आज पूरे हो सकते हैं।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** पूरे सावन मास में मांस मदिरा का सेवन न करें।

### तुला
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

आज का दिन अधिकतर के लिए शुभ परिणामदायक रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करेंगे। आप में से कुछ नवीन संपर्क स्थापित कर पाएंगे। रचनात्मक क्षेत्रों में असाधारण रूप से अच्छा करेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश करने वालों को शुभ परिणाम प्राप्त होंगे। कोर्ट में लंबित कोई संपत्ति संबंधी मामला पक्ष में जाएगा। घरेलू वातावरण अच्छा रहेगा और आपका स्वास्थ्य भी बढ़िया रहेगा।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** गोधूलि बेला में भगवान शिव की आरती करें।

### वृश्चिक
(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

किसी शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। मन में किसी की मदद करने का भाव आ सकता है। रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आ सकती है। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आगे बढ़ने के नए मौके मिल सकते हैं। आप जिससे भी बात करेंगे, उसे अपनी राय से सहमत कर सकते हैं। धन में वृद्धि होगी।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** मंदिर में फल दान करें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

प्रत्येक कार्य में संभलकर आगे बढ़ने की जरूरत है। नौकरी पेशावालों की पदोन्नति की संभावनाएं हैं। साथी आपके विचारों के प्रति ग्रहणशील होगा। पार्टनर के साथ मिलकर संसाधनों को एकजुट करने में सफल रहेंगे। जीवन के प्रति गंभीरता को बनाए रखने की जरुरत है। कार्य क्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग मिल सकता है। कोई तोहफा या सरप्राइज मिल सकता है। बिगड़े हुए रिश्ते पुनः सुलझ सकते हैं। दिन अच्छा रहेगा।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** भगवान शिव का शहद से अभिषेक करें।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

जीवनसाथी की खराब सेहत की वजह से घर में खुशियों की कमी आएगी। आप चिड़चिड़े महसूस करेंगे, शांत और संयम रखने की जरूरत है। जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। बच्चे आपका ध्यान रखेंगे। दफ्तर में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा। वरिष्ठ काम को सराहेंगे। वित्तीय फैसले लेने के लिए यह बहुत अच्छा वक्त है। प्रेम प्रसंग के मामले में दिन अनुकूलता लिए हुए है। शुरुआती दिनों मे धन व्यय कर जीवन का आनंद तलाशने की कोशिश में रहेंगे।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** शिवलिंग पर देसी घी अर्पित करें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

आज दिन शानदार रहेगा। रुका हुआ धन वापस मिल जाएगा। अधूरे काम आसानी से पूरे होंगे। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा। लवमेट का पूरा सहयोग मिलेगा। समाज के कार्यों में आगे रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से काम करने से लाभ की प्राप्ति होगी। यात्रा सुखद रहेगी। आपके काम से लोग प्रसन्न रहेंगे। स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में साथियों से मदद मिलेगी। आपका दांपत्य जीवन खुशी से भरा रहेगा। आपके सभी काम बनेंगे।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें।

### मीन
(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

आज अनुचित स्थान पर पूंजी-निवेश न करें। परेशानी बढ़ने की भी संभावना है। दिनभर संभलकर रहना होगा। घर-परिवार की चिंता बढ़ सकती है। कामकाज में नए बदलाव करने से बचना होगा। उच्चाधिकारियों की शुभदृष्टि बिजनेस में लाभ प्राप्त करवाएगी। संतान पक्ष की ओर से चिंताएं दूर होंगी। वैवाहिक जीवन आनंद पूर्वक बीतेगा। मैनजमेंट फील्ड के स्टूडेंट्स विदेश जाने की योजना बनाएंगे। किसी भी काम में लापरवाही न बरतें।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** श्वेत रंग के वस्त्र धारण करें।

# महिला खिलाड़ियों ने जगाई उम्मीद

## निशानेबाजों और हॉकी टीम ने किया निराश

**एजेंसी।** टोक्यो

**पीवी** सिंधू, मनिका बत्रा और एमसी मैरीकॉम ने टोक्यो ओलंपिक में अपने मुकाबले जीतकर निशानेबाजों के लगातार दूसरे दिन के खराब प्रदर्शन से निराश भारतीय खेमे में उम्मीद की किरण जगाई, लेकिन आखिर में पुरुष हॉकी टीम की आस्ट्रेलिया के हाथों 1-7 की शर्मनाक हार असहनीय बन गई। भारोत्तोलक मीराबाई चानू के प्रतिस्पर्धा के पहले दिन रजत पदक जीतने के बाद सिंधू और मैरीकॉम ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके अगले दौर में जगह बनाई। मनिका को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह भी टेबल टेनिस के तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। चानू के पदक की बदौलत भारत पदक तालिका में अभी संयुक्त 21वें स्थान पर है।

निशानेबाज दूसरे दिन भी पदक से वंचित रहे लेकिन भारत को सबसे अधिक निराशा पुरुष हॉकी टीम से मिली जिसे आस्ट्रेलिया ने पूरे 60 मिनट तक अपने इशारों पर नचाया। आस्ट्रेलिया की तरफ से डेनियल बील (10वें), जेरेमी हेवार्ड (21वें), फ्लिन ओगलीवी (23वें), जोशुआ बेल्ट्ज (26वें), ब्लैक गोवर्स (40वें और 42वें) और टिम ब्रांड (51वें मिनट) ने गोल किए। भारत के लिए दिलप्रीत सिंह ने 34वें मिनट में एकमात्र गोल किया। ग्राहम रीड के कोच बनने के बाद यह भारत की सबसे बुरी हार है। निशानेबाजी में रियो ओलंपिक से चली आ रही निराशा टोक्यो में लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में मनु भाकर और यशस्विनी सिंह देसवाल तथा पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल में दीपक कुमार और दिव्यांश सिंह पंवार फाइनल्स के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। दुनिया की दूसरे नंबर की निशानेबाज 19 वर्ष की मनु ने शुरुआत अच्छी की और लग रहा था कि वह शीर्ष आठ में जगह बना लेंगी लेकिन उनकी पिस्टल में तकनीकी खराबी आने का उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा और आखिर में वह 12वें स्थान पर रही। मनु का स्कोर 575 रहा जबकि कट आफ 577 पर गया। ओलंपिक में पहली बार भाग ले रही एक अन्य निशानेबाज यशस्विनी सिंह देसवाल ने खराब शुरुआत से उबरकर 574 का स्कोर बनाया और वह 13वें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में दीपक कुमार और दिव्यांश सिंह पंवार क्रमश: 26वें और 32वें स्थान पर रहकर क्वालीफिकेशन से ही बाहर हो गए। दीपक ने आखिर में छह सीरिज में 624.7 अंक और दिव्यांश ने 622.8 अंक बनाए। स्कीट में अंगद वीर बाजवा तीन दौर के बाद 73 अंक लेकर 11वें स्थान पर चल रहे हैं और फाइनल्स में जगह बनाने की दौड़ में हैं। एक अन्य स्कीट निशानेबाज मैराज खान 71 का स्कोर बनाकर 25वें स्थान पर हैं।

बैडमिंटन में भारत की पदक उम्मीद विश्व चैंपियन सिंधू ने महिला एकल में इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा पर सीधे गेमों में आसान जीत दर्ज की। रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने 58वीं रैंकिंग वाली इस्राइली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 21-7, 21-10 से 28 मिनट में यह मुकाबला अपने नाम किया। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का सामना अब हांगकांग की चियुंग एंगान यि से होगा जो विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर हैं।

मुक्केबाजी और टेबल टेनिस में भारत के लिए रविवार का दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। मुक्केबाजी में छह बार की विश्व चैंपियन मैरीकॉम (51 किग्रा) ने शुरुआती दौर में डोमेनिका गणराज्य की मिगुएलिना हर्नांडिज गार्सिया को हराकर ओलंपिक खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम ने पैन अमेरिकी खेलों की कांस्य पदक विजेता को 4-1 से शिकस्त दी, लेकिन पुरुष वर्ग में मनीष कौशिक को ब्रिटेन के ल्यूक मैकोरमैक से इसी अंतर से हार का सामना करना पड़ा। टेबल टेनिस में विश्व रैंकिंग में 62वें नंबर की मनिका ने यूक्रेन की 20वीं वरीयता प्राप्त मारग्रेट पेसोत्सका को 57 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में शुरू में पिछड़ने के बाद 4-3 से हराया। तीसरे दौर में उनका मुकाबला सोमवार को आस्ट्रिया की सोफिया पोलकानोवा से होगा। इससे पहले जी साथियान ने पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में हांगकांग के लाम सियू हांग के खिलाफ एक समय 3-1 से बढ़त बना रखी थी लेकिन आखिर में वह इस मैच को 3-4 से हार गए।

टेनिस में सानिया मिर्जा और अंकिता रैना की जोड़ी महिला युगल में यूक्रेन की नादिया और लियुडमाइला किचेनोक बहनों से 6-0, 7-6, 10-8 से हारकर बाहर हो गई। जिम्नास्टिक में भारत की अकेली जिम्नास्ट प्रणति नायक कलात्मक जिम्नास्टिक स्पर्धा के आल राउंड फाइनल्स में जगह बनाने में असफल रही। नौकायन में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने टोक्यो ओलंपिक में पुरुषों की नौकायन लाइटवेट डबलस्कल्स स्पर्धा के रेपेशाज दौर में तीसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। सेलिंग (पाल नौकायन) में नेत्रा कुमानन दो रेस के बाद 27वें स्थान पर चल रही हैं जबकि विष्णु सरवनन अपनी पहली रेस के बाद 14वें स्थान पर हैं। तैराकी में माना पटेल महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही। पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक में श्रीहरि नटराज अपनी हीट में पांचवें स्थान पर रहे और इस तरह से सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहे।





### अपनी आक्रामकता व तकनीकी पर काम कर रही हूं: सिंधू

**टोक्यो।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने रविवार को टोक्यो ओलंपिक में जीत से शुरुआत करने के बाद कहा कि वह पिछले पांच साल से अपनी आक्रामकता और तकनीक पर काम कर रही थी। पांच साल पहले तक सिंधू को पदक का दावेदार नहीं माना जाता था, लेकिन उन्होंने रियो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करके रजत पदक जीता था। टोक्यो में इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को भारत की तरफ से स्वर्ण पदक की सबसे बड़ी उम्मीद माना जा रहा है। सिंधू ने इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज करने के बाद कहा, मानसिक, शारीरिक और अनुभव के लिहाज से काफी कुछ बदल गया है। यहां (टोक्यो 2020) में आना पूरी तरह से भिन्न है। वहां (रियो 2016) में तब किसी तरह की अपेक्षाएं नहीं थी। उन्होंने कहा, मैं जानती हूं कि इन वर्षों में मैंने कड़ी मेहनत की है और मुझे लगता है कि अब उसे दिखाने का समय है।

### मैरीकॉम ओलंपिक के प्री क्वार्टर में

छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरीकॉम (51 किग्रा) ने रविवार को यहां शुरुआती दौर में डोमेनिका गणराज्य की मिगुएलिना हर्नांडिज गार्सिया को हराकर ओलंपिक खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वर्ष 2012 ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम ने अपने से 15 साल जूनियर और पैन अमेरिकी खेलों की कांस्य पदक विजेता को 4-1 से शिकस्त दी। मुकाबला शुरू से काफी रोमांचक रहा, जिसमें मैरीकॉम ने कुछ शानदार तकनीक दिखाई और गार्सिया की कड़ी चुनौती को पस्त किया। पहले राउंड में मैरीकॉम ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को परखने का समय लिया, लेकिन इसके बाद अनुभवी मुक्केबाज ने तीसरे राउंड के तीन मिनट में आक्रामकता दिखाई। गार्सिया ने हालांकि दूसरे राउंड में कुछ दमदार मुक्कों से अंक जुटाए। मैरीकॉम ने अपने दमदार राइट हुक से पूरे मुकाबले के दौरान दबदबा बनाए रखा। उन्होंने गार्सिया को खुद की ओर बढ़ने के लिए उकसाया भी ताकि उन्हें सटीक मुक्के जड़ने के लिए जगह मिल जाए। डोमेनिका गणराज्य की मुक्केबाज ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन वह मुक्के सही तरीके से नहीं जड़ पाईं। चार बच्चों की मां मैरीकॉम अब अगले दौर के मुकाबले में कोलंबिया की तीसरी वरीयता प्राप्त इंग्रिट वालेंसिया से भिड़ेंगी जो 2016 रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता हैं।



### माना पटेल हीट में दूसरे स्थान पर, सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम

भारतीय तैराकों श्रीहरि नटराज और माना पटेल का टोक्यो ओलंपिक में अभियान थम गया जब रविवार को यहां ये दोनों युवा तैराक अपनी अपनी स्पर्धाओं के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे। ओलंपिक में पदार्पण कर रहे ये दोनों तैराक 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धाओं में अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने में भी नाकाम रहे। श्रीहरि पुरुष 100 मीटर बैकस्ट्रोक हीट में 54.31 सेकेंड के साथ छठे स्थान पर रहे। बीस साल के इस तैराक का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53.77 सेकेंड है, जो उन्होंने जून में इटली में सेते कोली ट्रॉफी के दौरान किया था और तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। श्रीहरि कुल 40 तैराकों में 27वें स्थान पर रहे। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरी तरफ माना ने महिला 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में एक मिनट 5.20 सेकेंड का समय लिया। उनकी हीट में जिंबाब्वे की डोनाटा काताई एक मिनट 2.73 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रही। ग्रेनाडा की किम्बर्ले इन्स एक मिनट 10.24 सेकेंड के समय के साथ हीट एक में तीसरे स्थान पर रही।

### भारत के अर्जुन और अरविंद नौकायन लाइटवेट डबलस्कल्स के सेमीफाइनल में



भारत के अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने टोक्यो ओलंपिक में पुरुषों की नौकायन लाइटवेट डबलस्कल्स स्पर्धा के रेपेशाज दौर में तीसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारतीय जोड़ी ने 6:51.36 का समय निकाला। अर्जुन बोअर की और अरविंद स्ट्रोकर की भूमिका में थे। शुरुआती 1000 मीटर तक चौथे स्थान पर चल रही इस जोड़ी ने बाद में रफ्तार पकड़कर तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले कल दूसरी हीट में उतरी भारतीय जोड़ी ने छह टीमों की स्पर्धा में 6:40.33 का समय निकाला और सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी थी। रेपेशाज दौर से टीमों को क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल या फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका मिलता है। इसमें छह में से तीन टीमें सेमीफाइनल में और बाकी तीन क्लासीफिकेशन दौर में चली गई। नौकायन लाइटवेट डबलस्कल्स वर्ग में दो खिलाड़ी एक नाव में होते हैं और दो दो चप्पू का इस्तेमाल करते हैं। हर पुरुष प्रतिभागी का अधिकतम वजन 72.5 किलो और औसत वजन 70 किलो होना चाहिए। महिला वर्ग में अधिकतम वजन 59 किलो और औसत 57 किलो होता है।

### ओलंपिक: भारत के आज के कार्यक्रम

**टोक्यो।** टोक्यो ओलंपिक के चौथे दिन सोमवार को भारत का कार्यक्रम इस प्रकार है।

**भारतीय समयानुसार**

- **तीरंदाजी:** भारत (प्रवीण जाधव, अतनु दास और तरूणदीप राय) बनाम कजाखस्तान, पुरुष टीम ॥8 एलिमिनेशन, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से।
- **बैडमिंटन:** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम मार्कस गिडियोन फर्नाल्डी और केविन संजया सुकामुल्जो (इंडोनेशिया), पुरुष युगल ग्रुप ए मैच, भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 10 मिनट से।
- **मुक्केबाजी:** आशीष कुमार बनाम एरबीके तुओहेता (चीन), पुरुष 75 किग्रा राउंड आफ 32 मुकाबला, भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजकर छह मिनट से।
- **तलवारबाजी:** सी भवानी देवी बनाम नादिया बेन अजिजि (ट्यूनीशिया), महिला सेबर व्यक्तिगत टेबल आफ 64 मुकाबला, भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर।
- **हॉकी:** भारत बनाम जर्मनी, महिला पूल ए मैच, भारतीय समयानुसार शाम पांच बजकर 45 मिनट पर।
- **सेलिंग:** विष्णु सरवनन, पुरुष लेजर रेस, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर।

  नेत्रा कुमानन, महिला लेजर रेडियल रेस, भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजकर पांच मिनट पर।
- **निशानेबाजी:** मेराज अहमद खान और अंगद वीर सिंह बाजवा, पुरुष स्कीट स्पर्धा दूसरा दिन, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से।
- **पुरुष स्कीट फाइनल:** भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 20 मिनट से
- **तैराकी:** साजन प्रकाश: पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई हीट्स, भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजकर 45 मिनट से।
- **टेबल टेनिस:** अचंता शरत कम बनाम टियागो अपोलोनिया (पुर्तगाल), पुरुष एकल दूसरा दौर, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से।

  मनिका बत्रा बनाम सोफिया पोलकानोवा (आस्ट्रिया), महिला एकल तीसरा दौर, भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से।
- **टेनिस:** सुमित नागल बनाम दानिल मेदवेदेव (रूस ओलंपिक समिति), पुरुष एकल दूसरा दौर, भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 30 मिनट के बाद तीसरा मुकाबला।

## संक्षिप्त समाचार

### पदक विजेताओं को फोटो खिंचवाते हुए 30 सेकेंड तक मास्क उतारने की स्वीकृति

**टोक्यो।** टोक्यो ओलंपिक के पदक विजेता खिलाड़ी अब तस्वीर खिंचवाते हुए अपनी मुस्कान बिखेर पाएंगे क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने रविवार को अपने नियमों में बदलाव करते हुए उन्हें पदक वितरण समारोह के दौरान 30 सेकेंड के लिए मास्क उतारने की स्वीकृति दी है। कोविड-19 संक्रमण के खतरे से निपटने के लिए आयोजकों ने खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों के लिए हर समय मास्क पहनना अनिवार्य किया था। बदले हुए नियम के तहत खिलाड़ियों को संक्षिप्त समय के लिए मास्क उतारने की स्वीकृति है। यह नियम रविवार सुबह से लागू हुआ। आईओसी ने बयान में कहा, टोक्यो 2020 प्लेबुक्स को ध्यान में रखते हुए रविवार को फैसला किया गया कि पदक वितरण समारोह के दौरान खिलाड़ियों को पोडियम पर शारीरिक दूरी के साथ बिना मास्क के 30 सेकेंड के लिए फोटो खिंचवाने की स्वीकृति होगी और स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी के स्थान पर वे मास्क के साथ समूह तस्वीर खिंचवा पाएंगे।

### आस्ट्रेलियाई महिला टीम ने 4 गुणा सौ मीटर फ्रीस्टाइल सोना जीता

**टोक्यो।** आस्ट्रेलिया ने टोक्यो ओलंपिक में महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में पहला विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। आस्ट्रेलियाई टीम ने तीन मिनट 29-69 सेकेंड का समय निकाला। इससे पहले रिकॉर्ड तीन मिनट 30-05 सेकेंड का था जो उन्होंने ही बनाया था। विजई टीम में ब्रोंटे और केट कैपबेल, मैग हैरिस और एम्मा मैकियोन शामिल थी। कनाडा दूसरे और अमेरिका तीसरे स्थान पर रहा।

### गोल्फर राहम कोविड पॉजिटिव, ओलंपिक से बाहर

**टोक्यो।** स्पेनिश गोल्फर जॉन राहम दो महीने में दूसरी बार कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए, जिससे वह ओलंपिक से बाहर हो गए। कुछ घंटे पहले ही अमेरिकी गोल्फर ब्रायन डिचाम्ब्यू भी कोविड-19 पॉजिटिव आने के कारण ओलंपिक से बाहर हो गए थे। टोक्यो में प्रतियोगिता शुरू होने के दूसरे दिन लगातार कोविड-19 पॉजिटिव मामले देखने को मिले। गोल्फ प्रतियोगिता गुरुवार से शुरू होगी, जिसमें दो यूएस ओपन चैंपियन हिस्सा नहीं लेंगे।

### फिंच चोट के कारण वेस्टइंडीज और बांग्लादेश दौरे से बाहर

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच दाहिने घुटने की चोट के कारण वेस्टइंडीज और बांग्लादेश दौरे से बाहर हो गए हैं। फिंच वेस्टइंडीज से आस्ट्रेलिया लौटकर 14 दिन का पृथकवास पूरा करेंगे। उन्हें सर्जरी भी करानी पड़ सकती है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने रविवार को एक बयान में कहा कि चयनकर्ताओं और सीए की मेडिकल टीम को यकीन है कि फिंच संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्वकप तक फिट हो जाएंगे। फिंच ने कहा, मैं बहुत निराश हूं कि यूं घर लौटना पड़ रहा है। जरूरत पड़ने पर सर्जरी करानी होगी ताकि विश्वकप से पहले ठीक हो सकूं।

### टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान दूसरे दौर का मुकाबला हारे

**टोक्यो।** भारत के ज्ञानशेखरन साथियान टोक्यो ओलंपिक की टेबल टेनिस स्पर्धा के पुरूष एकल वर्ग के दूसरे दौर में हांगकांग के लाम सियू हांग से सात गेम के करीबी मुकाबले में हार गए। पहले गेम में पिछड़ने के बाद साथियान ने वापसी की लेकिन उस लय को कायम नहीं रख सके। लियाम ने उन्हें हराया। अपना पहला ओलंपिक खेल रहे साथियान का इससे पहले लियाम के खिलाफ रिकॉर्ड 2-0 का था।

### गोल्फर ब्रायसन टोक्यो रवानगी से पहले कोरोना पॉजिटिव

**वाशिंगटन।** यूएस ओपन विजेता अमेरिकी गोल्फर ब्रायसन डिचैम्ब्यू तोक्यो ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं और उन्होंने टीम से नाम वापिस ले लिया। पिछले साल मेजर टूर्नामेंट जीतने वाले ब्रायसन की प्रोटाकॉल के तहत कोरोना जांच की गई थी और उनका नतीजा पॉजिटिव आया। टीम में उनकी जगह पैट्रिक रीड लेंगे। टोक्यो ओलंपिक में गोल्फ स्पर्धा गुरूवार से शुरू होगी। रीड पुरुष गोल्फ में दो बार के ओलंपियन हैं और रियो ओलंपिक भी खेल चुके हैं।

### भारत की अकेली जिम्नास्ट प्रणति फाइनल में जगह बनाने से चूकी



टोक्यो। टोक्यो ओलंपिक में भारत की अकेली जिम्नास्ट प्रणति नायक कलात्मक जिम्नास्टिक स्पर्धा के आल राउंड फाइनल्स में जगह बनाने में असफल रही। पश्चिम बंगाल की 26 वर्ष की नायक ने चार वर्गों (फ्लोर एक्सरसाइज, वॉल्ट, अनइवन बार और बैलेंस बीम) में कुल 42 . 565 अंक बनाए।

वह दूसरे सब डिविजन के बाद 29वें स्थान पर रही। पांच सब डिविजन से शीर्ष 24 जिम्नास्ट आल राउंड फाइनल में जगह बनाते हैं जो 29 जुलाई को होगा। हर वर्ग के शीर्ष आठ जिम्नास्ट व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में खेलेंगे जो एक से तीन अगस्त तक होगी। नायक सभी में निचले हाफ में रही। उन्होंने फ्लोर में 10. 633 स्कोर किया जबकि वॉल्ट में उनका स्कोर 13.466 रहा। अनइवन बार में 3.033 और बैलेंस बीम में स्कोर 9.433 रहा।

## ओसाका की जीत से शुरुआत बार्टी पहले दौर में हारी

**एजेंसी।** टोक्यो

**जापान** की टेनिस स्टार नाओमी ओसाका ने लगभग दो महीने बाद अपना पहला मैच खेलते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज करके टोक्यो ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की, लेकिन आस्ट्रेलिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त ऐश बार्टी उलटफेर का शिकार हो गई। ओसाका ने रविवार को यहां चीन की 52वीं रैंकिंग की झेंग साइसाइ को 6-1, 6-4 से हराया। ओसाका अवसाद के कारण फ्रेंच ओपन और विंबलडन में नहीं खेल पाई थी, लेकिन ओलंपिक कुंड (कॉल्ड्रन) प्रज्ज्वलित करने वाली इस खिलाड़ी ने इस खेल महासमर में अच्छी वापसी की।



ओसाका का अगला मुकाबला 50वीं रैंकिंग की स्विस खिलाड़ी विक्टोरिया गुलबिच से होगा। टोक्यो खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में कुछ शीर्ष खिलाड़ियों के लिए हालांकि शुरुआत अच्छी नहीं रही। शीर्ष रैंकिंग की बार्टी को स्पेन की 48वीं रैंकिंग की सारा सारिबेस टोर्मो ने 6-4, 6-3 से उलटफेर का शिकार बनाया, जबकि दो बार के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता एंडी मर्रे मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पुरुष एकल से हट गए। ये दोनों हालांकि युगल स्पर्धा में बने हुए हैं। बार्टी को विंबलडन जीतने के 15 दिन बाद एकल में हार का सामना करना पड़ा। ब्रिटेन के खिलाड़ी मर्रे ने सेंटर कोर्ट पर कनाडा के नौवें वरीय फेलिक्स आगुर अलियासामी के खिलाफ मैच से पूर्व हटने का फैसला किया। मर्रे अपने जोड़ीदार जो सेलिसबरी के साथ मिलकर युगल में हालांकि खेलते रहेंगे। मर्रे और सेलिसबरी ने शनिवार को फ्रांस के पियरे ह्यूज हरबर्ट और निकोलस माहूट को 6-3, 6-2 से हराया था।

## आस्ट्रेलिया से 7-1 से हारी भारतीय हॉकी टीम

**एजेंसी।** टोक्यो

**न्यूजीलैंड** के खिलाफ जीत से आगाज करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बेजान आक्रमण और ढीले रक्षण के कारण टोक्यो ओलंपिक खेलों के ग्रुप ए के दूसरे मैच में रविवार को यहा मजबूत आस्ट्रेलिया से 1-7 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पेनल्टी कार्नर में सुधार के संकेत दिए थे, लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके ड्रैग फ्लिकर पंगु नजर आए। आस्ट्रेलिया ने पहले हॉफ में ही 4-0 की बढ़त हासिल करके अपनी जीत सुनिश्चित कर ली थी।

भारतीयों ने दूसरे हॉफ के शुरू में कुछ दम दिखाया, लेकिन आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के



खिलाफ शुरू में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी करना आसान नहीं था। भारतीय खिलाड़ियों ने हडबड़ाहट भी दिखाई जिसका फायदा आस्ट्रेलिया को ही मिला। आस्ट्रेलिया की तरफ से डेनियल बील (10वें), जेरेमी हेवार्ड (21वें), फ्लिन ओगलीवी (23वें), जोशुआ बेल्ट्ज (26वें), ब्लैक गोवर्स (40वें और 42वें) और टिम ब्रांड (51वें मिनट) ने गोल किए। भारत के लिए दिलप्रीत सिंह ने 34वें मिनट में एकमात्र गोल किया। भारत अपना अगला मैच 27 जुलाई को स्पेन के खिलाफ खेलेगा। आस्ट्रेलिया ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पहले हॉफ में ही उसने 11 शॉट गोल पर मारे जिसमें उसने चार को गोल में बदला। भारत इस बीच तीन शॉट ही आस्ट्रेलियाई गोल पर मार पाया लेकिन उसे उसमें कोई सफलता नहीं मिली। इस बीच यदि गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने दो खूबसूरत बचाव नहीं किए होते तो भारत की स्थिति और बदतर होती।

## बैडमिंटन खिलाड़ी क्रिस्टी ने कोरोना में जान गंवाने वाले भाई को जीत समर्पित की

**एजेंसी।** टोक्यो

**इंडोनेशिया** के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी ने ओलंपिक में पहली जीत कोरोना संक्रमण में जान गंवाने वाले अपने दिवंगत भाई को समर्पित की, जिनकी मौत ने परिवार को हिलाकर रख दिया और कुछ समय के लिए क्रिस्टी ने बैडमिंटन भी छोड़ दिया था।

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता क्रिस्टी के भाई इवान का इस साल की शुरुआत में कोरोना संक्रमण के कारण निधन हो गया। इससे क्रिस्टी का ओलंपिक में खेल पाना भी अनिश्चित हो गया था। अब ओलंपिक में वह अपने भाई के लिए

### कुछ समय के लिए छोड़ दिया था बैडमिंटन

यादगार प्रदर्शन करना चाहते हैं। उन्होंने शरणार्थी ओलंपिक टीम के आराम महमूद को हराने के बाद कहा, यह मेरे भाई के लिए है और मैं उसके लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मेरे भाई के निधन के समय मेरे माता पिता भी संक्रमित थे लेकिन दूसरे अस्पताल में थे। मैं बारी-बारी से तीनों से मिलने जाता था। मेरे भाई के निधन के बाद एक हफ्ते तक मैंने अपने माता पिता को नहीं बताया। मैं अकेला पड़ गया था। माता पिता के ठीक होने के बाद ही मैंने उन्हें बताया।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें जर्मनी के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन पर

**एजेंसी।** टोक्यो

**शुरुआती** मुकाबले में मजबूत नीदरलैंड से हारने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम सोमवार को टोक्यो ओलंपिक के पूल ए के दूसरे मैच में दुनिया की तीसरे नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ वापसी की कोशिश करेगी। दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने शनिवार को पहले दो क्वार्टर में दमदार खेल दिखाया, लेकिन अंत में मैच 1-5 से गंवा बैठी। भारतीय टीम ने बीच बीच में अच्छा खेल दिखाया था, लेकिन अब वह उस प्रदर्शन की भरपाई करके जर्मनी के खिलाफ पूरे मैच में निरंतरता हासिल करना चाहेगी।

पहले दो क्वार्टर तक यह करीबी मुकाबला रहा, जिसमें भारतीय टीम का डिफेंस शानदार रहा जिसमें गोलकीपर



सविता पूनिया ने नीदरलैंड के लगातार हमलों से बचाया था। नीदरलैंड ने अंतिम दो क्वार्टर में चार गोलकर आसान जीत हासिल की। भारतीय टीम अपना लगातार दूसरा ओलंपिक खेल रही है। तीन बार की ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा कांस्य पदक विजेता नीदरलैंड के खिलाफ कम से कम पहले हाफ के इस प्रदर्शन से टीम प्रेरणा ले सकती है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पूरे 60 मिनट तक लय बरकरार रखना ही मायने रखता है और भारतीय मुख्य कोच सोर्ड मारिन इस बात को बखूबी समझते हैं। उन्होंने कहा, हमने एक साथ नीदरलैंड के खिलाफ मैच देखा और उन चीजों के बारे में बात की जिसमें हमें सुधार की जरूरत है और हम इस वक्त इसी पर ध्यान लगाए हैं। जर्मनी की टीम भी बहुत मजबूत है। उन्होंने कहा, अगर हम पूरे मैच में निरंतर रहते हैं तो नतीजा बेहतर होगा। छह टीमें अपने ग्रुप में शीर्ष चार में रहना चाहेंगी ताकि वे प्रत्येक पूल से क्रास-ओवर क्वार्टरफाइनल में जगह बना लें इसलिए लीग चरण के प्रत्येक मैच का नतीजा अहमियत रखेगा।

### मैच में सकारात्मक चीजें देखना चाहती है रामपाल

पूल ए में नीदरलैंड, मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ब्रिटेन, यूरोपीय रजत पदकधारी जर्मनी, आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ शामिल रानी रामपाल की टीम के लिए यह मुश्किल काम होगा। यूरोपीय चैंपियन होने के अलावा जर्मनी की टीम मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता भी है और उसने पूल ए के पहले मैच में ब्रिटेन को 2-1 से हराकर अच्छी शुरुआत भी की। भारत को सफलता हासिल करने के लिए लगातार विपक्षी टीम के गोल पर हमले बोलने होंगे जो शुरुआती मैच के दूसरे हाफ में दिखाई नहीं दिए थे। हालांकि भारतीय कप्तान रानी रामपाल इस मैच की सकारात्मक चीजें ही देखना चाहती हैं। उन्होंने मैच में एकमात्र गोल किया था, उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से अपने पहले मैच से काफी सकारात्मक चीजें ले सकते हैं। हमने पहले हाफ में आक्रामक खेल दिखाया। हमने कई मौके बनाए और एक का फायदा भी उठाया। उन्होंने कहा, हमने पहले मैच में अपनी गलतियां देखीं और हम उन्हें सुधारने की कोशिश करेंगे। हमें सकारात्मक रहना होगा।

# छोटे घर में जगह कैसे बनाएं



महामारी ने बहुक्रियाशील स्थानों के आकर्षण को फिर से स्थापित किया और इस डिजाइन प्रवृत्ति के लिए एक जगह बनाई। पिछले कुछ वर्षों में घर की भूमिका विकसित हुई है, क्योंकि हम न केवल यहां रहते हैं - बल्कि काम, व्यायाम और यहां तक कि उनमें छुट्टी भी शामिल है। मूल रूप से, आज हमारा पूरा जीवन हमारी चार दीवारों के इर्द-गिर्द घूम रहा है और इसलिए, आवश्यकताओं, चाहतों और इच्छाओं के आधार पर सोच-समझकर उपयोग करने की आवश्यकता है। हालांकि, असली मुद्दा एक छोटी सी जगह में आपकी जरूरत की हर चीज को फिट करने में है, इससे भी बड़ी चुनौती इसे दिखने में आकर्षक बनाने की है। यहां एक छोटे से घर से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने के पांच तरीके दिए गए हैं, जो आपके स्थान को बड़ा महसूस कराते हैं और साथ ही साथ शैली को भी बनाए रखते हैं।

**‘पारुल मित्तल’ ने एक छोटे से घर से सर्वश्रेष्ठ स्थितियां कायम करने के पांच तरीके बताए हैं, जो ज्यादा जगह होने का एहसास कराते हैं। साथ ही साथ शैली के भागफल को बनाए रखते हैं।**

## अव्यवस्था से छुटकारा

छोटे कमरे में रहते समय अव्यवस्था को ध्यान में रखकर शुरुआत करने की सलाह दी जाती है। चाहे आपके पास बहुत सारे आंतरिक तत्व हों या सब कुछ बस सांस लेने के लिए कोई जगह न हो, यह कुछ सफाई का समय है। सबसे पहले, आपको पहले से मौजूद अव्यवस्था को खत्म करना होगा।

आपको जिन चीजों की जरूरत है और जिन चीजों को आपको छोड़ देना चाहिए, उनकी सावधानीपूर्वक मैपिंग से शुरुआत करें। इससे आपको अपने कमरे में जगह का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। ऐसे समय होते हैं जब गिरावट और सौंदर्यशास्त्र को बनाए रखने का दबाव आपको भ्रमित करता है। यहां, हम एक तटस्थ लेकिन सरल आंतरिक रूप का चयन करने का सुझाव देते हैं। उदाहरण के लिए, आप भंडारण के लिए या अपने प्राचीन टुकड़ों को प्रदर्शित करने के लिए लकड़ी की दीवार अलमारियां का उपयोग कर सकते हैं। वुडग्रेन पैटर्न और भूरे रंग का हल्का शेड चुनना नरम से गर्म रंग के टन का पूरक होगा। अंत में, लुक को पूरा करने के लिए वॉल प्लांटर्स या फ्लोरल पैटर्न पेंटिंग लगाएं।



## रसोई और भोजन क्षेत्र को दोगुना करें

एक रसोई सिर्फ खाना पकाने के क्षेत्र से कहीं अधिक है क्योंकि यह एक जीवंत भोजन कक्ष के रूप में दोगुना हो जाता है, जिसमें पके हुए और प्यार से बने व्यंजनों की सुगंध होती है। इसके चारों ओर दो या तीन कुर्सियां रखकर काउंटरटॉप और खाने की जगह को मिलाकर इस स्थान का चतुराई से उपयोग करने की कला पर विजय प्राप्त करें। हां, यह इतना आसान है, और आपका किचन-कम-डाइनिंग स्पेस तैयार है। हालांकि, यदि आप सोच रहे हैं कि आपके स्थान के लिए कौन से रंग और आंतरिक सज्जा का चयन करना है, तो आगे न सोचें। एक काला, ग्रे और सफेद रंग पैलेट कालातीत है फिर भी निडर है।



जब किसी भी स्थान में प्राकृतिक लकड़ी के स्वर जोड़े जाते हैं, तो यह एक मोनोक्रोमैटिक थीम के विपरीत और व्यक्तित्व को निर्दोष रूप से जोड़ता है। इसके अलावा, अंतरिक्ष के एक कायाकल्प स्वरूप और अनुभव के लिए अपनी रसोई को लटकी हुई बेलनाकार रोशनी और दीवार के बल्बों से रोशन करें।

## अपने शयनकक्ष का अधिकतम लाभ उठाएं

हम सभी चाहते हैं कि हमारे शयनकक्ष दुनिया की शरणस्थली हों और एक ऐसी जगह जहां आप शाम को नवीनीकरण करते हैं और सुबह फिर से जागते हैं। चूंकि हमारा जीवन हमारे शयनकक्षों के इर्द-गिर्द घूमता है, ये अक्सर आपकी लगभग सभी दैनिक आवश्यकताओं पर कब्जा कर लेते हैं। जबकि डिक्लटरिंग अंतरिक्ष को अधिकतम करने में मदद करता है, लेकिन हम सुझाव देते हैं कि अपने बेडरूम में सामान को ध्यान से व्यवस्थित करें। अंडर-बेड स्टोरेज कंटेनर में आउट-ऑफ-सीजन कपड़ों को स्टोर करें और कोठरी के आयोजकों में निवेश करें जो अलग-अलग प्रकार के कपड़े, एक्सेसरीज, जूते और बहुत कुछ करते हैं।

प्रत्येक कोठरी कार्यात्मक आयोजन का उपयोग कर सकती है। इसके अलावा, याद रखें कि कर्व्स वाला फर्नीचर मूल्यवान स्थान लेता है, इसलिए अपनी पसंद को सीधी रेखाओं के साथ चिकना रखें। यदि आपको भंडारण स्थान की आवश्यकता है, जो बड़े फर्नीचर प्रदान करता है, तो लंबे, पतले टुकड़े जाने का रास्ता है।

## पढ़ने के कोने के रूप में कोनों को नया स्वरूप दें

प्रकृति के नजारों और ध्वनियों का अनुभव करने के लिए, आपकी बालकनी या खिड़की के क्षेत्र से बेहतर कौन सी जगह हो सकती है? और हां, आपको अपने पढ़ने या फिर से जीवंत करने वाले कोने के लिए कोई अतिरिक्त जगह बनाने की आवश्यकता नहीं है। यह स्थान आपके कार्यस्थल, हैंगआउट जोन, किड्स प्ले एरिया और इवनिंग फैमिली गेट-टुगेदर स्पेस के रूप में भी कई भूमिकाएं निभा सकता है। मानसून के मौसम की चल रही बारिश के साथ, आसान रखरखाव वाले सजावटी लकड़ी के लिबास का विकल्प चुनें, जिसका उपयोग आपकी दीवारों पर किया जा सकता है और इन्हें ठाठ सजावट के टुकड़ों के साथ सजाना चाहिए। उदाहरण के लिए, आप एक दृश्य तेजतर्रारता प्राप्त करने के लिए धातु के फोटो फ्रेम के लिए जा सकते हैं। अंत में, मिनी प्लांटर्स से घिरे बहु-रंगीन कुशन के साथ एक पुराना गद्दा रखें जो हर किसी के मूड को तुरंत जीवंत कर सके।

## एक आसान तरीका

एक सरल लेकिन स्वच्छ कार्य केंद्र एक शांतिपूर्ण दिमाग और एक शांत आत्मा का मार्ग प्रशस्त करता है जो महामारी के बीच सर्वोच्च प्राथमिकता रखता है। इसके अलावा, बैक्टीरिया और वायरस से खुद को सुरक्षित रखने के लिए व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। खैर, चिंता न करें, क्योंकि ऐसी सतहें हैं जो ऐसा करने में आपकी मदद कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों वाले लैमिनेट्स का उपयोग दीवारों या टेबलटॉप पर किया जा सकता है। बाजार में कई ऐसे हैं जो आपके और आपके परिवार के लिए एक स्वच्छ और रोगाणु मुक्त घर बनाते हैं।

एक आसान वर्कस्टेशन प्राप्त करने के लिए, अव्यवस्था को खत्म करना और कुछ सांस लेने की जगह रखना महत्वपूर्ण है। जगह को साफ-सुथरा रखने के लिए अपने डेस्क पर जरूरी काम की स्टेशनरी और गैजेट्स की व्यवस्था करें। आप अपने रहने या खाने की जगह को अपने वर्कस्टेशन में भी बदल सकते हैं। यह न्यूनतम कार्यक्षेत्र आपको घर से काम करते हुए भी कार्य-जीवन संतुलन प्राप्त करने के लिए इष्टतम गति से काम करते हुए ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा।

**( लेखक ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की निदेशक हैं )**

# प्रतिरक्षण बनाएं मजबूत

**डॉ. अमीन नूरुल मानसून के दौरान उन छह अत्यावश्यक तत्वों की चर्चा कर रहे हैं जिन्हें हमें अपने आहार में शामिल करना चाहिए**

गर्मी की चिलचिलाती तपिश के बाद मानसून एक स्वर्गीय बनकर उपस्थित होता है, और तापमान में सुखद गिरावट से लोगों को राहत मिलती है। हालांकि, कोई भी मौसमी बदलाव अपने साथ संभावित स्वास्थ्य जोखिमों की हिस्सेदारी के बिना कभी नहीं आया है। मानसून विशेष रूप से सभी प्रकार के संक्रमणों, पाचन समस्याओं और एलर्जी के साथ आने के लिए जाना जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उच्च आर्द्रता- स्तर और धीमी पाचन प्रक्रिया के कारण इस समय हमारे प्रतिरक्षण स्तर में नाटकीय रूप से गिरावट आती है। हमें अपने खाने पर विशेष ध्यान देकर अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है ताकि हम इस मौसम का अधिकतम लाभ उठा सकें। अपने प्रियजनों को स्वास्थ्य समृद्धि का उपहार प्रदान करते हुए, अपने पेट के स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने और मौसमी बीमारियों को मात देने के लिए हमें अपनी मानसून स्वास्थ्य दिनचर्या में छह अवयवों की खोज करने के लिए पढ़ें।

### अदरक

यह हर भारतीय घर में आसानी से उपलब्ध है और मानसून में -सर्दी, जुकाम और खांसी समेत - सामान्य चिंताओं के पारंपरिक उपाय के रूप में जाना जाता है। अदरक एक अद्भुत जड़ी बूटी है जो शरीर में बढ़े हुए वायु तत्व को शांत करती है। इस औषधीय जड़ी-बूटी में मौजूद सक्रिय तत्व जिंजरोल एक एंटीऑक्सिडेंट है, जो समस्त फलों और सब्जियों में सबसे मजबूत है, जो श्वसन मार्ग के संक्रमण को रोकने में अत्यधिक प्रभावी होता है। इसके अतिरिक्त, यह शरीर की पाचन प्रक्रियाओं में सुधार के लिए बहुत अच्छा है, जो व्यक्ति को खुश करने के लिए कुछ प्रदान करता है। आप अदरक को करी और अन्य व्यंजन, चाय या किसी भी पसंद के ठंडे पेय के साथ मिलाकर ले सकते हैं। जैविक और ताजगीपूर्ण अदरक के अर्क और पूरक बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं।

### लहसुन

एक और बहुत ही सामान्य मगर शक्तिशाली तत्व , लहसुन, मेटाबोलिज्म या चयापचय को बढ़ावा देने में परम प्रभावी के रूप में प्रसिद्ध है। यह उन जबरदस्त एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर है जो आपके शरीर की प्राकृतिक प्रतिरक्षा के निर्माण में मदद करते हैं। बहुत से लोग अनेक बीमारियों से बचाव के लिए कच्चे लहसुन का सेवन करना पसंद करते हैं, लेकिन लहसुन का सेवन करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि इसे अपनी दाल और करी में शामिल करें या सॉस और गर्म सूप को मसालेदार बनाने के लिए इसके अविश्वसनीय स्वाद का उपयोग करें।

### पुदीना

हम आमतौर पर मानसून में साग को छोड़ देते हैं, हालांकि, पुदीना को बिलकुल अलग श्रेणी में माना जाता है। यह एक प्राकृतिक डिकॉन्जेस्टेंट है, जो सर्दी और फ्लू से दूर रखने में मदद करता है। इसके शीतलनकारी गुणों का सर्वोत्तम सेवन गर्म चाय, गर्म सलाद या कमरे के तापमान वाले नींबू पानी में किया जाता है।

### हल्दी

हल्दी के अपार औषधीय फायदों के बारे में भारत के बाहर ज्यादा लोग नहीं जानते हैं। हालांकि इस जड़ी बूटी का उपयोग हजारों वर्षों से आयुर्वेदिक प्रथाओं में किया जाता रहा है। हल्दी में फाइटोकेमिकल, जिसे करक्यूमिन कहा जाता है, कीटाणुओं और बैक्टीरिया से लड़ते हुए शरीर से विषाक्त पदार्थों को हटाने में अत्यधिक प्रभावी होता है। हल्दी से बेहतर कोई इम्युनिटी बूस्टर नहीं है, जो गले की खराश, फ्लू, खांसी और सर्दी को रोकने में बहुत प्रभावी ढंग से काम करता है। एंटीऑक्सिडेंट के साथ, यह औषधीय जड़ी-बूटी जलन व सूजन-रोधक लाभों में समृद्ध है और इसका उपयोग आंतरिक और बाहरी सूजन को ठीक करने के लिए भी किया जा सकता है। हल्दी भारतीय मसालों का एक बड़ा हिस्सा है इसलिए इसे हर रोज खाना पकाने में इस्तेमाल किया जा सकता है। अच्छे परिणामों के लिए, आप इसे ग्रीन टी में, या एक गिलास गर्म दूध में मिला सकते हैं, या बाजार में उपलब्ध तुलसी-हल्दी के मिश्रित पेय के रूप में भी पी सकते हैं।

### तुलसी

तुलसी या पवित्र तुलसी, जिसे जड़ी बूटियों की रानी के रूप में भी जाना जाता है, एक उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिरक्षा मॉड्यूलेटर है। फाइटोकेमिकल्स और एंटीऑक्सिडेंट के एक बड़े स्रोत के साथ पैक किया गया, यह एक मजबूत रोगाणुनाशक भी है। तुलसी के पत्तों को कच्चा चबाया जा सकता है, इसे अपनी दैनिक चाय और विभिन्न दैनिक व्यंजनों में जोड़ा जा सकता है। इसका उपयोग सलाद के स्वाद के लिए भी किया जा सकता है या कई अन्य सुगंधित व उपचार जड़ी बूटियों के साथ संयुक्त रूप से मिश्रित पेयपदार्थ के रूप में सेवन किया जा सकता है।

### शहद

अगर आपकी पाचन शक्ति कमजोर है तो शहद से बेहतर कोई दवा नहीं है। यह आसानी से पचने वाला कार्बोहाइड्रेट है जो तत्काल ऊर्जा प्रदान कर सकता है। लोग अक्सर मानसून के दौरान अपनी पाचन तंत्र संबंधी समस्याओं का अनुभव करते हैं, जिसका इलाज सिर्फ अपने आहार में शहद को शामिल करके किया जा सकता है। आप एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद के साथ दो चम्मच नींबू का रस मिलाकर खाली पेट पीने से इसके बेहतरीन लाभ प्राप्त कर सकते हैं.... और आप यह भूल सकते हैं कि आपका पाचन तंत्र कभी खराब भी हुआ था।

**- लेखक आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित स्वास्थ्य सुधार कंपनी, ऑर्गेनिक इंडिया में प्राकृतिक चिकित्सक हैं।**

# सावन का पहला सोमवार आज



**सावन** सोमवार व्रत का शिव पुराण में काफी महत्व बताया गया है। सावन का महीना करीब आते ही श्रद्धालुजन यह देखने लगते हैं कि सावन के सोमवार को व्रत कब से शुरू करना सही होगा।

शास्त्रों में सावन सोमवार व्रत शुरू करने के दो समय बताए है। एक संक्रांति के हिसाब से और दूसरा पूर्णिमा के हिसाब से। कुछ श्रद्धालु सूर्य के कर्क राशि में आने के बाद जो सोमवार पहले आता है उस दिन से सावन के सोमवार का व्रत करते है। सावन यानि श्रावण का महीना शुरू हो गया है। इस महीने का शिवभक्तों को इंतजार रहता है। पंचांग के अनुसार 25 जुलाई 2021, रविवार से श्रावण यानि सावन मास शुरू हो गया है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार सावन से पहले आषाढ़ का महीना चल रहा था, जिससे चौथा महीना भी कहा जाता है। आषाढ़ का महीना पंचांग के अनुसार 24 जुलाई शनिवार को समाप्त हो गया। पूर्णिमा की तिथि को आषाढ़ मास का समापन होता है। इस दिन गुरू पूर्णिमा का पर्व भी होता है। हिंदू धर्म में आषाढ़ पूर्णिमा का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन गुरुजनों की पूजा की जाती है।

## श्रावण मास

पंचांग के अनुसार 25 जुलाई, रविवार से श्रावण मास यानि सावन का महीना शुरू हो गया है। इस दिन श्रावण मास की प्रतिपदा तिथि है। इसके अगले दिन यानि 26 जुलाई 2021 को, सावन का पहला सोमवार है। श्रावण मास को हिंदू कैलेंडर के अनुसार 5वां महीना माना गया है। श्रावण मास का अंतिम सोमवार 16 अगस्त को है।

## सावन मास का महत्व

शास्त्रों में सावन के महीने को बहुत ही पवित्र महीना बताया गया है। सावन के महीने में भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। ये संपूर्ण मास भगवान शिव को समर्पित है। सावन मास के प्रत्येक सोमवार को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन भगवान शिव की पूजा और अभिषेक करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। सावन में भगवान शिव अपने भक्तों को विशेष कृपा प्रदान करते हैं। इसीलिए सावन के महीने को पूजा पाठ के लिए उत्तम मास माना गया है।

### सावन सोमवार

- पहला सावन सोमवार व्रत: 26 जुलाई 2021
- दूसरा सावन सोमवार व्रत: 2 अगस्त 2021
- तीसरा सावन सोमवार व्रत: 9 अगस्त 2021
- चौथा सावन सोमवार व्रत: 16 अगस्त 2021

## भोलेनाथ को प्रिय है बेलपत्र

सावन माह प्रारंभ हो गया है। यह महीना भगवान शिव को प्रिय होता है। इस महीने भगवान शिव की आराधना विधि-विधान से की जाती है। मान्यता के अनुसार, इस महीने भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक और विधि-विधान से पूजा करने से जातकों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पूजा में शिवजी की प्रिय चीजें अर्पित की जाती हैं और इन्हीं में से बेलपत्र शामिल है। बेल पत्र भोलेनाथ को प्रिय है। बेल वृक्ष की उत्पत्ति के संबंध में ‘स्कंदपुराण’ में एक कथा है कि एक बार देवी पार्वती ने अपने ललाट से पसीना पोंछकर फेंका, जिसकी कुछ बूंदें मंदार पर्वत पर गिरीं, जिससे बेल वृक्ष की उत्पत्ति हुई। इस वृक्ष की जड़ों में गिरिजा, तना में महेश्वरी, शाखाओं में दक्षयायनी, पत्तियों में पार्वती, फूलों में गौरी का वास माना गया है। कहते हैं इसी कारण शिवजी को बेलपत्र प्रिय है। लेकिन जटाधारी को बेलपत्र अर्पित करते समय कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है।



भगवान शिव को बेलपत्र अर्पित करते समय सबसे पहले बेलपत्र की दिशा का ध्यान रखना जरूरी होता है। भगवान शिव को हमेशा उल्टा बेलपत्र यानी चिकनी सतह की तरफ वाला भाग स्पर्श कराते हुए ही बेलपत्र चढ़ाएं।

जब आप भगवान शिव को बेलपत्र चढ़ाते हैं तो बेलपत्र को हमेशा अनामिका, अंगूठे और मध्यमा अंगुली की मदद से चढ़ाएं। शिव जी को बिल्वपत्र अर्पण करने के साथ-साथ जल की धारा जरूर चढ़ाएं।

बेलपत्र की तीन पत्तियों वाला गुच्छा भगवान शिव को चढ़ाया जाता है और माना जाता है कि इसके मूलभाग में सभी तीर्थों का वास होता है। बेलपत्र की तीन पत्तियां ही भगवान शिव को चढ़ती है। कटी-फटी पत्तियां कभी न चढ़ाएं।

बेलपत्र कभी अशुद्ध नहीं होता है। पहले से चढ़ाया हुआ बेलपत्र भी फिर से धोकर चढ़ाया जा सकता है।

कुछ तिथियों को बेलपत्र तोड़ना वर्जित होता है। जैसे कि चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी और अमावस्या को, संक्रांति के समय और सोमवार को बेल पत्र नहीं तोड़ना चाहिए। ऐसे में पूजा से एक दिन पूर्व ही बेल पत्र तोड़कर रख लिया जाता है।